सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 03 मार्च, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 61, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## कंपनियों की पूंजी 3.09 लाख करोड़ घटी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ के बाजार मूल्यांकन में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 3,09,244 .57 करोड़ की गिरावट आई। } 14

## मादक पदार्थ तस्करों को दंडित कर रही सरकार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार मादक पदार्थ तस्करों को दंडित करने में कोई कसर नही छोड़ रही है। } 16



# इजराइल ने गाजा पट्टी में राहत सामग्री की आपूर्ति रोकी

एजेंसी

तेल अवीव। इजराइल ने रविवार को गाजा पट्टी में सभी तरह की राहत सामग्री की आपूर्ति और मानवीय सहायता पर रोक लगाने के साथ चेतावनी दी कि यदि हमास ने संघर्ष विराम के विस्तार के लिए अमेरिकी प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया तो उसे अतिरिक्त परिणामै भुगतने होंगे।

हमास ने इजराइल पर नाजुक संघर्ष विराम समझौते को पटरी से उतारने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सहायता बंद करने का उसका फैसला जबरन वसूली का घटिया हथकंडा, युद्ध अपराध और (संघर्ष विराम) समझौते पर हमला है। यह समझौता जनवरी में हुआ था।



इजराइल-हमास के बीच संघर्ष विराम का पहला चरण शनिवार को समाप्त हो गया। इसमें मानवीय सहायता में वृद्धि शामिल थी। दोनों पक्षों के बीच अभी दूसरे चरण पर बातचीत होनी बाकी है, जिसमें इजराइल के अपनी सेना वापस बुलाने और स्थायी युद्ध विराम के बदले में हमास दर्जनों शेष बंधकों को रिहा करेगा। एक इजराइली अधिकारी ने नाम न बताने ...शेष पृष्ठ 14 पर

# भारत की फिरकी में फंसे कीवी, रोमांचक जीत

## वरुण ने पहले ही मैच में चटकाये पांच विकेट, बने मैन ऑफ द मैच

एजेंसी



दुबई। स्पिनर वरुण चक्रवर्ती के दमदार प्रदर्शन से भारत ने ग्रुप ए के अंतिम मुकाबले में न्यूजीलैंड को 44 रनों से हराया। भारत का ग्रुप चरण में अजेय अभियान जारी रहा और टीम ने तीनों मैच जीतकर ग्रुप ए में शीर्ष पर रहते हुए इस चरण का अंत किया। भारत का सामना अब सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से चार मार्च को दुबई में होगा। ऑस्ट्रेलिया की टीम ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर रही थी।

वहीं, एक अन्य सेमीफाइनल में पांच मार्च को न्यूजीलैंड की भिड़ंत दक्षिण अफ्रीका से लाहौर में होगी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रेयस अय्यर की अर्धशतकीय पारी के दम पर 50 ओवर में नौ विकेट पर 249 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए केन विलियमसन ने 81 रन बनाए, लेकिन न्यूजीलैंड की टीम 45.3 ओवर में 205 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत के लिए वरुण ने शानदार प्रदर्शन किया और 10 ओवर में 42 रन देकर पांच विकेट झटके और मैन ऑफ द मैच बने। वरुण का चैंपियंस ट्रॉफी में यह पहला ही मैच था और वह चमक बिखेरने में सफल रहे। हेनरी ने आठ ओवर में 42 रन देकर पांच विकेट लिये। उन्हें टीम के दूसरे गेंदबाजों अच्छा साथ मिला। न्यूजीलैंड के लिए काइल जैमीसन, विलियम ओ राउरकी, कप्तान मिचेल सेंटनर और रचिन रविंद्र ने एक-एक विकेट लिये। न्यूजीलैंड के क्षेत्ररक्षकों ने कुछ कमाल के कैच पकड़ने के साथ अहम रन बचाये। भारत ने शुरुआती सात ओवर में 30 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन अय्यर ने 98 गेंद की पारी में चार चौके और दो छक्के की मदद से 79 रन की संयमित पारी खेलने के अलावा अक्षर पटेल (42) के साथ चौथे विकेट के लिए 136 गेंद में 98 रन की साझेदारी कर टीम को खराब शुरुआत से उबारा। (संबंधित खबर पेज 15 पर)

## संक्षेप

### मौलवी पर केस दर्ज

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के जहानाबाद थाना क्षेत्र में एक मस्जिद में प्रशासन की अनुमति के बिना लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करने के आरोप में एक मौलवी पर रविवार को मुकदमा दर्ज किया गया। जहानाबाद के थानाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि थाने में तैनात उपनिरीक्षक वरुण की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि शनिवार दोपहर काजीटोला स्थित एक मस्जिद में नमाज के दौरान लाउडस्पीकर का इस्तेमाल किया जा रहा था। मिश्रा ने कहा कि मौलवी अशफाक को 25 फरवरी को ही उच्चतम न्यायालय और शासन के आदेशों से अवगत करा दिया गया था, जिनके मुताबिक सक्षम ...शेष पृष्ठ 14 पर

### करंट लगने से दो मजदूरों की मौत

आजमगढ़ (उप्र)। आजमगढ़ जिले के बरदह क्षेत्र में हाई टेंशन तार की चपेट में आने से बारात में बग्घी के साथ चल रहे दो मजदूरों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और दूल्हा बेहोश हो गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी थी। शनिवार रात को हुई इस घटना से बारात में भगदड़ मच गई। पुलिस ने गबताया कि मेहनगर थाना क्षेत्र के कुसमीलिया गांव से बारात बरदह थाना क्षेत्र के भैसकुर गांव आनी थी। उसने बताया कि रास्ते में बारातियों के नाश्ता करने के बाद दूल्हा बग्घी पर बैठा जिसके बाद बारात भैसकुर गांव के लिए आगे बढ़ी। उसने बताया कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सड़क हादसों पर लगाम कसेगी सरकार

## उत्तर प्रदेश के सभी एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ अस्पताल की व्यवस्था करें : योगी

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के सभी एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ फूड प्लाजा की तरह अस्पताल की भी व्यवस्था करें। आधिकारिक बयान के मुताबिक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस बैठक में संबंधित विभागों के मंत्री, शासन स्तर के अधिकारी, सभी मंडलों के मंडलायुक्त, सभी जनपदों के जिलाधिकारी, पुलिस आयुक्त और पुलिस अधीक्षक (एसपी) मौजूद रहे। सड़क दुर्घटनाओं के वार्षिक आंकड़ों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 में उत्तर प्रदेश में 46,052 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें कुल 34,600 लोग घायल हुए और 24 हजार से अधिक मौतें हुईं। उन्होंने कहा कि ये आंकड़े बेहद दुखद हैं और इनमें हर हाल में कमी लानी होगी। योगी ने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी विभाग आपसी समन्वय एवं सामूहिक प्रयासों के जरिये सड़क दुर्घटनाओं की घटनाओं पर अंकुश लगाएं और प्रदेश के सभी मार्गों पर ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर उन्हें ठीक कराएं। मुख्यमंत्री ने सड़क हादसों में घायल लोगों के इलाज के विषय में चिंता जाहिर करते हुए कहा कि सभी एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ फूड प्लाजा की तरह अस्पताल की व्यवस्था करें। साथ ही सभी मंडल मुख्यालयों के अस्पतालों में ट्रामा सेंटर, एंबुलेंस और प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती भी सुनिश्चित की जाए। योगी ने कहा कि वर्ष 2024 में प्रदेश के 75 जनपदों में हुई दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा 20 जनपदों-हरदोई, मथुरा, आगरा, लखनऊ, बुलंदशहर, कानपुर नगर, प्रयागराज, सीतापुर, उन्नाव, बाराबंकी, लखीमपुर-खीरी, बरेली, अलीगढ़, गौतमबुद्धनगर, शाहजहांपुर, गोरखपुर, कुशीनगर, बदायूं, मेरठ और बिजनौर में जनहानि हुई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़क हादसों में हुए कुल मौतों में 42 प्रतिशत इन जनपदों में दर्ज की गईं। उन्होंने मौतों को नियंत्रित करने के लिए दुर्घटना के कारकों को खोजने एवं लोगों में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह आवश्यक है कि जनपद स्तर पर प्रत्येक माह एवं मंडल स्तर पर त्रैमासिक मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक अनिवार्य रूप से हो। योगी ने कहा कि तेज रफ्तार से वाहन चलाना, नशे में वाहन चलाना, गलत दिशा में वाहन चलाना, सिग्नल तोड़ना और मोबाइल फोन का इस्तेमाल सड़क दुर्घटना घटित होने के मुख्य कारक हैं, जिन्हें लेकर लोगों में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग और उच्च शिक्षा विभाग अपने स्कूल-कॉलेज में सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न गतिविधियों को आयोजित कर जागरूकता फैलाएं।

# पूर्व सेबी प्रमुख बुच समेत पांच पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश

एजेंसी



मुंबई। एक विशेष अदालत ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को शेयर बाजार में कथित धोखाधड़ी और विनियामकीय उल्लंघन के संबंध में शेयर बाजार नियामक सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया है।

मुंबई स्थित विशेष एसीबी अदालत के न्यायाधीश शशिकांत एकनाथराव बांगर ने शनिवार को पारित आदेश में कहा, प्रथम दृष्टया विनियामकीय चूक और मिलीभगत के सबूत हैं, जिसकी निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है। अदालत ने कहा कि वह जांच की निगरानी करेगा और 30 दिनों के भीतर (मामले की) स्थिति रिपोर्ट मांगी गई है। अदालत ने आदेश में यह भी कहा है कि आरोपों से संज्ञेय अपराध का पता चलता है, जिसके लिए जांच जरूरी है। इसमें कहा गया है कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की निष्क्रियता के कारण सीआरपीसी (आपराधिक प्रक्रिया संहिता) के प्रावधानों के तहत न्यायिक हस्तक्षेप की जरूरत है। बुच के अलावा जिन अन्य अधिकारियों के खिलाफ अदालत ने एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है, उनमें बीएसई के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदररामन राममूर्ति, इसके तत्कालीन चेयरमैन और जनहित निदेशक प्रमोद अग्रवाल और सेबी के तीन पूर्णकालिक सदस्य अश्विनी भाटिया, अनंत नारायण जी और कमलेश चंद्र वार्ष्णेय शामिल हैं। शिकायतकर्ता सपन श्रीवास्तव, जो एक मीडिया रिपोर्टर हैं, ने कथित अपराधों की जांच की मांग की थी, जिसमें बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी, ...शेष पृष्ठ 14 पर

# रेस्क्यू अभियान पूरा, 55 श्रमिकों में 8 की मौत

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। चमोली जनपद के माणा में ग्लेशियर खिसकने से आई भीषण आपदा का रेस्क्यू अभियान आज तीसरे दिन पूर्ण हो गया। कंटेनरों में फंसे 55 लोगों में आठ श्रमिकों की दुखद मृत्यु हो गई है, जबकि गम्भीर रूप से घायल दो को एम्स ऋषिकेश में और

> ❍ मृतकों में चार उत्तर प्रदेश, दो उत्तराखंड व दो हिमाचल प्रदेश के



44 श्रमिकों को ज्योतिर्मठ के आर्मी अस्पताल में उपचार चल रहा है। मृतकों में चार उत्तर प्रदेश से, दो उत्तराखंड से एवं दो हिमाचल प्रदेश के श्रमिक हैं। एक श्रमिक स्वत ही सकुशल हिमाचल प्रदेश में स्थित अपने घर पहुंच गया है।

जानकारी के अनुसार रविवार को सुबह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने माणा में हिमस्खलन की चपेट में आए लापता 04 श्रमिकों की तलाश के लिए युद्धस्तर पर खोज और बचाव अभियान संचालित करने तथा मौसम विभाग की ओर से 03 मार्च से मौसम के दोबारा खराब होने की चेतावनी के दृष्टिगत रविवार को हर हाल में लापता श्रमिकों को ट्रेस करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने सुरक्षित रेस्क्यू किए गए 46 श्रमिकों के उपचार की समुचित व्यवस्था करने तथा उनकी जरूरतों का पूरा ख्याल रखने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से खोज एवं बचाव अभियान की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि मौसम विभाग ...शेष पृष्ठ 14 पर

# ब्रिटेन, फ्रांस और यूक्रेन युद्ध विराम योजना पर सहमत

## रूस-यूक्रेन युद्ध:यह योजना चार देशों के नेताओं के बीच बातचीत के बाद सामने आयी : ब्रिटिश प्रधानमंत्री

एजेंसी



लंदन। ब्रिटेन, फ्रांस और यूक्रेन एक युद्धविराम योजना पर काम करने के लिए सहमत हो गए हैं, जिसे अमेरिका के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने यह जानकारी दी।

स्टॉर्मर ने कहा कि यह योजना चार देशों के नेताओं के बीच बातचीत के बाद सामने आई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच ओवल ऑफिस (अमेरिका के राष्ट्रपति का कार्यालय) में हुई तीखी बहस के एक दिन बाद यह योजना सामने आई है। प्रधानमंत्री ने बीबीसी को बताया कि उनका मानना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति यूक्रेन में स्थायी शांति चाहते हैं। उन्होंने अपना यह दावा दोहराया कि इसे कायम रखने के लिए अमेरिकी सुरक्षा गारंटी की आवश्यकता होगी। स्टॉर्मर यूक्रेन पर चर्चा के लिए रविवार को लंदन में यूरोपीय नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे हैं। यह यूक्रेन में शांति की संभावना को आगे बढ़ाने वाले एक सप्ताह तक चले कूटनीति प्रयासों का दौर था। लेकिन, रविवार को यूरोपीय नेताओं के शिखर सम्मेलन में ओवल ऑफिस की घटना छाई रही। जब ट्रंप और अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ओवल ऑफिस में जेलेंस्की पर अमेरिकी समर्थन के प्रति पर्याप्त रूप से आभारी न होने का आरोप लगाया था। इसका सीधे टीवी पर प्रसारण हो रहा था। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने कहा कि वह यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध को समाप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प हैं। स्टॉर्मर ने कहा कि हमारे पास यूक्रेन में न्यायपूर्ण और स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए एक साथ आने का अवसर है, जो उनकी संप्रभुता और सुरक्षा को सुनिश्चित करेगा। अब समय आ गया है कि हम यूक्रेन के लिए सर्वोत्तम परिणाम की गारंटी देने, यूरोपीय ...शेष पृष्ठ 14 पर

### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:20 | 4:54 | 6:10 | 5:06 |



### आज का मौसम

अधिकतम : 31.06 डिसे.
न्यूनतम : 16.04 डिसे.

### भीतर पढ़ें

❍ लाभ में हैं 44 जिला सहकारी बैंक : जेपीएस राठौरभाजपा (पृष्ठ-02)
❍ प्राकृतिक खेती के विकास की बुनियाद बनेंगे गोवंश(पृष्ठ-02)
❍ महंगाई के हिसाब से नियमित कर्मचारियों का वेतन नहीं(पृष्ठ-14)
❍ वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा (पृष्ठ-14)
❍ भारत का खुदरा क्षेत्र 2034 तक 190 लाख करोड़ का होगा (पृष्ठ-14)

विशेष खबर — जिसे बोलते और समझते हैं लोग, उस भाषा में अध्ययन और अध्यापन की नहीं है कोई सुविधा

# अपनी भाषा में पढ़ नहीं पा रही दुनिया की 40 प्रतिशत आबादी

एजेंसी



नयी दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की वैश्विक शिक्षा निगरानी (जीईएम) टीम के अनुसार, वैश्विक आबादी में 40 प्रतिशत लोगों के पास उस भाषा में शिक्षा हासिल करने की सुविधा नहीं है, जिसे वे बोलते या समझते हैं।

विभिन्न देशों में घरेलू भाषा की भूमिका के बारे में समझ बढ़ने के बावजूद, नीतिगत पहल सीमित बनी हुई है। टीम के अनुसार इस मामले में घरेलू भाषाओं का उपयोग करने की शिक्षकों की सीमित क्षमता, घरेलू भाषाओं में पाठ्य सामग्री की अनुपलब्धता और सामुदायिक विरोध जैसी कुछ चुनौतियों में शामिल हैं। कुछ निम्न और मध्यम आय वाले देशों में यह आंकड़ा 90 प्रतिशत तक है। जीईएम अधिकारियों ने कहा कि 25 करोड़ से अधिक शिक्षार्थी इससे प्रभावित हैं। उन्होंने राष्ट्रों से बहुभाषी शिक्षा नीतियां और तौर-तरीके लागू करने की सिफारिश की, जिसका लक्ष्य सभी शिक्षार्थियों को लाभ पहुंचाने वाली शैक्षिक प्रणाली बनाना हो। टीम ने लैंग्वेज मैटर्स: ग्लोबल गाइडेंस ऑन मल्टीलिंग्वल एजुकेशन नामक रिपोर्ट पेश की है, जिसमें कहा गया है कि प्रवास बढ़ने के साथ-साथ भाषायी विविधता एक वैश्विक वास्तविकता बनती जा रही है और विभिन्न भाषाई पृष्ठभूमि वाले शिक्षार्थियों वाली कक्षाएं अधिक आम होती जा रही हैं। 3.1 करोड़ से अधिक विस्थापित युवा शिक्षा में भाषा संबंधी बाधाओं का सामना कर रहे हैं। यह रिपोर्ट 25वें अंतराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर संकलित की गई है। इस मौके पर मातृभाषाओं के उपयोग को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए किए गए समर्पित प्रयासों का जश्न मनाया गया। जीईएम टीम के एक वरिष्ठ सदस्य ने को बताया कि आज वैश्विक स्तर पर 40 प्रतिशत लोग उस भाषा में शिक्षा प्राप्त नहीं कर पा रहे जिसे वे धाराप्रवाह बोलते और समझते हैं। कुछ निम्न व मध्यम आय वाले देशों में यह आंकड़ा 90 प्रतिशत तक पहुंच जाता है। इससे एक अरब से अधिक विद्यार्थी प्रभावित हैं।

# सड़क हादसों में 10 की मौत, 13 घायल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। आगरा, मुरादाबाद, गोंडा और हमीरपुर जिले में हुए सड़क हादसे में एक बच्ची समेत दस लोगों की मौत हो गई जबकि 13 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

आगरा जिले के कागारौल इलाके में दो मोटरसाइकिल की टक्कर होने से पांच लोगों की मौत हो गई तथा एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक, सैंया इलाके के रहने वाले चार लोग भगवान दास (35), वकील (35), राम स्वरूप (28) और सोनू (30) एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर शादी समारोह में गए थे। चारों लोग शनिवार रात करीब 10 बजे लौट रहे थे तभी रास्ते में कागारौल इलाके में उनकी मोटरसाइकिल सामने से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल से टकरा गई। इस घटना में चारों लोगों की मौत हो गई। वहीं, दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार करन (17) की भी मौत हो गई। किशनवीर नामक एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। किशनवीर का एक निजी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। उसकी भी हालत बेहद नाजुक बतायी गई है।

मुरादाबाद जिले में बरेली बाईपास पर कल्याणपुर के नजदीक रविवार सुबह खराब ट्रक को धक्का मार रहे मजदूरों को एक अन्य ट्रक ने कुचल दिया। दुर्घटना में तीन मजदूरों की मौत हो गई जबकि ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अपनों से पुनर्मिलन का संगम बना प्रयागराज महाकुम्भ

## महाकुम्भ में रंग लाई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल, डिजिटल खोया-पाया केंद्र ने 35 हजार से अधिक बिछड़ों का कराया पुनर्मिलन

विशेष संवाददाता (vol)




**प्रयागराज।** महाकुम्भ 2025 अपने दिव्य ,भव्य और सुव्यवस्थित स्वरूप के साथ 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व उपस्थिति से ऐतिहासिक आयोजन बन गया। संगम

- **अपनों से मिलाये गये मेले में बिछड़े हुए 50 हजार से ज्यादा लोग**
- **निजी संस्थाओं का भी मिला सहयोग, भूले भटके शिविरों ने 19 हजार से अधिक महिला, पुरुष और 18 बच्चों को अपनों से मिलाया**
- **महाकुम्भ के आखिरी दिन तक मिलाये गयें, बिछड़े हुए लोग, बिछड़ों की सतत ट्रैकिंग कर मिलन कराया गया सुनिश्चित**

के तट पर आयोजित प्रयागराज महाकुम्भ में144 साल बाद बने पुण्य संयोग में देश दुनिया से श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ा।इस जन सैलाब के कारण कई लोग कुछ पलों के लिए अपनों से बिछड़ गए, लेकिन योगी सरकार की दूरदर्शिता और बिछड़ों को अपनों से मिलाने के लिए किए गए प्रयासों की मदद से महाकुम्भ के इस विराट मेले में कुल 54,357 लोगों को उनके परिवारों से मिलाने में सफलता मिली है।इनमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। यही नहीं पुलिस द्वारा देश के विभिन्न राज्यों और नेपाल से आए श्रद्धालुओं का उनके परिवारों से सफलतापूर्वक पुनर्मिलन कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।

**पुनर्मिलन का साक्षी बना प्रयागराज महाकुम्भ :** इस दिव्य आयोजन को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रदेश की योगी सरकार ने कई अनुकरणीय पहल कीं, जो उपयोगी साबित हुईं। इस बार महाकुम्भ में खोए हुए लोगों को शीघ्रता से उनके परिवारों से मिलाने के लिए योगी सरकार ने डिजिटल खोया-पाया केंद्रों की स्थापना की। महाकुम्भ में इनसे 35 हजार से श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाने का कार्य किया गया। अमृत स्नान पर्व मकर संक्रांति पर्व (13, 14 और 15 जनवरी) को खोए हुए 598 श्रद्धालु, मौनी अमावस्या के दौरान (28, 29 और 30 जनवरी) 8725 लोगों और बसंत पंचमी (2, 3 और 4 फरवरी) को डिजिटल खोया-पाया केंद्र की मदद से 864 लोगों को उनके परिवारों से मिलवाया गया।इसके अलावा अन्य स्नान पर्वों और सामान्य दिनों में खोए हुए 24,896 लोगों का भी उनके परिवारों के साथ पुनर्मिलन कराया गया। इस तरह महाकुम्भ के समापन पर 35,083 लोगों को उनके परिजनों से मिलाया गया।

**निजी संस्थाओं ने भी किया पूरा सहयोग :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर संपूर्ण महाकुम्भ क्षेत्र में 10 डिजिटल खोया-पाया केंद्र स्थापित किए गए। इनमें अगर अत्याधुनिक एआई आधारित चेहरा पहचान प्रणाली, मशीन लर्निंग और बहुभाषीय समर्थन जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं का संगम देखने को मिला तो वहीं गैर सरकारी सामाजिक संस्थाओं के प्रयास में मानवता और सेवा का अद्भुत मेल देखने को मिला। इनमें सबसे पुराना भारत सेवा केंद्र एवं हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति भी शामिल हैं। भारत सेवा केंद्र के भूले भटकों के शिविर के संचालक उमेश चंद्र तिवारी के मुताबिक, महाकुम्भ के समापन तक शिविर ने 19,274 बिछड़े महिला और पुरुष को अपनों से मिलाया। इसके अलावा कुम्भ मेले में बिछड़ गए सभी 18 बच्चों को भी उनके परिजनों से मिलाया गया। शिविर के माध्यम से न सिर्फ खोए हुए लोगों को खोजा गया, बल्कि उनके घरों तक पहुंचाने में भी मदद की गई।

**समापन के आखिरी दिन तक होता रहा पुनर्मिलन :** महाकुम्भ के आखिरी स्नान पर्व महा शिवरात्रि तक खोया पाया केंद्रों और भूले भटके शिविरों में मेले में बिछड़ गए लोगों को उनके अपनों से मिलाने की प्रक्रिया पूरी हो गई।

खोया पाया केंद्र विशेष रूप से कारगर रहे। उन्होंने न सिर्फ बिछड़े लोगों का परिजनों से मिलन कराया, बल्कि बिछड़े लोगों की ट्रैकिंग भी की और जब तक वो परिवार से मिल नहीं गए तब तक प्रक्रिया को रिपीट किया गया। मुजफ्फरपुर धरकरी बिहार के कपलेश्वर साहनी की सास कृष्णा देवी को केंद्र ने आखिरी दिन परिजनों से मिलाया। इसी तरह रायपुर छत्तीसगढ़ के बृजलाल चौहान की पत्नी की जंगी देवी भी अपने घर पहुंच गईं। नेपाल के बांके जिला जगजन्नन धारू के खोने की शिकायत उनके बेटे मनोज थारू ने लिखाई थी, लेकिन मनोज थारू का मोबाइल बंद मिला। इसी तरह सप्तरी नेपाल के सीताराम शाह ने पत्नी बिंदी के खो जाने की शिकायत दर्ज की थी, लेकिन सीताराम शाह ने जो मोबाइल नंबर शिकायत में दर्ज कराया वह गलत निकला। खोया पाया केंद्र की इस पहल से हर कोई संतुष्ट नजर आया और परिजनों के मिलने पर सभी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताना नहीं भूले।

## महाकुंभ में स्नान के समय कैटरीना का वीडियो बनाने को रवीना टंडन ने घिनौना बताया

नयी दिल्ली/ लखनऊ। महाकुंभ में स्नान के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ का वीडियो बनाने वाले को आड़े हाथों लेते हुए अभिनेत्री रवीना टंडन ने कहा कि यह हरकत बेहद घिनौनी है। रवीना ने कहा कि यह अभिनेत्री के लिए सुकून का पल था, लेकिन इस तरह की हरकतों ने इसे खराब कर दिया। छावा स्टार विक्की कौशल से विवाहित कैटरीना 24 फरवरी को अपनी सास वीना कौशल के साथ प्रयागराज गई थीं। रवीना भी उसी दिन प्रयागराज में थी तथा अपनी बेटी राशा थडानी और कैटरीना के साथ शाम की आरती समारोह में शामिल हुईं। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक कथित वीडियो में, एक व्यक्ति को स्नान के समय कैटरीना को वीडियो बनाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में वह व्यक्ति कह रहा है, ये मैं हूं, ये मेरा भाई है और ये कैटरीना कैफ। शनिवार को एक मनोरंजन समाचार पोर्टल द्वारा इंस्टाग्राम पर इसी वीडियो को साझा किया गया, जिस पर रवीना ने टिप्पणी की, यह घिनौना है। इस तरह के लोग एक ऐसे पल को खराब कर देते हैं जो शांतिपूर्ण और सार्थक होना चाहिए। उपयोगकर्ताओं के एक वर्ग ने पुरुषों को उनके शर्मनाक व्यवहार के लिए भी आड़े हाथों लिया।

# यूपी रोडवेज सेवा, 3.25 करोड़ श्रद्धालुओं को पहुंचाया गंतव्य

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रयागराज में त्रिवेणी के तट पर आयोजित हुए आस्था के जन समागम महाकुम्भ में यूपीएसआरटीसी

- **महाकुम्भ में यूपी रोडवेज ने 8750 बसों का किया संचालन**
- **1.25 करोड़ श्रद्धालुओं को शहर की विभिन्न पार्किंग स्थल से पहुंचाया महाकुम्भ मेला क्षेत्र**
- **शटल बसों ने महाकुम्भ के दौरान 17 दिन श्रद्धालुओं को दी निःशुल्क सेवा : दयाशंकर**

श्रद्धालुओं के लिए सारथी साबित हुई। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ- 2025 के प्रथम स्नान पर्व मकर संक्रांति से अंतिम स्नान पर्व महा शिवरात्रि तक निगम बसों और शटल बस सेवा ने आगंतुकों को महाकुम्भ लाने और वापस उनके गंतव्य तक पहुंचाने में बढ़ चढ़कर योगदान दिया।



परिवहन मंत्री ने बताया कि प्रयागराज महाकुम्भ में 66.33 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी मे पुण्य की डुबकी लगा कर इतिहास बना दिया। यूपीएस आरटीसी ने इन श्रद्धालुओं को सकुशल सुव्यवस्थित उनके गंतव्य तक पहुंचाने में पूरी तन्मयता से लगा रहा। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ में यूपीएसआरटीसी ने 3.25 करोड़ लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया। इसके लिए प्रदेश के सभी रूटों के लिए बसों का पूरा इंतजाम किया गया था। महाकुम्भ के दौरान 8750 बसों का संचालन यूपीएसआरटीसी ने कर एक रिकॉर्ड बनाया। वैसे महा कुम्भ के विभिन्न स्नान पर्वों में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या के अनुमान के मुताबिक इनकी संख्या तय की गई थी जिसमे मौनी अमावस्या में सबसे अधिक 8750 बसों का संचालन किया गया।परिवहन मंत्री ने बताया कि महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के महा कुम्भ क्षेत्र तक पहुंचाने के लिए निगम बस सेवा के अलावा शटल बस सेवा की अहम भूमिका रही। उन्होंने बताया कि शहर के चारो तरफ बनाए गए अस्थाई बस स्टेशन में जहां निगम बसों का बेड़ा तत्पर रहा है तो वहीं इन अस्थाई बस स्टेशन से महाकुम्भ के नजदीक के स्थानों तक श्रद्धालुओं को पहुंचाने के लिए 750 शटल बसें निरंतर सेवा में लगी रहीं हैं। शटल सेवा ने 45 दिनों तक चले इस महाकुंभ में 1.25 करोड़ लोगों को पार्किंग स्थल से महा कुम्भ के नजदीकी स्थान तक पहुंचाया।

परिवहन मंत्री ने बताया कि महाकुम्भ में उमड़े जन सैलाब को देखते हुए बसों और चार पहिया वाहनों को शहर के बाहर पार्किंग में खड़ा करना यातायात योजना का हिस्सा था। पार्किंग स्थल से कुम्भ क्षेत्र तक लाने में जुटी रही शटल बस सेवा निरंतर इस कार्य में लगी रही। प्रमुख स्नान पर्वों के समय इस सेवा को निःशुल्क कर दिया गया। महा कुम्भ के दौरान कुल 17 दिनों तक शटल ने निःशुल्क अपनी सेवा श्रद्धालुओं को प्रदान की।

# लाभ में हैं 44 जिला सहकारी बैंक : जेपीएस राठौर




**लखनऊ।** चौधरी चरण सिंह सभागार, विधानसभा मार्ग लखनऊ। जिला सहकारी बैंक लखनऊ की सामान्य वार्षिक निकाय बैठक वीरेन्द्र प्रताप सिंह चेयरमैन जिला सहकारी बैंक लखनऊ/ प्रदेश अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष संघ उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि जे पी एस राठौर मंत्री सहकारिता उत्तर प्रदेश सरकार, विशिष्ट अतिथि पंकज सिंह विधायक, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा, जितेंद्र बहादुर सिंह सभापति उत्तर प्रदेश कोपरेटिव बैंक लखनऊ, वीरेन्द्र तिवारी, पूर्व सभापति, योगेश शुक्ला विधायक, अमरेश रावत विधायक, भिखारी सिंह, दिनेश तिवारी पूर्व सभापति जिला सहकारी बैंक लखनऊ सहित बोर्ड के सभी डायरेक्टर उपस्थित रहे।

दीप प्रज्वलन, महापुरुषों की पुष्पांजलि बाद आए अतिथियों का अंगवस्त्र, पुष्प गुच्छ व प्रतीक चिन्ह से स्वागत अभिनंदन किया गया। अध्यक्षीय भाषण में सभापति वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी अतिथि, जनप्रतिनिधि, डेलीगेट्स, मीडिया, पत्रकारों का स्वागत कर बताया कि जिला सहकारी बैंक 20 शाखा के माध्यम से समाज , गरीब , किसान, व्यापारी, मजदूर की अत्यन्त कम 3% ब्याज दर ऋण उपलब्ध करा रही है। वर्तमान में बैंक पिछले बार से 3गुना से अधिक लाभ पर है और सभी शाखाएं भी लाभ पर हैं। हम 82बी पैक्स के माध्यम से गांव, गरीब, किसान, व्यापारी मजदूर को खाद बीज, रासायनिक कीटनाशक दवाएं सहित दुग्ध, मत्स्य, कुटीर उद्योग, वाहन, गृह ऋण सबसे सस्ती दर पर दे रहे हैं। जेपीएस राठौर मंत्री सहकारिता ने बताया कि उत्तर प्रदेश की पूर्व सरकारों ने सहकारिता को बेइमानी, लुट का केन्द्र बनाया था और 50में 16 जिला सहकारी बैंक बंद होने की स्थिति में थे। आज योगी सरकार के प्रयास से 44 बैंक लाभ पर हैं और 50 शाखाएं सेवा दे रहे हैं। मार्च 2025 में सभी 50बैंक लाभ की स्थिति में होंगे। पंकज सिंह ने जिले की सभी बैंक की वित्तीय स्थिति व 82 बी पैक्स द्वारा दी जा रही सुविधाओं पर सन्तोष व्यक्त किया। माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा बी पैक्स को ब्याज मुक्त 10लाख रुपया की सहायता किसान व्यापारी मजदूर के हित में सर्वोत्तम प्रयास है। जिला सहकारी बैंक लखनऊ के अध्यक्ष को लखनऊ मण्डल में 30000 से अधिक सदस्य बनाने व मण्डल में तीसरा स्थान प्राप्त कर ने पर बधाई दी।

# वर्तमान राजनीति में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण : धर्मपाल सिंह




**लखनऊ।** भाजपा उत्तर प्रदेश के शिक्षक प्रकोष्ठ की बैठक रविवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्रीचन्द्र शर्मा सदस्य विधान परिषद ने की।

बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री

- **भाजपा के शिक्षक प्रकोष्ठ की बैठक पार्टी मुख्यालय में संपन्न**

(संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि शिक्षक प्रकोष्ठ शिक्षकों की समस्याओं को हल कराने और सरकार द्वारा शिक्षको, शिक्षाक्षेत्र व शिक्षार्थियों के हित में किये गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि संगठन की संरचना को कॉलेज प्रमुख तक चुस्त-दुरूस्त बना कर आगामी बैठको व सम्मेलनों की तैयारी करे साथ ही उन्होंने ग्रीष्मावकाश में जिला स्तर पर योजनापूर्वक शिक्षक सम्मेलन आयोजित करने के लिए भी कहा। प्रदेश महामंत्री संगठन ने कहा कि पार्टी संगठन की संरचना में शिक्षक प्रकोष्ठ की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह गौरव का विषय है कि समाज को दिशा देने वाला शिक्षक वर्ग बड़ी संख्या में भाजपा के साथ जुड़ रहा है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में विपक्ष जाति और धर्म की राजनीति कर समाज में भेद पैदा करने की लगातार कोशिशें कर रहा है। ऐसे में शिक्षक प्रकोष्ठ की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है क्योकि समाज और राष्ट्र को एक जुट रखने में शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण है।

बैठक में शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्रीचन्द्र शर्मा सदस्य विधान परिषद ने आगामी कार्यक्रमों व शिक्षक प्रकोष्ठ द्वारा किये जा रहे कार्यो के बारे में बैठक में विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने बताया कि शिक्षक प्रकोष्ठ शिक्षामित्रों, अनुदेशकों तदर्थ शिक्षकों विषय-विशेषज्ञों व वित्तविहीन शिक्षको के विषय पर मुख्यमंत्री से मिलकर उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमारे आग्रह पर केन्द्र की मोदी सरकार ने सीबीएससी स्कूल की मान्यता हेतु एनओसी के नियमों को सरल किया है और उन्हें अपनी शाखा खोलने के लिए अनुमति भी दी है। प्रदेश सरकार से भी मांग की है कि जो यूपी बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालय यदि सीबीएससी से जुड़ना चाहते है तो उन्हें अनापत्ति दिया जाना सरल करें। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया कि उन्होंने शिक्षामित्रों व अनुदेशकों के लिए अन्तरजनपदीय स्थानान्तरण की सुविधा दी और शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, रसोईये आदि संविदा कर्मियों को आयुष्मान भारत योजना से लाभान्वित करते हुए 5 लाख रुपए सालाना का इलाज मुफ्त कराने की सुविधा प्रदान की। इनके मानदेय की वृद्धि पर भी विचार चल रहा है।

बैठक में ओम प्रकाश श्रीवास्तव, प्रदेश प्रभारी प्रकोष्ठ एवं विभाग ने भी अपना मार्गदर्शन दिया। बैठक में प्रदेश के सह संयोजक उमेश द्विवेदी एमएलसी, अनिल श्रीवास्तव, यादवेन्द्र सिंह, हरिशंकर गंगवार, बाबू लाल तिवारीएमएलसी, मनोज शर्मा, रमेश सिंह, दिलीप द्विवेदी, कमलेश झा आदि प्रदेश व क्षेत्र के संयोजक व सहसयोजको ने भाग लिया।

# भाजपा सरकार आरक्षण खत्म करने की कर रही साजिश : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार सरकारी संस्थाओं का निजीकरण करके नौकरियां और आरक्षण खत्म करने की साजिश कर रही है। पहले केन्द्र की भाजपा सरकार ने कई सरकारी संस्थाओं को निजी हाथों में सौपा। अब उसी रास्ते पर चलते हुए उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार भी निजीकरण को बढ़ावा दे रही है। भाजपा सरकारें पूंजीपतियों के लिए काम करती है। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत निगम को निजी हाथों में देने पर अमादा है। सरकार निजीकरण की आड़ में अरबों की सम्पत्तियाँ पूंजीपतियों को देना चाहती है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार संविधान और आरक्षण विरोधी है। भाजपा पीडीए को नौकरियों और आरक्षण से दूर करने के लिए हर दिन नए-नए



षड्यंत्र कर रही है। भाजपा की नीति पीडीए विरोधी है। वह पीडीए से नफरत करती है। निजीकरण से सरकारी नौकरियां खत्म हो जाती है। निजी क्षेत्र मनमानी करके महंगाई बढ़ाते है जिसका असर आम जनता पर पड़ता है। इसके साथ ही सरकारी संस्थाओं के निजी क्षेत्र में चले जाने से पीडीए को बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर द्वारा संविधान में दिए गए आरक्षण का अवसर नहीं मिलता है। भाजपा सरकार लूट, झूठ और बेईमानी की नीति पर काम कर रही है।

आज भाजपा सरकार की इस नीति के खिलाफ कर्मचारी और आम जनता सभी है। लेकिन अपने चंदे, मुनाफा और लाभ के लिए भाजपा सब कुछ अपने करीबी पूंजीपतियों के हाथों में सौंपने को तैयार है। देश और प्रदेश की जनता भाजपा के षड्यंत्र को जान चुकी है। 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा की जन विरोधी सरकार को हटाने के लिए संकल्पित है।

# प्राकृतिक खेती के विकास की बुनियाद बनेंगे गोवंश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार की मंशा गोवंश को प्राकृतिक खेती का आधार बनाने की है। यही वजह है कि सरकार छुट्टा गोवंश के संरक्षण का हर संभव

- **गोवंश के संरक्षण पर जोर दे रही योगी सरकार**
- **10 गाय पालने पर 10 लाख रुपये तक आसान शर्तों पर मिलेगा ऋण**
- **योगी सरकार के प्रयास सुधरेगी जन, जल और जमीन की सेहत**
- **निर्यात बढ़ाने में भी मददगार होंगे प्राकृतिक कृषि उत्पाद**

प्रयास कर रही है। साथ ही पशुपालक गोवंश का पालन करें इसके लिए उनको लगातार प्रोत्साहन दे रही है। हाल ही प्रस्तुत बजट में सरकार ने छुट्टा गोवंश के संरक्षण के लिए 2000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया। इसी क्रम में सरकार ने अमृत धारा योजना भी लागू की है। इसके तहत दो से 10 गाय पालने पर सरकार 10 बैंकों के जरिए 10 लाख रुपए तक आसान शर्तों पर ऋण मुहैया कराएगी। योजना के तहत तीन लाख रुपए तक अनुदान के लिए किसी गारंटर की भी जरूरत नहीं होगी।

**सुधरेगी जन, जल और जमीन की सेहत :** दरअसल जन, जमीन और जल की सेहत योगी सरकार के लिए प्राथमिकता है। इसका प्रभावी हल है प्राकृतिक खेती। ऐसी खेती जो रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों से मुक्त हो। गोवंश इस खेती का आधार बन सकते हैं। उनके गोबर और मूत्र को प्रसंस्कृत कर खाद और कीटनाशक के रूप में प्रयोग से ही ऐसा संभव है। इससे पशुपालकों को दोहरा लाभ होगा। खुद और परिवार की सेहत के लिए दूध तो मिलेगा ही जमीन की सेहत के लिए खाद और कीटनाशक भी मिलेगा।



इनके उत्पादन से गौआश्रय भी क्रमशः स्वावलंबी हो जाएंगे। उत्तर प्रदेश, देश में प्राकृतिक खेती का हब बने। इसके लिए मुख्यमंत्री हर मुमकिन मंच से इसकी पुरजोर पैरवी करते हैं। वह किसानों को भारतीय कृषि की इस परंपरागत कृषि पद्धति को तकनीक से जोड़कर और समृद्ध करने की बात भी करते हैं। इसके लिए उनकी सरकार किसानों को कई तरह की सुविधाएं भी दे रही है। गंगा के तटवर्ती गांवों और बुंदेलखंड में प्राकृतिक खेती पर सरकार का खासा जोर है। अब तो इसमें स्थानीय नदियों को भी शामिल कर लिया गया है। वैश्विक महामारी कोरोना के बाद पूरी दुनिया स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हुई है। हर जगह स्थानीय और ऑर्गेनिक उत्पादों की मांग बढ़ी है। मांग बढ़ने से इनके दाम भी अच्छे मिलेंगे।

**निर्यात बढ़ाने में भी मददगार होंगे प्राकृतिक कृषि उत्पाद :** फूड बिहेवियर में आया यह परिवर्तन वैश्विक है। लिहाजा इनकी मांग अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी बढ़ेगी। केंद्र सरकार का फोकस भी कृषि उत्पादों के निर्यात पर है। ऐसे में यह उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए एक मौका भी हो सकता है। मालूम हो कि प्रदेश का निर्यात लगातार बढ़ रहा है। सात वर्षों में यह बढ़कर दोगुना हो गया है। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार 2017-2018 में उत्तर प्रदेश का निर्यात 88 हजार करोड़ रुपये था। 2023-2024 में यह बढ़कर 170 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। कृषि उत्पादों का निर्यात बढ़ने से अन्नदाता किसान खुशहाल होंगे। खास बात यह है कि प्राकृतिक खेती से जो भी सुधार होगा वह टिकाऊ (सस्टेनेबल), ठोस और स्थायी होगा।

**योगी सरकार के प्रयास :** मुख्यमंत्री का गोवंश के प्रति प्रेम जगजाहिर है। वह अपने पहले कार्यकाल से ही गोवंश के संरक्षण पर जोर दे रहे हैं। इस बाबत निराश्रित गोवंश के लिए गोआश्रय खोले गए। प्रति पशु के अनुसार भरण पोषण के लिए पैसा भी दिया जाता है। बजट के पहले अनुपूरक बजट में भी इस बाबत 1001 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। मुख्यमंत्री की मंशा इन गोआश्रयों को आत्मनिर्भर बनाने की है। ऐसा तभी संभव है जब इनके गोबर और मूत्र को आर्थिक रूप से उपयोगी बनाया जाय। इसके लिए समय-समय पर सरकार स्किल डेवलपमेंट का भी कार्यक्रम चलाती है। साथ ही मनरेगा के तहत भी पशुपालकों को सस्ते में कैटल शेड, पशु बाड़ा और गोबर गैस लगाने की सहूलियत दी जा रही। मिनी नंदिनी योजना भी गोवंश के संरक्षण और संवर्धन को ही ध्यान में रखकर बनाई गई है। इसमें भी योगी सरकार कई तरह के अनुदान दे रही है।

# मेरे जीते जी पार्टी का कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा : मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से रविवार को मुक्त कर दिया और कहा कि अब उनकी आखिरी सांस तक पार्टी में उनका कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। मायावती ने आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ को पिछले महीने पार्टी से निष्कासित किये जाने के बाद यह कदम उठाया है।

- **मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से किया मुक्त**

पूर्व मुख्यमंत्री ने राजधानी लखनऊमें हुई बसपा की राष्ट्रीय स्तर की बैठक के बाद यहां जारी एक बयान में कहा कि पार्टी हित में आकाश आनंद को इसकी सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया है। बयान में कहा गया है कि इस कार्वाई के लिए पार्टी नहीं, बल्कि पूर्ण रूप से उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ जिम्मेदार हैं। मायावती ने सिद्धार्थ को पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर पिछले महीने बसपा से निष्कासित कर दिया था। बयान के मुताबिक, मायावती ने कहा, अब मैंने यह निर्णय लिया है कि मेरे जीते जी व मेरी आखिरी सांस तक, पार्टी में मेरा कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। मायावती ने पूर्व में आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। लेकिन पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव के दौरान एक विवादित बयान देने को लेकर उन्होंने अपने भतीजे से यह ओहदा वापस ले लिया था। हालांकि बाद में, मायावती ने उन्हें फिर से अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया था। बयान के मुताबिक, मायावती ने पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं अपने सबसे छोटे भाई आनन्द कुमार को पार्टी समन्वयक की भी जिम्मेदारी सौंपी है। इसके अलावा, रामजी गौतम को पार्टी का राष्ट्रीय समन्वयक बनाने की भी घोषणा की।

# बस स्टैंडों के बाहर सवारी भरने पर कटेगा वेतन

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम और सुचारू बनाने के उद्देश्य से रविवार को अयोध्या रोड कमता, मटियारी, बीबीडी, तिवारीगंज और कानपुर रोड नादरगंज का निरीक्षण किया। उन्होंने

- बीबीडी चौराहे पर बनेगा फुट ओवर ब्रिज
- कमिश्नर ने किया निरीक्षण ब्लैक टॉप पर गाड़ियों की पार्किंग पर लगायी जाये रोक

निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ब्लैक टॉप पर गाड़ियों की पार्किंग तत्काल रूप से प्रतिबंधित की जाए और अगर गाड़ियां सड़क पर पार्क मिलें तो तत्काल चालान किया जाए।

कमता बस स्टैंड के बाहर बसों के सवारी बैठाने को लेकर मंडलायुक्त डॉ जैकब ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अगर ड्राइवर और कंडक्टर बस को खड़ा करके सवारी बैठाते पाए जाते हैं, तो संबंधित कर्मचारियों का वेतन काटा जाएगा और उन पर पेनाल्टी भी लगाई जाएगी। वहीं बीबीडी चौराहे के निरीक्षण के दौरान कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने कहा कि स्कूली बच्चों के सुरक्षित आवागमन और ट्रैफिक व्यवस्था के सुधार के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए अवस्थापना निधि में अनुमोदन मिल चुका है। मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने लेसा के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ब्लैक टॉप पर लगाए गए कुछ पोल जो ट्रैफिक में अवरोध उत्पन्न कर रहे हैं, उन्हें तुरंत हटाया जाए। इसके अलावा, पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिया कि वह ब्लैक टॉप की गुणवत्ता को बढ़ाएं और कटों को बंद करते हुए उनका ट्रायल लिया जाए।

**नादरगंज में सड़क निर्माण कार्यों की गति बढ़ाने का आदेश:** कानपुर रोड (नादरगंज) में निमार्णाधीन सड़कों के कार्यों को युद्ध स्तर पर तेजी से पूरा करने के लिए एनएचआई के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया। उन्होंने निर्माण कार्यों में मेनपावर और मशीनरी की संख्या बढ़ाने की बात भी कही। साथ ही, संबंधित अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि भारी वाहनों का डायवर्जन जुनाबगंज से कराया जाए।

**अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान की योजना :** मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि सड़कों से अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए एक ड्राइव चलाया जाए ताकि यातायात में रुकावट और जाम की समस्या को समाप्त किया जा सके। इस अवसर पर नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, एनएचआई और पीडब्ल्यूडी के संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे।

# भगवा त्रिशूल यात्रा आज पहुंचेगी राजधानी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रयागराज महाकुंभ के सनातनी जुड़ाव और संदेश को लेकर देश दुनिया तक पहुंचाने के लिए शुरू हुई भगवा त्रिशूल यात्रा का भव्य स्वागत सोमवार को लखनऊ में किया जाएगा। प्रयागराज से दिल्ली के लिए एक मार्च को प्रयागराज से निकली यह त्रिशूल यात्रा सोमवार को अयोध्या से निकलकर लखनऊ में दोपहर तीन बजे तक पहुंचेगी। उसके बाद किसान पथ, बीबीडी, मटियारी, कमता, पॉलीटेक्निक चौराहे से 1090, मनोज पांडेय चौराहा, हुसैड़िया से शहीद पथ होते हुए यात्रा विभूतिखंड इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पहुंचेगी।




अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद की ओर से यात्रा का जगह-जगह स्वागत होगा। शाम को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ही कन्हैया मित्तल की भजनों की प्रस्तुति देंगे। संध्या में कई मंत्री, भाजपा व संगठन से जुड़े कई वरिष्ठ पदाधिकारी रहेंगे। परिषद के मीडिया प्रभारी अतुल श्रीवास्तव और अंजुल त्यागी ने बताया कि यात्रा एक मार्च को प्रयागराज से शुरू होकर 29 मार्च को दिल्ली में भव्य महासम्मेलन के साथ संपन्न होगी। अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राजेश यादव ने कहा, वर्तमान में विदेशों के 12 मंदिरों सहित 120 मंदिरों को एक सूत्र में बांधने का अभियान शुरू किया गया है। भगवा त्रिशूल यात्रा सिर्फ एक धार्मिक यात्रा नहीं है, बल्कि यह युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने और भारत की आध्यात्मिक विरासत को संजोने का एक प्रेरणादायक अभियान है। मंदिरों को डिजिटल तकनीक से जोड़ने, ऑनलाइन दर्शन सुविधा, युवाओं को धार्मिक पर्यटन से जोड़ने और प्राचीन विरासत के संरक्षण की योजना बनाई गई है।

# आवासीय सरल संस्कृत भाषा शिक्षक प्रशिक्षण का हुआ उद्घाटन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा संचालित गृहे गृहे संस्कृतम् योजना के अंतर्गत आवासीय सरल संस्कृत भाषा शिक्षक प्रशिक्षण का उद्घाटन संस्थान के प्रेक्षागृह में हुआ। कार्यक्रम का आरम्भ दीप प्रज्जवलन कर वैदिक मंगलाचरण से हुआ जिसका वाचन प्रशिक्षु अमित पाण्डेय तथा प्रशिक्षिका आस्था शुक्ला ने किया। यह प्रशिक्षण दशदिवसीय है तथा इसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 70 प्रशिक्षु सरल संस्कृत भाषा शिक्षक प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं।




संस्थान संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि गृहे गृहे संस्कृतम्योजना प्रशिक्षकों के अथक प्रयास से पुष्पित हो रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य घर-घर तक संस्कृत को पहुंचाना है। साथ ही उन्होने यह भी बताया कि अगर कोई व्यक्ति घर बैठे संस्कृत सीखना चाहता है तो संस्थान द्वारा ऑनलाइन सरल संस्कृत सम्भाषण योजना के माध्यम से संस्कृत भाषा को सरल रीति सीख सकता है, तथा संस्कृत के ग्रन्थों को ठीक से समझा सकता है। इस दस द्विवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर के समन्वयक डॉ. अनिल गौतम, राधा शर्मा तथा शिक्षक राजन दूबे, सत्यम मिश्र, महेन्द्र मिश्र, कृति यादव, आस्था शुक्ला हैं।

# वोरजा इंटिरियो ने राजधानी में कॉरपोरेट ऑफिस खोला



लखनऊ। कॉरपोरेट फर्नीचर के क्षेत्र में अग्रणी वोरजा इंटिरियो प्रा. लि. ने रविवार को लखनऊ के शहीद पथ स्थित औरंगाबाद जागीर में अपने नवीन कॉर्पोरेट ऑफिस का शुभारम्भ किया। कम्पनी के निदेशक विकास शर्मा ने बताया कि वोरजा ने कॉर्पोरेट क्षेत्र की जरूरतों और उत्तम स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए फर्नीचरों की विस्तृत श्रृंखला को पेश किया है।

उन्होंने बताया कि यहां पर रेस्ट्रो एंड रेट्रो, आइफा, मुनंस, डिजाइन ड्रंक, इकोम फर्नीचर कम्पनी के ऑफिस, स्कूल, अस्पताल और घर के लिए आधुनिक एवं विभिन्न जरूरतों के हिसाब से फर्नीचर उपलब्ध हैं। फर्नीचरो को कुछ इस तरह डिजाइन किया गया है, जो रीढ़ की हड्डी को एकदम सीधा रखते हैं, जिससे कमर दर्द जैसी कोई समस्या नहीं होती है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा यहां पर होमीग्लो की फैंसी डेकोरेटिव लाइटे भी हैं। प्रबंध निदेशक रचना शर्मा ने बताया कि कंपनी ने कॉरपोरेट क्षेत्र में आधुनिकता और बेहतर स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए फर्नीचर की जो नवीन श्रृंखला पेश की है वह नई पीढ़ी के साथ बुजुर्गों को चुस्त तंदुरुस्त रखेगी।

# जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही सरकार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रविवार को निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के तत्वावधान में निकाली जा रही संवैधानिक अधिकार यात्रा आज दूसरे चरण के दूसरे दिन जनपद झाँसी

- प्रभारी मंत्री डॉ संजय निषाद ने लिया मीडिया की खबरों का संज्ञान
- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की रिपोर्ट तलब

पहुँची। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री (मत्स्य विभाग) डॉ संजय कुमार निषाद के नेतृत्व में जनपद में यात्रा के पहुँचने पर हुआ भव्य स्वागत।



श्री निषाद ने सर्किट हाउस में आज प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा की आज सुबह झाँसी के कलेक्ट्रेट एनआईसी से जनपद कानपुर देहात में हुए विगत दिन 01 मार्च 5 को मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में लापरवाही की खबरें सामने आई थी, उस पर संज्ञान लेते हुए आज कानपुर देहात के आला अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की गई, बैठक में मंत्री राकेश सचान व मंत्री (समाज कल्याण विभाग) असीम अरुण भी वर्चुअल बैठक के माध्यम से जुड़े। श्री निषाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है, कानपुर देहात उनका प्रभार जनपद होने के नाते उन्होंने मीडिया के माध्यम से प्राप्त जानकारी का संज्ञान लेते हुए आज शाम तक उक्त प्रकरण की रिपोर्ट संबंधित विभाग से तलब की गई है। मंत्री असीम अरुण ने जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद को आश्वस्त करते हुए कहा कि कानपुर देहात लापरवाही के प्रकरण पर सख़्ती बरती जाएगी और जाँच रिपोर्ट आने के बाद दोषी अधिकारियों को सस्पेंड भी किया जाएगा। मंत्री राकेश सचान ने बैठक के दौरान कहा कि सरकार की छवि जीरो टॉलरेंस की है और इस प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसमें जो भी दोषी अधिकारी होंगे सबके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# निजीकरण के खिलाफ आज शक्ति भवन पर होगा प्रदर्शन

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के लिए उत्तर प्रदेश ने कहा है कि निजीकरण के लिए ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट नियुक्त करने के लिए 3 मार्च को खोली जा रही बीड के विरोध में प्रान्त भर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। लखनऊ में स्थित सभी कार्यालयों के बिजली कर्मी शक्ति भवन मुख्यालय पर मध्याह्न 12 बजे से विरोध प्रदर्शन करेंगे। विरोध प्रदर्शन संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने रविवार को अवकाश के दिन कर्मचारियों के बीच में व्यापक जनसंपर्क किया। संघर्ष समिति ने पुनः मांग की है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का फैसला निरस्त किया जाए और 5 अप्रैल 2018 तथा 6 अक्टूबर 2020 के समझौतों का सम्मान करते हुए कर्मचारियों को विश्वास में लेकर विद्युत वितरण की मौजूदा व्यवस्था में ही सुधार कार्यक्रम चलाया जाए। संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण का निर्णय वित्त मंत्री सुरेश खन्ना एवं तत्कालीन ऊर्जा मंत्री श्रीकान्त शर्मा के साथ हुए उक्त समझौतों का उल्लंघन तो है ही साथ ही निजीकरण की प्रक्रिया भी पूरी तरह गैर कानूनी है। संघर्ष समिति ने कहा कि इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 की धारा 131 के अनुसार सरकारी क्षेत्र की बिजली कंपनी को किसी निजी कंपनी को देने के पहले उसका रेवेन्यू पोटेंशियल और उसकी परिसंपत्तियों की फेयर वैल्यू का मूल्यांकन किया जाना जरूरी है। 42 जनपदों की लाखों करोड़ रुपए की परिसंपत्तियों का कोई मूल्यांकन नहीं किया गया है और इन दोनों विद्युत वितरण निगमों के रेवेन्यू पोटेंशियल का भी आकलन नहीं किया गया है। ऐसे में निजीकरण की प्रक्रिया पूरी तरह से संदेह के घेरे में है और गैर कानूनी है। संघर्ष समिति ने कहा कि ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट की नियुक्ति के लिए बिडिंग के अंतिम दिन तक मात्र दो कंपनियों की बीड आई हैं। पावर कारपोरेशन को इन दोनों कंपनियों का नाम सार्वजनिक करना चाहिए और यह बताना चाहिए कि कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट के दायरे में यह कंपनियां आती है या नहीं। संघर्ष समिति ने कहा कि न्यूनतम तीन कंपनियों की वीड न आने के कारण ही सारी प्रक्रिया रद्द कर देनी चाहिए। कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट के चलते यह प्रक्रिया कतई आगे नहीं बढ़ाई जानी चाहिए। संघर्ष समिति ने कहा की इन सब के बावजूद निजीकरण की गैर कानूनी ढंग से प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया और टेक्निकल बीड खोलने की कोशिश हुई तो 3 मार्च को व्यापक विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे।

# विधिक सहायता केंद्र ने किया निराला नगर बस्ती का सर्वेक्षण एवं शैक्षणिक सामग्री वितरण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि के विधि संकाय में स्थापित प्रतिष्ठित संस्था विधिक सहायता केंद्र व स्वप्ना फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को निराला नगर, निशातगंज की एक बस्ती का दौरा विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) बी. डी. सिंह, विधिक सहायता केंद्र के अध्यक्ष डॉ. अभिषेक कुमार तिवारी के नेतृत्व व स्वप्ना फाउंडेशन के सहयोग मे किया गया। यह दौरा केंद्र के अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के संबंध में था जिसका उद्देश्य वहां रहने वाले बच्चों और परिवारों की स्थिति को समझना और उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करना करना था।



इस दौरे के दौरान केंद्र के सदस्यों ने बस्ती के निवासियों से बातचीत की और उनकी प्रमुख समस्याओं को समझने का प्रयास किया। शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी मुख्य चिंताओं में से एक रही। स्वप्ना फाउंडेशन के स्वयंसेवकों और हमारी टीम ने स्थानीय बच्चों के साथ समय बिताया, उन्हें शिक्षाप्रद सामग्री वितरित की और स्वच्छता के महत्व पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

शिक्षा प्रद सामग्री वितरित करने का उद्देश्य वंचित समुदाय के बच्चों को शिक्षा की कड़ी से जोड़ना था, सामग्री वितरित करने के साथ ही सभी सदस्यों ने बच्चों को बुनियादी शिक्षा के बारे में जानकारी दी व अपने अनुभवों को भी बच्चों से साझा किया। बच्चों की स्थिति में यथासंभव सुधार हेतु सर्वेक्षण के माध्यम से उनके द्वारा बताई गई समस्याओं को दर्ज किया गया व निवारण हेतु योजनाएं बनाई गई। प्रश्नावली के माध्यम से उनके द्वारा बताई गई बुनियादी जानकारियों को अंकित किया गया। इसके अतिरिक्त बस्ती की महिलाओं से भी बात की गई व उनके द्वारा बताई गई समस्याओं को भी नोट किया गया।

विधिक सहायता केंद्र का लक्ष्य वंचित समुदायों को बेहतर जीवन प्रदान करना है। इस दौरे के माध्यम से हमने जमीनी हकीकत को नजदीक से देखा और उनके लिए सार्थक प्रयास करने की योजना बनाई।

# ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना करेगी यूपी सरकार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों को आधुनिक शिक्षा के संसाधन उपलब्ध कराने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को योजना के तहत पहले चरण में प्रदेश की 22,700 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने के निर्देश दिये हैं। इसके बाद प्रदेश की हर ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को आधुनिक शिक्षा संसाधन और डिजिटल युग के अनुरूप शैक्षिक प्रगति को सुनिश्चित करना है।

बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समय के साथ शिक्षा क्षेत्र में लगातार बदलाव हो रहे हैं। ऐसे में ग्रामीण बच्चों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ना और उन्हें उच्च गुणवत्ता वाली अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना बहुत जरूरी है। इसके लिए ग्रामीण छात्रों तक ई-बुक्स, डिजिटल कंटेंट और अन्य शैक्षिक संसाधनों की पहुंच आसान बनानी होगी। इसमें ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी अपनी अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जाएं, जहां बच्चों को किताबें, प्रश्नोत्तरी, वीडियो, ऑडियो लेक्चर तथा अन्य डिजिटल संसाधनों उपलब्ध कराए जाए। इससे बच्चों में सीखने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी

- प्रथम चरण में 22,700 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी की होगी स्थापना
- ई बुक के साथ डिजिटल कंटेंट भी बच्चों को कराया जायेगा उपलब्ध

बनेगी। सीएम ने लाइब्रेरी के संचालन और प्रबंधन की ज़िम्मेदारी ग्राम पंचायतों को सौंपने के निर्देश दिये। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप हर ग्राम पंचायत में डिजिटल लाइब्रेरी की देखरेख ग्राम प्रधान और सचिव द्वारा की जाएगी। वहीं पंचायत स्तर पर सहायक अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी, जो लाइब्रेरी के रखरखाव, उपयोग और सुचारू संचालन की निगरानी करेंगे। 4 लाख रुपये प्रति डिजिटल लाइब्रेरी पर खर्च होंगे। इसके तहत 2 लाख रुपये डिजिटल उपकरणों (कंप्यूटर, प्रिंटर, इंटरनेट सुविधा आदि) की खरीद और 2 लाख रुपये डिजिटल तथा हार्डकॉपी किताबों की खरीद पर खर्च किये जा सकेंगे। लाइब्रेरी में बच्चों को पाठ्य पुस्तकों के साथ विविध विषयों पर ई-बुक्स और अन्य डिजिटल अध्ययन सामग्री उपलब्ध करायी जाएगी। बच्चों को व्यावहारिक ज्ञान के लिए अत्याधुनिक उपकरण ऑडियो-विजुअल टूल्स भी मुहैया कराए जाएंगे। उन्हे ऑनलाइन पढ़ाई और रिसर्च कार्यों के लिए इंटरनेट की सुविधा भी दी जाएगी। डिजिटल लाइब्रेरी में एक सुव्यवस्थित मैनेजमेंट सिस्टम होगा, जिससे छात्र अपनी पसंदीदा किताबों और अध्ययन सामग्री को आसानी से एक्सेस कर सकें। योगी सरकार का मानना है कि डिजिटल लाइब्रेरी से ग्रामीण इलाकों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा और छात्रों की डिजिटल साक्षरता बढ़ेगी। यह योजना विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी, जिसमें शिक्षा के डिजिटलीकरण को प्राथमिकता दी गई है।

# चौक में तीन प्रमुख मंदिरों तक जाने वाली सड़कें बनेंगी, मेयर ने किया शिलान्यास

लखनऊ। चौक क्षेत्र में बड़ी काली जी मंदिर, लाल मंदिर, और द्वारकाधीश मंदिर जाने वाली सड़कें दुरुस्त होंगी। महापौर सुषमा खर्कवाल ने तीन प्रमुख मंदिरों तक जाने वाली आंतरिक सड़कों के निर्माण के लिए शिलान्यास किया। इस दौरान स्थानीय पार्षद अनुराग मिश्रा और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित टंडन प्रमुख थे। इस कार्यक्रम के दौरान इन सड़कों के बनने से इलाके के लोगों को तो लाभ होगा ही, साथ ही लखनऊ के बाहर से आने वाले भक्तों को भी इन प्राचीन मंदिरों तक पहुंचने में आसानी होगी।

चौक वार्ड के पार्षद अनुराग मिश्रा ने बताया कि पहली सड़क श्री बड़ी काली जी मंदिर से चौक खुनखुन जी इंटर कालेज के गेट तक बनाई जाएगी, जहां सीसी रोड और नाली की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। दूसरी सड़क उत्तम कपूर जी के घर से लाल मंदिर तक जाएगी, जहां भी सीसी रोड और नाली मरम्मत का काम होगा। तीसरी सड़क द्वारकाधीश मंदिर से अग्रवाल निवास तक बनाई जाएगी, और यहां भी सीसी रोड व नाली की मरम्मत की जा रही है। इन तीनों सड़कों के निर्माण का खर्च माननीय महापौर जी ने अपने कोष से उठाया है, जिससे ये परियोजना जल्द ही पूरी हो सके। इन सड़कों के बन जाने से न केवल आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों को सुविधा होगी, बल्कि इन प्रसिद्ध मंदिरों में दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को भी काफी राहत मिलेगी। इससे न सिर्फ श्रद्धालुओं को मंदिरों तक पहुंचने में आसानी होगी, बल्कि स्थानीय व्यापार और यातायात की स्थिति भी बेहतर होगी। महापौर ने इस्माइलगंज वार्ड में आस्था नगर मुरली मंदिर पर व हरिहर नगर में ज्ञान विहार में सड़क व नाली के निर्माण के कार्य का शिलान्यास फोन के माध्यम से किया। उन्होंने लोगों से फोन माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि किसी जरूरी कार्य से उन्हें शहर से बाहर जाना पड़ा है। मगर वो सड़क निर्माण पूरी हो जाने पर वार्ड में उसका उद्घाटन करने जरूरी आएंगी। इस कार्यक्रम में इस्माइलगंज प्रथम वार्ड पूर्व भाजपा प्रत्याशी कृष्ण वीर सिंह (बंटू), हरिहर नगर जन कल्याण विकास समिति के अध्यक्ष मुकेश धर दुबे, श्री चंद्रभान सिंह, आशुतोष मिश्रा, उत्तम सिंह यादव एवं संरक्षक एडवोकेट योगेंद्र मिश्रा, संतोष सिंह मनीष पांडे, डॉक्टर मन्नू चौहान उपस्थित रहे।

# इकाना स्टेडियम नहीं दे रहा बकाया हाउस टैक्स

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। इकाना स्टेडियम प्रबंधन पर नगर निगम का करीब 28.42 करोड़ रुपये का हाउस टैक्स बकाया है। लगातार नोटिस के बाद भी टैक्स न जमा करने पर नगर निगम प्रशासन ने खेल मंत्रालय और बीसीसीआई को पत्र भेजा है। इस संबंध में दोनों को मेल भेजकर बकाया

- नगर निगम ने बीसीसीआई, खेल मंत्रालय को भेजा पत्र

गृह कर जमा करने के लिए इकाना स्टेडियम प्रबंधन को निर्देशित करने के लिए दोनों से अनुरोध किया है। नगर निगम ने इकाना स्टेडियम पर 28.42 करोड़ रुपये का गृहकर लगाया है। इस पर स्टेडियम प्रबंधन ने स्टेडियम का हवाला देते हुए गृहकर लगाए जाने का विरोध करते हुए आपत्ति दर्ज कराई थी, जिसे नगर निगम ने खारिज कर



दिया। उसके बाद शनिवार को नगर निगम के जोन-4 के जोनल अधिकारी ने स्टेडियम प्रबंधन को गृह कर जमा करने के लिए अंतिम नोटिस भेजी गई। टैक्स जमा करने को लेकर इकाना स्टेडियम प्रबंधन की ओर से की जा रही हीलाहवाली को देखते हुए अब जोनल अधिकारी ने टैक्स वसूली के लिए सचिव, युवा मामले एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली और अध्यक्ष, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को मेल भेज कर मदद मांगी है। पत्र में बकाया टैक्स की राशि का उल्लेख किया गया है। दोनों से अनुरोध किया गया है कि स्टेडियम प्रबंधक या संबंधित अधिकारी को उक्त बकाया राशि जमा करवाने के लिए आवश्यक दिशानिर्देश जारी करें। बताया गया है कि केवल सरकारी सहायता प्राप्त या गैर सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त शैक्षिक संस्थाओं के खेल मैदान और खेल स्टेडियमों को ही टैक्स से छूट प्राप्त है। इकाना स्टेडियम में समय-समय पर आईपीएल और अन्य पेशेवर खेलों के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होते रहते हैं, जिनके टिकटों की बिक्री होती है। ऐसे में स्टेडियम पर गृह कर का निर्धारण पूरी तरह से उचित है।

**पार्थ आदयंत अपार्टमेंट टैक्स वसूली के कैंप का विरोध :** लखनऊ। नगर निगम जोन 4 के अहिमामऊ शहीद पथ स्थित पार्थ आदयंत अपार्टमेंट में नगर निगम के कैंप नहीं लगने दिया जा रहा है। रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों की ओर से कैंप लगने में बाधा उत्पन्न की जा रही है। यह कैंप नगर निगम की ओर से टैक्स वसूली और हाउस असेसमेंट के लिए लगाया जाता है, ताकि अपार्टमेंट के निवासियों से टैक्स लिया जा सके और उनके घरों का सही आकलन किया जा सके। जोन 4 के जोनल अधिकारी संजय यादव ने बताया कि नगर निगम की टीम ने कई बार पार्थ आदयंत अपार्टमेंट में कैंप लगाने के लिए संपर्क करने की कोशिश की थी, लेकिन फ्हअ पदाधिकारियों इसको लेकर अवरोध उत्पन्न कर रहे हैं। नगर निगम की ओर से इस अपार्टमेंट के लोगों को सभी सुविधाएं दी जा रही हैं। स्थानीय निवासियों के बीच इस मुद्दे को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। आरडब्लूए के पदाधिकारी अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों को टैक्स भी जमा नहीं करने दे रहे हैं। अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों को बिल भेजा जा चुका है। यह मुद्दा पार्थ आदयंत अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है, क्योंकि उन्हें टैक्स जमा करने के लिए नगर निगम के कैम्प का इंतजार था।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# त्योहारों पर चाक-चौबंद रहे सुरक्षा व्यवस्था : डीजीपी

- कई मुद्दों को लेकर पुलिस अफसरों को को कड़े निर्देश
- डीजीपी नें की कानून व्यवस्था की बैठक, अफसरों पर हुए सख्त

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार नें आज आगामी त्योहारों को लेकर कानून व्यवस्था की समीक्षा कर पुलिस अफसरों को रमजान, होली एवं ईद उल फितर पर सुरक्षा व्यवस्था चॉक चौबंद रखने के आदि त्यौहारों के निर्देश दिए। सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था के लेकर आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिग में डीजीपी में प्रदेश के सभी जोनल अपर पुलिस महानिदेशक व पुलिस आयुक्त तथा परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उपमहानिरीक्षक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व पुलिस अधीक्षक मौजूद थे।इस मौके पर डीजीपी नें पुलिस अफसरों को महाकुम्भ मेला सकुशल सम्पन्न कराने पर अधिकारियों और कर्मचारियों की जमकर प्रशन्सा की गयी तथा रमजान, होली एवं ईद उल फितर आदि त्यौहारो को लेकर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गयी। डीजीपी नें अफसरों से कहा कि त्योहारों के दौरान किसी प्रकार की नई परम्परा शुरू करने की अनुमति न दी जाये। सभी त्योहार पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के अनुरूप सम्पादित कराये जायें। डीजीपी नें कहा कि धर्मगुरूओं व पीस कमेटी की बैठक पूर्व से ही वरिष्ठ अधिकारी की अध्यक्षता में करा ली जाये तथा बैठक के दौरान यदि कोई विवाद की बात संज्ञान में आती है तो तत्काल उनका सम्बंधित विभागों के सहयोग से समाधान करा लिया जाये। डीजीपी नें कहा कि होली का त्यौहार शुक्रवार के दिन पड़ने के मद्देनजर अपने-अपने क्षेत्र में पूर्व से समस्त कार्यक्रम के आयोजकों, पीस कमेटी एवं धर्मगुरूओं आदि के साथ प्रत्येक स्तर पर गोष्ठी कर ली जाये। गोष्ठी में सम्बन्धित मजिस्ट्रेट एवं अन्य विभागों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर त्योहारों से सम्बन्धित समस्त समस्याओं का समाधान समय से करा लिया जाये ।

डीजीपी नें कहा कि सभी क्षेत्राधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर होलिका दहन व जुमे की नमाज को लेकर सभी धर्म के सम्भ्रान्त नागरिकों से वार्ता कर पूर्व से ही यदि कोई विवाद परिलक्षित होता है तो उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुये सम्बंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर समय से निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। डीजीपी नें कहा कि दंगा नियंत्रण स्कीम का रिहर्सल कराते हुए सभी उपकरणों की गुणवत्ता, उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाये तथा उन्हें महत्वपूर्ण स्थानों पर स्ट्राइकिंग रिजर्व के साथ व्यवस्थापित किया जाये। डीजीपी नें कहा कि जिले में उपलब्ध पुलिस बल की समीक्षा कर ली जाये एवं अधिकाधिक संख्या में पुलिस बल का शांति व्यवस्था बनाये रखने में उपयोग किया जाये।

सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले रेलवे ट्रैक का मैप अपने पास रखेगा तथा रेलवे ट्रैक के आस-पास रहने वाले व्यक्तियों का पूर्ण ब्यौरा भी अपने पास रखेगे। अपने चौकी व बीट प्रभारियों से पूर्व से ब्रीफ करते हुए इन क्षेत्रों में पड़ने वाले ग्राम के ग्राम सुरक्षा समितियों की गोष्ठी कर उन्हे जागरूक किया जाये, जिससे किसी भी दशा में पत्थर फेकने की घटना की पूर्नरावृत्ति न होने पाये तथा जीआरपी, आरपीएफ से समन्वय बनाते हुए उन्हे भी बैठक में शामिल किया जाये। डीजीपी नें कहा कि मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में समुचित पुलिस प्रबन्ध कर सतर्क दृष्टि रखी जाये तथा समाज में विद्वेश फैलाने वाले असामाजिक और अवांछनीय तत्वों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाये। डीजीपी नें कहा कि अवैध व अपमिश्रित शराब के निष्कर्षण, विक्रय तथा परिवहन को रोकने के लिए आबकारी विभाग के पदाधिकारियों एवं स्थानीय मजिस्ट्रेट से समन्वय स्थापित कर आकस्मिक चेकिंग करते हुये उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाय। डीजीपी नें कहा कि आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के अंतर्गत पूर्व स्थापित सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता को चेक कर लिया जाये तथा नये स्ट्रेटिजिक प्वाइंटों पर स्थापित कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।अपराधियों के कन्विक्शन पर अत्यधिक ध्यान दिया जाय तथा आपरेशन कन्विक्शन के तहत पूर्व निर्गत निदेशों के अनुसार न्यायालय में प्रभावी पैरवी कराकर अधिक से अधिक सजा दिलाई जाये।डीजीपी नें कहा कि जिलों में पूर्व से बनायी गयी प्रमोशन व वेतन निर्धारण समिति अपने-अपने जिलों में समयबद्ध प्रमोशन तथा समयबद्ध वेतन वृद्धि के प्रकरणों पर तत्काल कार्रवाई करें। इसमें किसी भी प्रकार का विलम्ब क्षम्य नहीं होगा।

डीजीपी नें कहा कि ड्रोन कैमरे के माध्यम से आयोजन स्थलों, संवेदनशील स्थानों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों की निगरानी की जाये तथा जुलुस के मार्गों एवं हॉट स्पाट पर पर्याप्त पुलिस प्रबन्ध किया जाये।

नये भर्ती होने वाले प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण हेतु समस्त आधार भूत सुविधाओं एवं संसाधनो की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।डीजीपी नें कहा कि पिछले होली के अवसर पर यूपी-112 के इवेन्ट को चेक करा ले तत्पश्चात उसी अनुरूप पीआरवी के वाहनों का व्यवस्थापन कराया जाये तथा पुलिस के अन्य पैट्रोलिंग वाहनों द्वारा चिन्हित ऑटस्पॉट्स/संवेदनशील स्थलों पर राजपत्रित अधिकारियों के पर्यवेक्षण में प्रभावी गश्त व पेट्रोलिंग तथा चेकिंग करायी जाए।सूचना तंत्र को और अधिक सक्रिय और सतर्क रखा जाय तथा विभिन्न असामाजिक, अवॉछनीय एवं साम्प्रदायिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखते हुए छोटी से छोटी सूचना को भी अत्यन्त गम्भीरता से लेते हुये तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाये।सभी कमिश्नरेट व जिलों की सोशल मीडिया टीम चौबीस घंटे सोशल मीडिया के प्रत्येक प्लेटफार्म पर निगरानी करें तथा मुख्यालय स्थित सोशल मीडिया टीम से समन्वय रखते हुये आपत्तिजनक और भ्रामक पोस्ट का तुरंत संज्ञान लेकर कड़ी कार्रवाई करें ।

# अधिकारी ने खनन कर रहे कर्मियों के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ । बिजनौर इलाके में खनन अधिकारी दिनेश कुमार ने खनन कर रहे खनन कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।दिनेश कुमार के मुताबिक उनका कहना है कि बिजनौर के नुर्दी खेड़ा में खनन किए जाने की सूचना मिली।इस सूचना पर बीती रात्रि 6/7 फरवरी को भ्रमण के दौरान सरोजनी नगर के आउटर रिंग रोड बंथरा बिजनौर को कनेक्ट करने वाली रोड नहर से नूर्दी खेड़ा जा रहा था।तभी रास्ते में एक व्यक्ति अपनी सफेद रंग की कार वैग्नोर संख्या यू पी 32 एल टी 6268 द्वारा रास्ते को अवरूद्ध कर रखा था।जिससे कोई वाहन इधर से निकल न सके ।अपने हमराह होम गार्ड कामता प्रसाद, होम गार्ड अभिषेक त्रिपाठी से कहा गया कि इस वहां को रास्ते से हटवाव।मौके पर पहुंचे तो देखा कि कार के अंदर बैठा व्यक्ति पूरी तरह से उसे बंद कर रखा था ।दरवाजा खटखटाने पर भी नहीं खोला और न ही हटाया ।जिसका मोबाइल से फोटो भी खींचा गया । कार न हटाने की दशा में 112 नंबर पर फोन किया गया और दूसरे रास्ते कानपुर बंथरा रोड से घूम कर नुर्दी खेड़ा गया ।जहां पर अवैध मिट्टी का खनन किया जा रहा था ।मौके पर एक डंफर संख्या यू पी 32 एफ एन 4984 मय चालक के मिला ।जिसने अपना नाम दिलीप वर्मा निवासी औरंगा बाद जागीर बिजनौर बताया और डंफर मालिक का नाम सोनू भदौरिया निवासी रजनीखंड बताया ।यहां पर राहुल लोधी पुत्र राम लोधी निवासी बंथरा व अन्य लोगों के साथ यह खनन करा रहे थे ।हम भी मिट्टी लेने आए थे लेकिन हमारी गाड़ी का स्टेरिंग फेल हो गया है ।जिससे हम भाग नहीं पाए ।तीन चार डंफर भाग गए है ।इसकी सूचना उपजिलाधिकारी और बिजनौर थानाध्यक्ष को दी थी ।इस सूचना पर उपनिरीक्षक कमलेश दोहरे ,उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार व कांस टेबल अरुण कुमार मौके पर गए ।यह घटना समय करीब रात्रि एक बजे की है ।चालक दिलीप कुमार को डंफर का स्टेरिंग फेल होने के कारण उन्हें थाने लेकर आए ।यह खनन अवैध खनन की श्रेणी में आता है ।जो उत्तर प्रदेश उप खनिज नियमावली 2021 के नियम 3,72,58 एवम एम एम एस आर डी एक्ट 1957 की धारा 4/21 का उलंघन है ।इसलिए इनके खिलाफ अवैध खनन का मुकदमा दर्ज किया जाय ।पुलिस ने मामले की जांच करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया।

# दहेज से संतुष्ट न होने पर विवाहिता को घर से निकाला, केस दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। शादी मे मिले दहेज से संतुष्ट न होने पर पति व ससुरालीजनो की दहेज की बढ़ती मांगे पूरी न होने पर विवाहिता से मारपीट कर उसे घर निकाला। पीड़िता ने ससुरालीजनो पर करवाया मुकदमा दर्ज

मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरिहरपुर निवासनी शबीना पुत्री नजीर हसन ने पति व ससुरालीजनो पर आरोप लगाते हुए बताया कि उसका विवाह 24 अप्रैल 2024 लगभग दस माह पूर्व दाउद पुत्र शरीफ अहमद निवासी ग्राम सर्वे थाना संडीला के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुई था। निकाह के कुछ दिन के बाद से ही मेरे पति, ससुर, शरीफ अहमद, सास रजिया बानो, ननद, निशा बानो, जेठ हारुन व देवर, साउद मुझे दहेज के लिए मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे मेरे पति ने अपने व अपने भाई के लिए कुवैत जाने के लिए पांच लाख रुपये की मांग की जिसमे से मैने उन्हें मायके से दो लाख रुपये लाकर दे दिए ,फिर भी वे लोग संतुष्ट नही हुए मुझे मारा पीटा और इस बार पांच लाख रुपये के साथ रायल इनफील्ड बुलेट की मांग करने लगे उनकी मांगे दिन ब दिन बढ़ती जा रही थी इसी बीच पीड़िता का पति कुवैत चला गया। जिसके बाद उसके ससुरालीजन उसके साथ और ज्यादा मारपीट करने लगे एक दिन उसे इतना मारा कि वह बेहोश हो गई ।उससे उसका कीमती सामान व मोबाइल भी छीन लिया ।जैसे तैसे उसने अपने भाई को फोन किया और अपने मायके चली गई जहां 24 सितम्बर 2024 को पीड़िता ने सहायक पुलिस आयुक्त मलिहाबाद को शिकायत पत्र दिया जहां उसका उसके ससुरालवालों के साथ पुलिस द्वारा सुलह समझौता हुआ। जिसमें उसे प्रति माह पांच हजार खर्चा भी दिलवाने को कहा ससुरालीजन भी राजी हो गए लेकिन तब से लेकर आज तक वे लोग मुझे वापस ससुराल नही ले गए और न ही खर्चा दिया जब मैने उन्हें फोन किया तो वे लोग गाली गलौज करते हुए बोले तुम्हे नही ले जाएगें जो करना हो वो कर लो। जिसपर पीड़िता ने ससुरालीजनो पर छह लोगों पर मुकदमा दर्ज करवाया है।

# किशोरी से रेप का प्रयास, लोक लाज के डर से लगाई आग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कोतवाल क्षेत्र के एक गांव में पहले तो शोहदा किशोरी को घर पर अकेला पाकर उसके घर में घुस गया।इसके बाद उसने किशोरी को दबोचा और रेप का प्रयास किया।इस पर किशोरी के विरोध करने पर उसके मंसूबे नाकाम हो गए ।किशोरी लोक लाज व घरवालों के भय से आहत होकर किशोरी ने अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। ग्रामीणों की आवाज सुनकर आरोपी पीछे की दीवार फांद कर मौके से फरार हो गया। किशोरी को सिविल अस्पताल हजरतगंज में भर्ती कराया गया है ।किशोरी की हालत स्थिर बताई जा रही है। जहां डॉक्टरों ने करीब 60 प्रतिशत शरीर जलने की जानकारी दी है। पीड़िता की मां की ओर से थाने में तहरीर देकर आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली पीड़िता की मां ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीते गुरुवार को उसके पति का हाइड्रोसील का ऑपरेशन हुआ था। वह एक हफ्ते से पति की देखभाल के लिए अस्पताल में थी। उसकी 17 वर्षीय बेटी अकेली घर पर थी। दिन में करीब 11 बजे बेटी को अकेली देख मोहल्ले का रहने वाला राहुल पुत्र रामचंद्र घर में घुसकर लड़की का मुंह दबाकर जबरन संबंध बनाने का प्रयास करने लगा। किसी तरह से कोशिश कर बेटी ने शोर मचाया तो पड़ोस में रहने वाले दौड़ पड़े। लोगों को आता देख आरोपी राहुल घर की दीवाल फांद कर भाग गया। इसी दौरान पड़ोसियों ने पूरी घटना की जानकारी किशोरी की मां को दी। लोक लाज के डर से लड़की ने अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर खुद को आग के हवाले कर लिया। सूचना पाकर घर पहुंची पीड़िता की मां ने उसे एक निजी अस्पताल इलाज के लिए ले गई। लेकिन शरीर अधिक जल जाने के कारण डॉक्टर ने उसे सिविल अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

पिता ने रोते हुए बताया कि वह एक टैक्सी ड्राइवर है जिस तरह हमारी इकलौती बेटी के साथ हुआ है उसी तरह आरोपी के साथ होना चाहिए हमें इंसाफ मिलना चाहिए। इस संबंध में डीसीपी पश्चिमी विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़िता की माता की तहरीर पर आरोपी राहुल पुत्र रामचंद्र के विरुद्ध पोस्को एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर विधिक कारवाई की जा रही है।किशोरी को अस्पताल पहुंचाया गया।फिलहाल किशोरी की हालत स्थिर बनी हुई है। बताया जाता है कि किशोरी 60 प्रतिशत तक झुलस गई है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## अस्पताल कर्मचारियों ने महिला को पीटा, 8 माह की बच्ची को जड़े थप्पड़

**लखनऊ।** सरोजनी नगर में एक निजी अस्पताल में इलाज के 300 रुपयों को लेकर विवाद हो गया। अस्पताल स्टाफ ने घायल युवक और उसकी पत्नी को पीट दिया। मारपीट में 8 माही की बच्ची को भी थप्पड़ लग गया। पुलिस क्रॉस केस दर्ज कर जांच कर रही है। जोमैटो में काम करने वाले किशन कुमार शनिवार देर शाम को स्कूटर इंडिया चौराहे के पास दुर्घटना में घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। किशन की पत्नी जब अस्पताल पहुंची तो वह बाहर मोबाइल पर बात करने लगी। किशन का आरोप है कि अस्पताल कर्मचारियों ने उनकी पत्नी से अभद्रता की और मारपीट भी की। इस दौरान उनकी 8 माह की बच्ची को भी थप्पड़ लग गया। जब किशन ने विरोध किया तो कर्मचारियों ने उन्हें भी पीट दिया। वहीं अस्पताल प्रबंधक डॉ. घनश्याम सिंह का कहना है कि किशन की पत्नी अस्पताल में जोर-जोर से चिल्ला रही थीं। मना करने पर हंगामा करने लगी, जिससे विवाद शुरू हुआ। मूल रूप से दिल्ली के रहने वाले किशन कुमार वर्तमान में सरोजनी नगर के दरोगा खेड़ा में परिवार के साथ किराए पर रह रहे हैं। सरोजनी नगर कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक एसएन मिश्रा ने बताया कि दोनों पक्षों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

## कृष्णा नगर कोतवाली में दोनों पक्षों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित एलडीए कॉलोनी में शनिवार रात बहन के घर खाने पर परिवार के साथ खाने पर आए युवक संग कालोनी में रहने वाले एक परिवार संग गाड़ी खड़ी करने को लेकर कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हो गई। वहीं कृष्णा नगर पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि सिंगार नगर आलमबाग लखनऊ निवासी सुरेन्द्र सिंह सलूजा स्व. जगजीत सिंह सलूजा के अनुसार वह बीते शनिवार रात्रि परिवार संग अपनी बहन के घर कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित एलडीए कालोनी गए थे। उस दौरान उन्होंने अपनी गाड़ी रोड पर खडी कर दिया। आरोप है कि उस दौरान बहन के घर के पास राकेश वर्मा नाम के आदमी ने गाडी खडी करने को लेकर गाली गलौज शुरू कर दिया। जिसका विरोध करने पर उक्त युवक ने राकेश वर्मा ने ईट, उठा उनकी बाएं आँख व दान्त पर हमला कर तोड दिया।उसके बाद शशिकान्त वर्मा की बीबी ममता राज ने उनकी बेटी की पीटाई करने के साथ पीस्टल लगा उनके संग मारपीट करने के साथ फरार हो गए। जिसके उपरांत वह अपना उपचार कराने के बाद स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार दोनों पक्षों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## शिकायत करने पर एजेंसी के कर्मचारियों ने दिया सिलेंडर

लखनऊ। कोतवाली क्षेत्र के नई बस्ती धनेवा निवासी रामरती ने मलिहाबाद स्थित भारत गैस एजेंसी से एलपीजी गैस का कनेक्शन लिया था। शुक्रवार को बुकिंग का सिलेंडर लेने उनके बेटे संजय मौर्या मोहम्मदनगर,रहमतनगर में एजेंसी के लोडर अमित यादव के पास पहुंचे।आरोप है कि अमित यादव ने सिलेंडर के नौ सौ रुपए मांगे। जबकि सिलेंडर की कीमत 840 रुपए है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत




विशेष संवाददाता (vol)

**मलिहाबाद।** बीती रात युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। घर से जरूरी समान लेने की बात कहकर साहिलामऊ चौराहे पर निकला था। तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत साहिलामऊ चौराहे पर बीती रात एक अज्ञात वाहन की टक्कर से कनार गांव निवासी शशिकांत की मौत हो गई। आनंन फानन में घटना की जानकारी ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक युवक अपनी पत्नी व बच्चे के साथ गांव में रहता था जरूरी सामान लेने की बात कह कर घर से निकला था।ग्रामीणों के अनुसार युवक शराब का आदी था वहीं घटना के समय भी उसने शराब पी रखी थी। मृतक के परिवार में उसकी मां शिवकुमारी पत्नी व डेढ़ माह का बच्चा है वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

**शादी में गए युवक पर धारदार हथियार से हमला:** कोतवाली क्षेत्र में शादी में शामिल होने गए युवक पर अकारण धारदार हथियार से सर पर हमला कर लहूलुहान कर दिया चोटिल हालात में थाने पहुँच तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की।पुलिस ने मेडिकल करवाकर आरोपी युवक पर मुकदमा दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी है।

शनिवार देर रात मलिहाबाद क्षेत्र के सहिलामऊ निवासी गुड्डू गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया वह शादी में शामिल होने के लिए महमूदनगर आये हुए थे।जहाँ पर बनवारी रावत निवासी महमूदनगर पहले से उपस्थित था और देखते ही अकारण गाली गलौज करने लगा और अचानक कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिससे उसके सर में सहित शरीर मे काफी चोटे आयी।बनवारी शिकायत करने पर जान से मार देने की धमकी देते हुए फरार हो गया।गुड्डू गुप्ता थाने पहुँच तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही करने के लिए तहरीर दी।इंस्पेक्टर बैजनाथ ने बताया चोटिल गुड्डू गुप्ता का मेडिकल करवाकर आरोपी बनवारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। अतिरिक्त पैसे नही देने पर उपभोक्ता को लौटाया

## चिकित्सालय में चोरी करने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

लखनऊ। गोसाईगंज पुलिस ने शनिवार/रविवार की रात एक चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी किये गए छः सौ तीस रुपये बरामद कर उसे जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर गोसाईगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गोसाईगंज स्थित पशु चिकित्सालय के चिकित्साधिकारी बृजेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा शिकायत की गई थी कि 01मार्च की रात एक व्यक्ति चोरी करने के उद्देश्य से चिकित्सालय का शटर तोड़कर घुस गया और चिकित्सालय में रखे प्रिंटर को तोड़ दिया व अन्य सामान भी इधर-उधर फेंककर क्षतिग्रस्त कर दिया ।तथा चिकित्सालय में रखे एक हजार रुपये भी चोरी कर लिए ।रात में चिकित्सालय में की जा रही तोड़फोड़ की आवाज सुनकर परिसर में रहने वाले कर्मचारियों की आंख खुल गई ।तो उन लोगों ने देखा कि पड़ोस में रहने वाला राज प्रताप सिंह चिकित्सालय से चोरी कर के जा रहा था ।जिसपर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर आरोपित को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।आरोपित के पास से पुलिस को चिकित्सालय से चोरी किये गए 6 सौ तीस रुपये बरामद हुए ।वहीं पुलिस द्वारा की गई पूँछतांछ में आरोपित ने नशा करने के लिये छोटी-मोटी चोरी करने की बात बताई ।वहीं चोरी किये गए रुपयों में से शेष रुपयों को शराब पीने में खर्च कर देने की बात कही ।पुलिस के अनुसार राज प्रताप सिंह शातिर किस्म का चोर है जिसके विरुद्ध विभिन्न थानों में पूर्व में भी 5 मुकदमे पंजीकृत है ।उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार

लखनऊ। न्यायालय में अनुपस्थित चल रहे आरोपियों के विरुध्द जारी वारंट के क्रम में पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया । अलग अलग गांवों से पकड़े गये वारंटियों को न्यायालय भेज गया है । उपनिरीक्षक गिरीश दत्त पांडे की अगुवायी में लोधखेड़ा गांव के छोटा लोधी ,सैदापुर गांव निवासी देवी दयाल, भभूति खेड़ा के सुशील को गिरफ्तार किया ।

# कई जिलों के बदलेंगे कप्तान, जुगाड़ में लगे अफसर

- महाकुंभ के बाद ट्रांसफर पोस्टिंग के खुले रास्ते समापन में अच्छी भूमिका निभाने वाले प्रभारी समेत कई आईपीएस को मिल सकता है इनाम में जिला और रैंज

राजा शेख (vol)



**लखनऊ।** महाकुंभ के चलते उत्तर प्रदेश में पुलिस ट्रांसफर पर लगी रोक के बाद सकुशल सम्पन्न हुए कुंभ के बाद कई आईपीएस अफसर अब जिला पाने के लिए अतुर हैं और अपने अपने जुगाड़ में शिददत से लगे हुए हैं। ऐसा इसलिए भी है कि आधा दर्जन जिलों के पुलिस कप्तान प्रमोशन के बाद अब डीआईजी बन गये हैं जिसकी वजह से उन जिलों में नए कप्तान मिलने की पूरी संभावना है।ऐसे में जिले की ललक रखने और जिले का नरेश बनने की ख्वाहिश के चलते कई आईपीएस अफसर अपने अपने रसूख का दम खम दिखाने का प्रयास कर रहे हैं और जिला पाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए हैं। वहीं पुलिस सूत्रों की माने तो महाकुंभ शकुशल निपटाने में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले कुछ आईपीएस अफसरों को भी इनाम के तौर पर जिला या रैंज की जिम्मेदारी मिल सकती है।

महाकुंभ शकुशल निपटाने के लिए प्रदेश के डीजीपी समेत सभी जिम्मेदार अफसरों ने पूरी ताकत लगा दी और कामयाब भी रहे। ऐसे में अब समापन के बाद काफी समय से जिलों की कमान संभालने का सपना संजोए कई आईपीएस अफसरों ने अब अपनी ताकत लगानी शुरू कर दी है। अब हम बात करते हैं उन जिले के कप्तानों की जो प्रमोशन के बाद डी आई जी हुए हैं इनमें मथुरा एसएसपी शैलेंद्र पांडेय, झांसी की एसएसपी सुधा सिंह, मुजफ्फरनगर के एसएसपी अभिषेक सिंह, शाहजहांपुर के एसएसपी राजेश एस, फतेहपुर के कप्तान आलोक प्रियदर्शी शामिल हैं।इसके अलावा नोएडा यानी गौतमबुद्धनगर के डीसीपी रामबदन सिंह, वाराणसी के डीसीपी हृदेश कुमार, लखनऊ के डीसीपी सूर्यकांत त्रिपाठी, तेज स्वरूप वैभव कृष्णा का नाम शामिल है। ऐसे में इन जिलों के लिए कई आईपीएस जिला नरेश बनने के लिए व्याकुल हैं और सभी सूत्रों से लिस्ट जारी होने की चर्चा कर रहे हैं तथा अपने अपने श्रोतों से लिस्ट आने का इंतजार कर रहे हैं। वहीं पुलिस के विश्वसनीय सूत्रों की माने तो इस लिस्ट के आने में आगामी होली का पर्व बाधा बन सकती है बाकी पूरा रास्ता साफ दिख रहा है।

# पुरानी रंजिश में पति-पत्नी और बेटी को पीटा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ ।** बिजनौर इलाके में एक पुरानी रंजिश को लेकर पति पत्नी और बेटी को मारा पीटा । जब इस मार पीट का विरोध किया तो उन लोगों ने जान से मारने की धमकी दी।इस मामले को लेकर पीड़िता ज्योति गुप्ता ने मार पीट और जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना बिजनौर के पुराना गुडौरा निवासी ज्योति गुप्ता पत्नी हेमंत गुप्ता ने पुलिस को बताया कि एक मार्च को समय करीब चार बजे घर के सामने रहने वाले हमारे पड़ोसी मनीष द्विवेदी और उनकी पत्नी नेहा द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर मुझे और मेरे पति के साथ ही बेटी के साथ गली गलौज और मार पीट करने लगे ।जब इसका विरोध किया तो उन लोगो ने जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए ।इस मार पीट में मेरे पति को काफी चोटे आई है।पीड़िता ज्योति गुप्ता ने पड़ोसी पर खुद और अपने और बेटी को मारने और जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**गाड़ी साइड में करने को लेकर हुई मारपीट:** सरोजनी नगर इलाके में गाड़ी साइड में करने को लेकर एक दर्जन लोगो ने मारा पीटा ।यही नहीं बचाने के लिए भतीजी आई तो उसे भी दबंगों ने मारा । इसी को लेकर पीड़ित ने सरोजनी नगर थाने पर दबंगों के खिलाफ मारने पीटने का मुकदमा दर्ज कराया है।

सरोजनी नगर के दरोगा खेड़ा के काशी राम कालोनी निवासिनी संध्या पत्नी मुकेश कुमार ने पुलिस को बताया कि एक मार्च को रात्रि करीब नौ बजे मेरा भाई गोलू कुछ सामान लेने के लिए गाड़ी लेकर आया था ।तभी इसी दौरान यही के निवासी मेरे भाई से गाड़ी साइड में करने को लेकर एक दर्जन दबंगों में गुड्डू, गौरिया ,मोनू , आउवा , पोपो,मुन्ना ,अभिषेक ,रिक्की , भातीया , कृष्णा,राजन ,सहित करीब एक दर्जन लोगो ने मारा पीटा ।इस मार पीट को देख कर मेरी भतीजी कोमल पुत्री कमलेश निवासी काशी राम कालोनी दरोगा खेड़ा बचाने के लिए आई तो दबंगों ने उसको भी मारा । जिससे कोमल के सिर पर काफी चोटे आई है ।इस मार पीट के बाद जब थाने जा रही थी तब कुछ लोगो ने रास्ता रोकने की कोशिश की ।इससे परेशान होकर पीड़िता संध्या ने थाने पर तहरीर देकर दबंगों के खिलाफ मार पीट का मुकादमा दर्ज कराया है।

**चोरी का वांछित आरोपी गिरफ्तार कर भेजा गया जेल :** नगराम के समेसी स्थित सामुदायिक केंद्र में रखे बिजली सामान की बीते वर्ष जुलाई माह में दर्ज चोरी के मुकदमे के वांछित आरोपी को नगराम पुलिस द्वारा रविवार के दिन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया । थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि प्रयागराज के हंडिया थानांतर्गत बामैला गांव निवासी विमल सिंह द्वारा बीते वर्ष जुलाई माह मुकदमा दर्ज कराया गया था कि समेसी स्थित सामुदायिक मिलन केंद्र में रखा उसका बिजली का रैबिट कंडक्टर आधा दर्जन व इस विजल कंडक्टर चोरी हो गया। मुकदमा दर्ज होने के बाद दौरान विवेचना मिले साक्ष्यों के आधार पर उपनिरीक्षक उपेंद्र यादव द्वारा टीम में शामिल सिपाही सुनील कुमार राय व पवन कुमार के साथ दबिश देकर रविवार सुबह जनपद कौशाम्बी के थाना मंझनपुर अंतर्गत असकरन पुर मगरोहनी गांव निवासी स्व शैलेन्द्र खरे के लड़के गर्वित खरे को उसके घर से दबोच कर थाने लाया गया जहां पहले से दर्ज चोरी के मुकदमे में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया ।

# सिल्वर स्क्रीन के मुकाबले ओटीटी का अनुभव अलग है : कुणाल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हाल ही में ओटीटी प्लेटफार्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हुई अमरीश पुरी के पोते वर्धन पुरी और शेखर कपूर और सुचित्रा कृष्णमूर्ति की बेटी कावेरी कपूर की फिल्म बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। इस दौरान वर्धन कावेरी कपूर और कुणाल ने वॉयस ऑफ लखनऊ से खास बातचीत की।

**आप हमें अपनी फिल्म और अपने किरदार के बारे में कुछ बतायें ?**

**कावेरी–** इस कहानी में बहुत मासूमियत और मस्ती है। यह युवा प्रेम को खूबसूरती से पेश करती है, फिर चाहे वह दिल टूटना, ड्रामा, केमिस्ट्री हो इसमें सब है। इसमें सब कुछ युवा प्रेम के बारे में है।

**वर्धन–** इस कहानी में एक अद्भुत बात है, जो आपको दूसरी कहानियों में देखने को नहीं मिलता और वह है इस फिल्म के खास पल को साइलेंट से जुड़ा है। आमतौर पर रोमांटिक फिल्में और प्रेम कहानियां अपने संवादों के लिए जानी जाती हैं, लेकिन हमारी फिल्म में साइलेंट कमाल का है। फिल्म में एयरपोर्ट का एक सीन है, जिसमें हम दोनों ही चुप रहते हैं। ये खामोशी बहुत दर्दनाक है. एक फिल्म को साइलेंट मूवमेंट ही बनाते हैं।

**केमिस्ट्री का क्या राज है, ये कैसे हुआ ? हमें इसके बारे में बताये ?**

**कावेरी–** हमें इसमें एक्टिंग करनी नहीं पड़ी, ये अपने आप ही हो गया। हम बस उस पल को जी रहे थे। हम जब सेट पर मिले तो कुछ दिनों बाद ही हम बहुत अच्छे दोस्त बन गए, तो हमें कुछ भी करना नहीं पड़ा। यह सब अपने आप ही आया है।

**वर्धन–** हां, हमने कभी भी इसे जबरदस्ती नहीं किया। हम ने सोचा कि हम अपनी पूरी एक्टिंग देंगे, लेकिन हमें ये नहीं पता था कि हमारी दोस्ती इतनी बढ़ जाएगी कि एक पॉइंट पर हमें अभिनय करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हमें बस दृश्यों को जीना पड़ेगा। कुणाल सर ने हमें हमेशा यही कहा था, ₹अभिनय मत करो, बस पल में रहो, दृश्य को महसूस करो, इमोशंस को महसूस करो। अगर आप सच में कुछ महसूस करते हो, तो कैमरा उसे पकड़ लेता है।

जहाँ तक चिंटू जी ( ऋषि ) की बात है, वे मेरी सभी फिल्मों का एक अभिन्न हिस्सा हैं। वे मेरी तीन फिल्मों का हिस्सा रहे हैं और एक दोस्त के तौर पर मेरे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा हैं। अगर आप उनका ट्विटर अकाउंट देखें। उनका आखिरी ट्वीट मेरे लिए है। हमारे बीच दोस्ती का एक प्यारा बंधन था, यह उनके लिए एक छोटी- सी श्रद्धांजलि थी।

**ऐसी बहुत कम फि ल्में बनती हैं जो दर्शकों के दिलों तक पहुँचती हैं, या हिट होती हैं। इस पर आपका क्या विचार है ?**

**कुणाल–** क्योंकि हम पूरे देश को ध्यान में रखकर फि ल्में नहीं बना रहे हैं। एक बार किसी ने कहा था, कि बॉलीवुड बांद्रा जुहू के लिए फि ल्में बना रहा है, वो गलत नहीं था। बॉलीवुड की कई फि ल्में बांद्रा, जुहू तक ही सीमित हैं। मैं खुद भी यही कहता हूँ और जो नहीं है वो ब्लॉकबस्टर है। जैसे स्त्री, एनिमल, गदर, पुष्पा ये सभी ब्लॉकबस्टर है। मुझे सिनेमा को बाँटना नहीं पसंद। ये एक भारतीय फि ल्म इंडस्ट्री है, आप ये नहीं कह सकते कि वो तेलुगु से है, या तमिल से, या बंगाली से।

**आप भारतीय सिनेमा के इस दौर को कैसे देखते हैं, क्योंकि दर्शक बहुत बदल गए हैं, उनका स्वाद बहुत बदल गया है ?**

**कुणाल–** यह बहुत अच्छा दौर है क्योंकि इस दौर में आप पुष्पा, बना सकते हैं, जिसे हमने ओटीटी के लिए डिजाइन किया है। अगर हमने इसे सिनेमा के लिए डिजाइन किया होता. हम इसे अलग तरह से डिजाइन करते। इसमें अलग-अलग तत्व होते, क्योंकि सिनेमाई अनुभव अलग है। ओटीटी का अनुभव अलग है। मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा दौर है। पुष्पा ने 800 करोड़ कमाए, स्त्री ने 600, और गदर ने 500। इससे बेहतर दौर और क्या हो सकता है। आप अपनी फिल्म का उद्देश्य तय करें, अगर जेन को टार्गेट करना है तो बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी बनाएं, जो जियो हॉटस्टार पर अच्छा करेगी। यह समय ऐसा है जहां आप किसी भी विषय पर फिल्म बना सकते हैं। अगर नॉन-थियेट्रिकल है तो ओटीटी पर और थियेट्रिकल है तो थिएटर में, और ब्लॉकबस्टर नंबर हासिल कर सकते हैं।

**आप दोनों का कुणाल के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा ?**

**कावेरी–** यह मेरा अभिनय में पहला अनुभव था। मैं बहुत आभारी महसूस करती हूँ, सेट पर शांति का माहौल था, जो मेरे लिए जरूरी था, क्योंकि अगर लोग घबराने लगे तो मैं भी घबराने लगती हूँ। वर्धन से भी मुझे मदद मिलती थी. सेट पर कभी-कभी मुझे डांस करने में दिक्कत होती थी, तो मैं पेड़ के पीछे छिपकर रोने लगती थी, और फिर मैं उनके पास जाती थी और वो मुझे मदद करते थे।

**वर्धन–** कुणाल सर एक अद्भुत क्रिएटिव पार्टनर हैं, जो फिल्म बनाने की प्रक्रिया में सभी को स्वतंत्रता देते हैं। वह हमें यह महसूस कराते हैं कि हम सब मिलकर फिल्म बना रहे हैं, उनकी सफलता के बावजूद, वह कभी भी अपने कमरे में बंद नहीं होते, वह हमेशा युवाओं के विचारों को समझने की कोशिश करते हैं और सेट पर हर व्यक्ति से बात करते हैं। उनकी जिज्ञासा और समझ की वजह से ही वह युवाओं के मन को अच्छी तरह से समझ पाते हैं, इसके अलावा, उनकी बेटी राधा भी बहुत समझदार हैं, जो उन्हें प्रेरित करती हैं।

# चैत्र अमावस्या पर लगेगा साल का पहला सूर्य ग्रहण



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इस साल चैत्र अमावस्या पर साल का पहला सूर्य ग्रहण लग रहा है। आपको बता देंकि एक महीने में दो ग्रहण लग रहे हैं। मार्च में जहां 14 तारीख को चंद्र ग्रहण तो वही 29 मार्च को सूर्य ग्रहण लगेगा। आपको बता देंकि इस ग्रहण के कारण पितरों के तर्पण और सूतक काल आदि के बारे में लोगों में कंफ्यूजन होगा। चैत्र अमावस्या पर इस बार शनिवार है, इसलिए इसे शनि अमावस्या भी कहते हैं। आपको बता देंकि इस दिन पितरों के तर्पण आदि किया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि अमावस्या पर पितरों का तर्पण करने से पितर प्रसन्न हो जाते हैं। इस बार ग्रहण के कारण सूतक काल के बारे में अच्छे से जानना चाहिए। दरअसल सूर्य ग्रहण आंशिक सूर्य ग्रहण होगा और भारत में दिखाई नहीं देगा। इसलिए इस ग्रहण का कोई असर भारत में नहीं होगा। इस ग्रहण के कारण पितरों का तर्पण भी अपने समय पर किया जा सकेगा। इस दौरान दान, तर्पण और पूजा के लिए कोई मनाही नहीं होगी। भारत से बाहर 814 मिलियन लोग इस आंशिक सूर्य ग्रहण को देख सकेंगे। सूर्य ग्रहण भारतीय समय अनुसार दोपहर 2:20 मिनट पर शुरू होगा और शाम 6.16 मिनट पर समाप्त होगा। 29 मार्च, 2025 को लगने वाला सूर्य ग्रहण उत्तर-पश्चिमी अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका के उत्तर-पूर्वी भाग, यूरोप और उत्तरी रूस से दिखायी देगा। कनाडा, पुर्तगाल, स्पेन, आयरलैण्ड, फ्रान्स, यूनाइटेड किंगडम, डेनमार्क, जर्मनी, नॉर्वे, फिनलैण्ड और रूस से दिखायी देगा। अगले दिन चैत्र नवरात्रि शुरू हो रहे हैं, उसमें भी ग्रहण का कोई असर नहीं होगा।

# माहे-रमजान : इबादत और तिलावत में गुजरा रोजेदारों का पहला रोजा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुकद्दस रमजान का पहला रोजा अल्लाह की इबादत में गुजरा। रविवार को रोजेदार खुदा की बंदगी में लगे रहे। पांच वक्त की नमाज के साथ कुरान की तिलावत की। महिलाओं ने घरों इफ्तार के इंतजाम के साथ इबादत में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। बच्चों ने भी अल्लाह का जिक्र किया और कुरान की तिलावत की।

सुबह करीब सवा चार बजे सहरी का वक्त खत्म हुआ, उससे पहले लोगों ने सहरी की सुन्नत अदा की। फज्र की नमाज के बाद घरों में कुरान की तिलावत का दौर शुरू हुआ। असर की नमाज के बाद रोजेदारों ने इफ्तार के लिए बाजार में फल, खजूर और मिठाइयां मगरिब में इफ्तार के बाद तरावीह की तैयारियों में जुट गए।

**मस्जिदों में हुई नमाजः** रोजेदारों ने समूह में जाकर मस्जिदों में नमाज पढ़ी और परिवार के लिए दुआ मांगी। मस्जिदों में तरावीह की विशेष नमाज लोगों ने ही अदा की। रमजान में अल्लाह की रहमतों से सराबोर होने के लिये घरों में तरावीह की नमाज अदा की गई।

**घरों में अदा की तरावीह :** रमजान का चांद देखने के साथ ही शहर की मस्जिदों में तरावीह की नमाज शुरू हो जाती है, जो रमजान भर जारी रहती है। शहर की मस्जिदों में तरावीह नहीं पढ़ी गयी।

**नौ वर्ष की आलिया खातून मंसूरी ने रखा पहला रोजा :** माहे रमजान के पहले दिन आलिया खातून मंसूरी (9 वर्ष) ने माहे मुबारक का पहला रोजा रखा। आलिया खातून मंसूरी मोहम्मद इलियास मंसूरी की बेटी है जो एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं, आलिया खातून मंसूरी अब्राहम पब्लिक कॉलेज लखनऊ की कक्षा 2 की छात्रा है।

## रमजान शुरू होते ही पुराने लखनऊ के बाजारों में बिखरी रौनक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रमजान पहला रोजा रविवार से शुरू हो चुका है। रमजान इबादत व बरकतों का महीना है। इस माह में मुसलमान रोजे रखते हैं व नमाज के साथ तिलावते कुरान-ए-पाक करके अल्लाह की इबादत करते है।

रमजान में जहां पुरुषों व बच्चों की इबादत से मस्जिदों में रौनक रहती है। वही महिलाएं अल्लाह की इबादत करके अपने घरों को रौशन करती है। इसके इफ्तार और सहरी के लिए रोजाना विभिन्न तरह के पकवान भी बनाती है। जिससे लोग रोजा खोलते है। रमजान के मौके पर पुराने शहर के अकबरी गेट, विक्टोरिया स्ट्रीट, कश्मीरी मोहल्ला, नक्खास, मौलवीगंज, वजीरगंज, गोलागंज आदि क्षेत्रों में लोगों की चहल कदमी बढ़ गई है। वहीं देर शाम तक बाजार गुलजार हो रहे है। विशेषकर अकबरी गेट पर लोग काफी दूर-दूर से रात में आकर कुल्चे-नहारी, बिरयानी, कश्मीरी चाय आदि का भरपूर मजा लेने पहुंच रहे हैं।

**बाजारों में दिन में खूब हुई खरीदारीः** रमजान की तैयारियों को लेकर बाजारों में दिन में खूब खरीदारी हुई। खजूर, केला, सेब, अंगूर के साथ खीरा ककड़ी और गाजर खूब बिके। वही महिलाओं ने विभिन्न तरह के पापड़ खरीदने के साथ इफ्तारी के लिए बेसन आदि की खरीदारी की। इसके अलावा किनारे की दुकानों में भीड़ लगी रही। लोगों ने राशन भी खरीदा। शाम होते ही अकीदतमंद बाजार में निकल पड़े। उन्होंने दूधी, दही, चीनी, घी, खीरा, तरबूज, खरबूज, मौसीमी, नारंगी, नींबू, सेवई के अलावा किराना सामग्री की खरीदारी की। बाजार में खरीदारी को लेकर लोगों की भीड़ रही। घरों में महिलाएं पाक रमजान माह को लेकर किचेन की तैयारी में जुटी रहीं। किन चीजों की जरूरत है की सूची बनाई और बाजार जा रहे परिवार के सदस्यों को थमा दीं।

**लच्छे हो रहें है तैयार :** रमजान को देखते हुए पुराने लखनऊ के मार्केट में कारीगरों द्वारा सेवई के लच्छे तैयार करना शुरू कर दिए हैं, क्योंकि रोजेदार सहरी में दूध-लच्छे खाना अधिक पसंद करते है। पुराने शहर के खदरा, हुसैनाबाद, अकबरी गेट, नक्खास, मौलवीगंज, काजमैन और कश्मीरी मोहल्ला आदि इलाके के बाजारों में लच्छे की दुकानें सज गई है। यह दुकानदार 160 से 200 रुपये किलो लच्छे बेच रहे हैं।

**खजूरों की बढ़ गई डिमांड :** रमजान में खजूर की बड़ी अहमियत होती है। हर रोजेदार चाहता है कि वह बेहतर खजूर से अपना इफ्तार करे और दूसरों को भी कराए। ऐसे खजूर की मांग है, जो स्वादिष्ट व पौष्टिक हो। रोजेदारों की पसंद को देखते हुए खजूरों की एक से बढ़कर एक वैराइटी मार्केट में आ गई है। खाड़ी देशों समेत इराक व इरान आदि से आने वाले खजूरों की मांग सबसे ज्यादा है। इसमें अजवा खजूर की मांग रोजेदारों में सबसे ज्यादा है।

# विनायक चतुर्थी व्रत आज, बप्पा की होगी पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** विनायक चतुर्थी भगवान गणेश को समर्पित है। जिस व्यक्ति पर गणेश जी की कृपा बनी रहती है, उसके जीवन में सुख-समृद्धि और खुशियां भी बनी रहती हैं। पंचांग अनुसार, फाल्गुन मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन विनायक चतुर्थी का व्रत रखा जाएगा। विनायक चतुर्थी के शुभ मौके पर शुभ मुहूर्त में गणेश जी की पूजा करने से जीवन के कष्टों को दूर किया जा सकता है। हर माह में एक बार विनायक चतुर्थी का व्रत रखा जाता है। मार्च के महीने में यह व्रत शुरूआती दिनों में पड़ रहा है। हिन्दू पंचांग के अनुसार, फाल्गुन मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि मार्च 02, 2025 को रात 09:01 बजे से प्रारम्भ होगी। इस तिथि का समापन मार्च 03, 2025 को शाम 06:02 बजे तक होगा। दृक पंचांग के अनुसार, विनायक चतुर्थी का व्रत सोमवार को मार्च 3, 2025 को रखा जाएगा।

**विनायक चतुर्थी का महत्वः** विनायत चतुर्थी के दिन गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना करने से व्यक्ति के जीवन के सभी दुख खत्म हो जाते हैं। साथ ही घर में सुख-समृद्धि, आर्थिक संपन्नता के साथ-साथ ज्ञान एवं बुद्धि की प्राप्ति भी होती है। गणेश जी इस दिन पूजा और व्रत करने वालों के सभी सभी कार्य पूरे कराते हैं। साथ ही सभी मनोकामनाएं भी पूरी करते हैं। व्यक्ति के जीवन पर आ रहे संकट भी दूर हो जाते हैं। अगर इस व्रत को विधि पूर्वक किया जाए तो व्यक्ति की मनोकामना पूरी होती हैं।

**पूजा का मुहूर्त**

- ब्रह्म मुहूर्त 05:05 एएम से 05:55 एएम
- अभिजित मुहूर्त 12:10 पीएम से 12:56 पीएम
- विजय मुहूर्त 14:30 पीएम से 15:16 पीएम
- गोधूलि मुहूर्त 18:20 पीएम से 18:45 पीएम
- अमृत काल 21:56 पीएम से 23:24 पीएम
- रवि योग 04:29 एएम, मार्च 04 से 06:43 एएम, मार्च 04

**पूजा-विधिः** भगवान गणेश जी का जलाभिषेक करें। गणेश भगवान को पुष्प, फल चढ़ाएं और पीला चंदन लगाएं, तिल के लड्डू या मोदक का भोग लगाएं। विनायक चतुर्थी की कथा का पाठ करें। ॐ गं गणपतये नमः मंत्र का जाप करें। पूरी श्रद्धा के साथ गणेश जी की आरती करें। चंद्रमा के दर्शन करें और अर्घ्य दें। व्रत का पारण करें।

# गौहर रजा को मिला कुंवरपाल सिंह स्मृति सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




लखनऊ। राजधानी में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रसिद्ध वैज्ञानिक, कवि, लेखक, फिल्म और संस्कृति कर्मी गौहर रजा को 2025 का कुंवरपाल सिंह स्मृति सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान समारोह डॉक्टर राही मासूम रजा साहित्य अकादमी, कुंवरपाल सिंह स्मृति ट्रस्ट, अलीगढ़ और जनवादी लेखक संघ लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कई गणमान्य व्यक्तित्व उपस्थित रहे। समारोह की शुरूआत जनवादी लेखक संघ लखनऊ की सचिव शालिनी सिंह ने हरीश चन्द्र पांडे की कविता बुद्ध मुस्कुराए हैं से की। कार्यक्रम में गौहर रजा, के पी सिंह मेमोरियल ट्रस्ट की अध्यक्ष नमिता सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता वंदना मिश्रा, वरिष्ठ आलोचक नलिन रंजन सिंह सहित अन्य साहित्यकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समारोह के स्वागत वक्तव्य में प्रो. नलिन रंजन सिंह ने बताया कि यह सम्मान समारोह हर वर्ष मार्च माह में आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि कुंवरपाल सिंह जनवादी लेखक संघ के केंद्रीय समिति के कोषाध्यक्ष भी रहे और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में प्रोफेसर थे। उनका राही मासूम रजा के साथ गहरी मित्रता थी, और यह कोई संयोग नहीं है कि इस सम्मान समारोह का आयोजन राही मासूम रजा साहित्य अकादमी और के पी सिंह मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा संयुक्त रूप से किया जाता है। नमिता सिंह ने अपने वक्तव्य में गौहर रजा के वैज्ञानिक दृष्टिकोण और उनके सामाजिक कार्यों की सराहना की।

# आयो रे फाल्गुन आयो रे...गीत ने जमाया रंग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। श्री रामलीला समिति महानगर लखनऊ में आज आयोजित होली बैठक की शुरूआत गणपति को मनाऊं भजन के साथ हुई। इस अवसर पर महिलाओं और पुरुषों ने ब्रज, अवधि, कुमाऊँनी होली गायन प्रस्तुत किए। इसमें प्रमुख आयो रे फाल्गुन आयो रे, होली खेलन को चन्द्र बदन खेलों।

मुख्य गायकों में श्रीमती, हेमा जोशी, भारती पाण्डे भावना लोहनी, रसना उप्रेति, चित्रा पाण्डे, पंतनगर से पिंकी लोहनी, हेमा डोलिया, मंजू जोशी वरिष्ठ, मंजू जोशी कनिष्ठ, प्रतिभा पन्त, मंजू शर्मा पडेलिया, नन्दा रावत, अंजली बोनाल, गीतांजलि फर्त्याल, दीपा बिष्ट, अरुणा उपाध्याय, सुन्दर पाल सिंह, महेंद्र रावत, ज्ञान पन्त, चन्द्र शेखर पन्त, रमेश, उपाध्याय, फाल्गुनी लोहुमी, यशी लोहुमी, अनुराधा मिश्रा, शोभा, सीमा चन्द, हेमा, मीनाक्षी लोहानी, सुमन, ज्योति प्रभा शर्मा कूर्मांचल नगर, इंदिरानगर, पन्त नगर, विकास नगर पर्वतीय महापरिषद, के कलाकारों द्वारा होली गायन एवं नृत्य प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का संचालन श्री महेंद्र पन्त ने किया। अन्त में देवेन्द्र मिश्रा, हेम पन्त के संयोजन में समिति के पदाधिकारियों द्वारा फूलों की होली खेली गई। बैठक में सभी हेतु, आलू गुटुक, दहीबड़ा, गुझिया, चाय से स्वागत किया गया। समिति के सर्वश्री ललित मोहन जोशी, हेम पन्त, विनोद पंत, दीपक पाण्डे, संजय पाण्डे, दीपेश पाण्डे, मृत्युञ्जय पाण्डे, गिरीश जोशी, नीरद लोहनी, नीरज लोहनी, देवेंद्र मिश्र, हिमांशु मिश्र, नवीन चंद्र पाण्डे व अन्य सक्रिय सदस्यों ने जोर शोर से कार्यक्रम संपन्न कराया।

# ऊंट-घोड़े संग निकली सतरंगी ध्वजा शोभायात्रा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** श्री श्याम ज्योत मंडल की ओर से ऐशबाग के तिलकनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में चल रहे 42वां श्री श्याम निशानोत्सव के तीसरे दिन रविवार को श्री श्याम सतरंगी ध्वजा शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा में सबसे आगे प्रथम पूज्य विघ्नहर्ता गणेश स्वरूप हाथी इठलाते हुए चल रहे थे।

ऊंटों पर सैनिक, घोड़ों पर शिवजी, महाराणा प्रताप, लक्ष्मीबाई एवं महान सपूतों के विविध रूपों से सजे हुए युवक-युवतियां सवार थे। शोभायात्रा के मध्य में बाग्घी वाले रथ पर राम-लक्ष्मण-सीता, शंकर-पार्वती, गणेश-कर्तिकेय, कृष्ण-राधा, दुर्गा-काली-सरस्वती, बाल हनुमान-माता अजंनी, लव-कुश, तुलसीदास, गुरू वशिष्ठ, महात्मा गांधी, चाचा नेहरू, मंगल पांडेय-चंद्रशेखर आजाद-भगत सिंह, सुभाषचंद्र बोस, अब्दुल कलाम एवं महान साधु-संतों के विविध रूपों से सजे बालक एवं बालिकाएं शोभायात्रा में चार चांद लगा रहे थे। संतरगी शोभायात्रा सर्वप्रथम लाल रंग विशाल ध्वजा संकट मोचन हनुमान जी एवं पीताम्बर रंग ध्वजा कलयुग के अवतारी बाबा श्याम का था। श्याम भक्तों ने सर पर राजस्थानी रंग-बिरंगी पंगडी बांधे हाथों में श्याम नाम निशान को लहराते ध्वजावाहक कदमताल करते हुए चल रहे थे। रंग-बिरंगे श्याम निशान लेकर झूमते नाचते गाते भक्तों ने लखननगरी को श्याममय कर दिया। शोभायात्रा के मध्य में नामचीन कलाकारों ने संतरंगी ध्वजावाहक प्रेमियों महिलाओं, बच्चों एवं पुरूषों के साथ नृत्य एवं ध्वजा लहराते चल रहे थे। श्याम भक्तों ने ऐसी मस्ती कहां मिलेगी, श्याम नाम रस पीले, तू मस्ती में जी ले, मंदिर में जा छुपे हो छुपे हो, नियत है क्या तुम्हारी, लेकरके आ गए है हम रंग भरी पिचकारी, मेरा श्याम बड़ा रंगीला मस्ती बरसेगी, लेके हाथो में निशान लेके श्यामजी नाम, श्याम भक्तों की टोली चली इत्यादि भक्ति गीतों पर बैंड बाजा ढोल नगाड़े की धुनों पर थिरकते हुए चल रहे थे। फूलों से सुसज्जित रथ पर अखंड जोत व बाबा श्याम की मनमोहिनी छवि के दिव्य दर्शन श्याम प्रेमी कर रहे थे। भक्तों ने जगह-जगह बाबा श्याम शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा को बाबा श्याम का स्वागत किया। शोभायात्रा का भव्य स्वागत गणेशगंज में मित्तल परिवार एवं अमीनाबाद थाने के सामने श्याम प्रेमियों भक्तगणों ने किया। बाबा के निशान की पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण भी किया गया। श्री श्याम सतरंगी ध्वजा शोभायात्रा ऐशाबाग के तिलकनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क से प्रारंभ होकर रामनगर, शास्त्रीनगर, रकाबगंज, पांडेयगंज, रानीगंज, सराय फाटक, फतेहगंज, अमीनाबाद, श्रीराम रोड, केसरबाग, परिवर्तन चौक होते हुए श्री खाटू श्याम मन्दिर बीरबल साहनी मार्ग पर सम्पन्न हुई, जहां पर बाबा का निशान अर्पित किया गया।

# गोरखपुर-खातीपुरा के बीच चलेगी होली स्पेशल ट्रेन




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा होली त्यौहार के अवसर पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 05023/05024 गोरखपुर-खातीपुरा-गोरखपुर त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन गोरखपुर से 02 से 30 मार्च तक प्रत्येक रविवार को तथा खातीपुरा से 03 से 31 मार्च तक प्रत्येक सोमवार को 05 फेरों के लिये किया जायेगा।

05023 गोरखपुर-खातीपुरा त्यौहार विशेष गाड़ी 02 से 30 मार्च तक प्रत्येक रविवार को गोरखपुर से 21.15 बजे प्रस्थान कर खलीलाबाद से 21.55 बजे, बस्ती से 22.25 बजे, दूसरे दिन गोंडा से 00.10 बजे, बुढ़वल से 01.32 बजे, सीतापुर जं. से 04.00 बजे, बरेली से 07.20 बजे, मुरादाबाद से 09.10 बजे, गाजियाबाद से 11.25 बजे, दिल्ली जं. से 12.20 बजे, दिल्ली कैंट से 12.52 बजे, गुड़गाँव से 13.08 बजे, रेवाड़ी से 14.35 बजे तथा बांदीकुई से 16.45 बजे छूटकर खातीपुरा 17.30 बजे पहुंचेगी।वापसी यात्रा में, 05024 खातीपुरा-गोरखपुर त्यौहार विशेष गाड़ी 03 से 31 मार्च तक प्रत्येक सोमावार को खातीपुरा से 19.30 बजे प्रस्थान कर बांदीकुई से 20.17 बजे, रेवाड़ी से 22.05 बजे, गुड़गांव से 22.32 बजे, दिल्ली कैंट से 22.52 बजे, दूसरे दिन दिल्ली जं. से 00.35 बजे, गाजियाबाद से 01.27 बजे, मुरादाबाद से 04.27 बजे, बरेली से 05.47 बजे, सीतापुर जं. से 09.00 बजे, बुढ़वल से 10.52 बजे, गोंडा से 12.00 बजे, बस्ती से 13.10 बजे तथा खलीलाबाद से 13.35 बजे छूटकर गोरखपुर 14.45 बजे पहुंचेगी।इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान के 01 एलएसएलआरडी के 01, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 09, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02 तथा वातानुकूलित प्रथम श्रेणी के 01 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

## निरस्त की गईं ट्रेनें हुईं बहाल

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं.-पिथरीगंज-माँ बाराही देवी धाम-गौरा खंड पर होने वाला प्री-नान इंटरलॉक/नान इंटरलॉक कार्य के स्थगित हो जाने के कारण गाड़ियों का पूर्व में अधिसूचित किया गया निरस्तीकरण, नियंत्रण एवं मार्ग परिवर्तन पुनः बहाल किया जा रहा है।

बनारस से 06 से 12 मार्च तक चलाई जाने वाली 55141 बनारस-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ सवारी गाड़ी का निरस्तीकरण समाप्त कर इन्हे बहाल कर दिया गया है।यह गाड़ी पूर्ववत चलाई जायेगी। माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ से 06 से 12 मार्च तक चलाई जाने वाली 55142 माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-बनारस सवारी गाड़ी का निरस्तीकरण समाप्त कर इन्हे बहाल कर दिया गया है।यह गाड़ी पूर्ववत चलाई जायेगी। लखनऊ से 12 मार्च को नियंत्रित कर चलाई जाने वाली 15108 लखनऊ-बनारस एक्सप्रेस निर्धारित समय से चलाई जायेगी। बनारस से 12 मार्च को नियंत्रित कर चलाई जाने वाली 15127 बनारस-नई दिल्ली एक्सप्रेस निर्धारित समय से जायेगी।बनारस से 06 से 12 मार्च तक परिवर्तित मार्ग से चलाई जाने वाली 15119 बनारस-देहरादून एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग से चलाई जायेगी। देहरादून से 06 से 12 मार्च तक परिवर्तित मार्ग से चलाई जाने वाली 15120 देहरादून-बनारस एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग से चलाई जायेगी।

## अनेक ट्रेनों के मार्ग बदले, यात्रियों की परेशानी बढ़ी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक प्रणाली को सुदृढ करने हेतु पूर्व-मध्य रेलवे के समस्तीपुर मण्डल अन्तर्गत नाजिरगंज-दलसिंगसराय-साठा जगत-बछवारा खण्ड पर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में प्री-नान इण्टरलॉकिंग एवं नान इण्टरलॉकिंग कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन एवं नियंत्रण किया जायेगा।

मार्ग परिवर्तन के तहत बरौनी से 04 मार्च को चलने वाली 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग बरौनी-समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर-हाजीपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बरौनी-शाहपुर पटोरी-हाजीपुर के रास्ते चलाई जायेगी। ग्वालियर से 03 मार्च को चलने वाली 11123 ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर-बरौनी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग हाजीपुर-शाहपुर पटोरी-बरौनी के रास्ते चलाई जायेगी। डिब्रूगढ़ से 04 मार्च को चलने वाली 15909 डिब्रूगढ़-लालगढ़ एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग खगड़िया-बरौनी-समस्तीपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग खगड़िया-सिंघिया घाट-समस्तीपुर के रास्ते चलाई जायेगी।

अमृतसर से 03 एवं 04 मार्च को चलने वाली 15708 अमृतसर-कटिहार एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग समस्तीपुर-बरौनी-खगड़िया के स्थान पर परिवर्तित मार्ग समस्तीपुर-सिंघिया घाट-खगड़िया के रास्ते चलाई जायेगी। नई दिल्ली से 04 मार्च को चलने वाली 12554 नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग समस्तीपुर-बरौनी-खगड़िया के स्थान पर परिवर्तित मार्ग समस्तीपुर-सिंघिया घाट-खगड़िया के रास्ते चलाई जायेगी। गोरखपुर से 04 मार्च को चलने वाली 15028 गोरखपुर-सम्बलपुर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर-बरौनी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग हाजीपुर-शाहपुर पटोरी-बरौनी के रास्ते चलाई जायेगी। कटिहार से 04 मार्च को चलने वाली 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग खगड़िया-बरौनी-समस्तीपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग खगड़िया-सिंघिया घाट-समस्तीपुर के रास्ते चलाई जायेगी।

लालगढ़ से 03 मार्च को चलने वाली 15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग समस्तीपुर-बरौनी-खगड़िया के स्थान पर परिवर्तित मार्ग समस्तीपुर-सिंघिया घाट-खगड़िया के रास्ते चलाई जायेगी। सहरसा से 05 मार्च को चलने वाली 12553 सहरसा-नई दिल्ली एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग खगड़िया-बरौनी-समस्तीपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग खगड़िया-सिंघिया घाट-समस्तीपुर के रास्ते चलाई जायेगी। कामाख्या से 04 मार्च को चलने वाली 15077 कामाख्या-गोमतीनगर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग खगड़िया-बरौनी-हाजीपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग खगड़िया-सिंघिया घाट-समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर-हाजीपुर के रास्ते चलाई जायेगी। न्यू तिनसुकिया से 04 मार्च को चलने वाली 15933 न्यू तिनसुकिया-अमृतसर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग खगड़िया-बरौनी-हाजीपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग खगड़िया-सिंघिया घाट-समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर-हाजीपुर के रास्ते चलाई जायेगी। सहरसा से 05 मार्च को चलने वाली 15529 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग खगड़िया-बरौनी-समस्तीपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग खगड़िया-सिंघिया घाट-समस्तीपुर के रास्ते चलाई जायेगी। नियंत्रण के तहत बलिया से 05 मार्च को चलने वाली 13106 बलिया-सियालदह एक्सप्रेस बलिया से 60 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

## रस्मो रिवाज के साथ एक मंच पर छह जोड़े बंधे परिणय सूत्र बंधन में

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारत विकास परिषद द्वारा कृष्णा नगर इलाके स्थित सिंधु नगर में चतुर्थ सामूहिक विवाह उत्सव का आयोजन किया गया। इस विवाह उत्सव में संगठन द्वारा विधिवत रस्मो संग प्रत्येक जोड़े की बारात ढोल-नगाड़ों, घोड़ी, बैंड-बाजे और पारंपरिक नृत्य के साथ दूल्हा-दुल्हन की जयमाला और वैदिक विधि-विधान से विवाह संस्कार रिवाज के साथ एक मंच पर छह जोड़ों को परिणय सूत्र बंधन में बाँध सम्पन्न करा शुभ आशीष दिया। इस दौरान सभी जोड़ो के परिवारीजन भी उपस्थित रहे ।

इस सामूहिक विवाह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महिला आयोग उपाध्यक्ष अपर्णा विष्ट यादव ने सभी जोड़ो के दाम्पत्य सुख का आशीष वचन देते हुए सभी वैवाहिक जोड़ों को शुभाशीष दे आशिर्वाद दिया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के क्षेत्रिय संगठन मंत्री विक्रांत खण्डेलवाल ने बताया कि वैवाहिक रस्म के पुर्व सभी दूल्हों को घोड़े पर सवार कर बैंड बाजो के साथ बरात निकाल चतुर्थ सामूहिक विवाह उत्सव रस्मो रिवाज के साथ वैवाहिक कार्यक्रम को शुरू किया और विवाहित जोड़ों को भेट स्वरूप गृहस्थी का सामान भेट के रूप में सभी नवविवाहित जोड़ों को शगुन, गृहस्थी के आवश्यक सामान एवं उपहार देकर सम्मानपूर्वक विदा किया गया। इस वैवाहिक कार्यक्रम को सफल बनाने में संगठन पदाधिकारियों एवं सहयोगियों अवसर पर भारत विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष देवेंद्र प्रताप शुक्ला, प्रांतीय सचिव शशिकांत सक्सेना, प्रांतीय कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल सहित परिषद की सभी शाखाओं के पदाधिकारी और कार्यकर्ता सहयोग अतुल्नीय रहा है ।

## स्वयंसेवक समाज निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैंः डॉ. मुनव्वर

- भाषा विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव राहोडा पुरवा में सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ।ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए रहौडा पुरवा गांव में कुलपति प्रो. जे.पी. पांडेय के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई पांच का सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न हुआ। विदित हो कि विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव में हर वर्ष राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया जाता रहा है।

इस बार भी रहौडा पुरवा गांव में 24 फरवरी से 2 मार्च तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर के माध्यम से एनएसएस स्वयंसेवकों ने न केवल गोद लिए गए गांव के लोगों की समस्याओं के बारे में जाना, बल्कि लोगों को इन समस्याओं के समाधान के बारे में भी बताया तथा इन समस्याओं से निपटने के बारे में आवश्यक जानकारी भी प्रदान की। इस अवसर पर डॉ. मूसी रजा ने एनएसएस स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस स्वयंसेवकों को सात दिवसीय शिविर में सीखी गई बातों को अपनी जीवनशैली में शामिल करना चाहिए, जिससे इस विशेष शिविर में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आने की संभावनाएं और अधिक उज्ज्वल होंगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह योजना युवा छात्र एवं छात्राओं को विभिन्न सार्वजनिक सेवा गतिविधियों एवं कार्यक्रमों में भाग लेने एवं मार्गदर्शन करने का अवसर प्रदान करती है तथा उन्हें सक्षम सामाजिक सदस्य बनने एवं कुशल बनाने में भी मदद करती है। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी स्वयंसेवकों को इस शिविर में सीखी गई बातों एवं इससे प्राप्त अनुभव को अपने विश्वविद्यालय के बाकी छात्रों के साथ साझा करना चाहिए ताकि उनमें सामाजिक कार्यों के प्रति जागरूकता एवं रुचि पैदा हो सके। इस अवसर पर डॉ. मुनव्वर हुसैन ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि ये विशेष शिविर छात्रों को एक जिम्मेदार नागरिक बनाने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं क्योंकि इस शिविर के माध्यम से समाज के प्रति जिम्मेदारियों को समझने की क्षमता जागृत होती है। एनएसएस स्वयंसेवक बनना अनिवार्य रूप से अपने भीतर छिपी जिम्मेदारियों के सार को पहचानना है जो समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इस अवसर पर उन्होंने स्वयंसेवकों को यह भी बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना किस प्रकार व्यक्तित्व विकास में सहायक है तथा समाज सेवा की भावना को जागृत करती है तथा यह भी कहा कि इस शिविर में प्राप्त अनुभवों को अपने जीवन में उतारना बहुत जरूरी है। इस सात दिवसीय विशेष शिविर के पहले दिन स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए उन्हें बताया कि किस तरह बीमारियों से बचा जा सकता है। इसके अलावा, इन सात दिनों के दौरान गोद लिए गए गांव में विभिन्न विषयों जैसे ₹बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ₹, मतदाता जागरूकता, नशा मुक्ति, स्वच्छता और सफाई तथा समाज के प्रति जागरूकता लाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए और एक रैली भी निकाली गई। इस कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इन सभी कार्यक्रमों में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस सात दिवसीय विशेष शिविर में 50 स्वयंसेवक मौजूद थे। इस शिविर के अंत में स्वयंसेवकों ने अपने अनुभव प्रस्तुत किए और कहा कि हमने इससे बहुत कुछ सीखा है और हम इसे अपने जीवन में लागू करने का प्रयास करेंगे। अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जफरून नकी ने अतिथियों का धन्यवाद किया और स्वयंसेवकों को बधाई दी और कहा कि आप लोगों ने इस विशेष सात दिवसीय शिविर में जीवन और समाज के बारे में बहुत कुछ सीखा है और मुझे उम्मीद है कि आप इसे अपने जीवन में लागू करने का प्रयास करेंगे।

## धूमधाम से मनी रविदास जयंती




लखनऊ। प्रभात संस्था द्वारा बुधवार को संत रविदास जी की जयंती रामलीला मैदान निकट लेबर अड्डा चिनहट लखनऊ में बाबू जगजीवन राम नेशनल फाउंडेशन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सौजन्य से धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण करने के पश्चात सभी अतिथियों को शाल एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय से आए बच्चों को जो की निबंध एवं अन्य प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया । प्रथम द्वितीय एवं तृतीय तथा सांत्वना पुरस्कार शील्ड एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया वक्ताओं ने संत रविदास जी के जीवन वृतांत पर विस्तार से चर्चा की मुख्य अतिथि सतीश कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि रविदास जी भाईचारे को ही सच्चा धर्म मानते थे वह सदा ही आडंबर के विरोधी रहे मन चंगा तो कठौती में गंगा रविदास जी की ही कहावत है।

## प्रवेश परीक्षा 20 को, 17 मार्च तक कर सकेंगे आवेदन



लखनऊ। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में एम ए योग में प्रवेश का रास्ता साफ हो गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि जनवरी 2025 सत्र में विश्वविद्यालय ने नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप एम ए योग कार्यक्रम में प्रवेश प्रारंभ कर दिया है। नई शिक्षा नीति के अनुरूप अब एम ए योग में प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में प्रवेशार्थियों के द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा। विश्वविद्यालय ने प्रवेश के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। 31 मार्च तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि अभ्यर्थियों को केवल ऑनलाइन आवेदन पत्र पूर्ण सूचनाओं सहित भरना अनिवार्य है। ऑनलाइन पंजीकरण, आवेदन एवं शुल्क भुगतान विश्वविद्यालय ने प्रारंभ कर दिया है। ऑनलाइन पंजीकरण, आवेदन एवं शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि 17 मार्च निर्धारित की गई है। आवेदन करने वाले अभ्यर्थी वेबसाइट से 18 मार्च से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश परीक्षा 20 मार्च को प्रस्तावित की गई है। विश्वविद्यालय ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए वेबसाइट पर एम ए योग से संबंधित लिंक स्थापित किया है। जहां इस कार्यक्रम से संबंधित सभी सूचनाएं उपलब्ध हैं। प्रवेश परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार के 25 प्रश्न होंगे तथा प्रत्येक प्रश्न चार अंकों का होगा। परीक्षा अवधि एक घंटा होगी।

## जयपुरिया के साथ सायक्लोथॉन सीजन 2 का हुआ आगाज



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सेठ एम. आर. जयपुरिया स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस ने स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया और फिट इंडिया के सहयोग से आयोजित फिट इंडिया सायक्लोथॉन सीजन - 2 का सफलतापूर्वक आयोजन किया ।

इस आयोजन में विशेष रूप से हाकी, कुश्ती, भारोत्तोलन, ताइक्वांडो आदि खेल जगत के नामचीन खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर जयपुरिया स्कूल के चेयरमैन शिव शंकर अवस्थी ने भी स्कूल के बच्चों के साथ फिट इण्डिया इवेंट में साइकिल चलाकर सायक्लोथॉन परेड का नेतृत्व भी किया। उन्होंने बच्चों को साइकिल चलाने के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि साइकिल चलाने से शरीर फिट रहता है और पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलती है। अगर सभी लोग हफ्ते में एक दिन साइकिल चलाने का फैसला ले, तो प्रदूषण की समस्या काफी हद तक काम हो सकती है। शैलेंद्र कुमार साई एकेडमी के स्विमिंग प्रमुख द्वारा झंडी दिखाकर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया उन्होंने इस साइकिल रैली का उद्देश्य शहर को स्वस्थ, स्वच्छ एवं पॉलीथिन मुक्त और पर्यावरण संरक्षण के लिए किया गया है। स्कूल की प्रधानाचार्या पूनम गौतम ने भी सभी का उत्साह बढ़ाया जो इस रैली में शामिल हुए थे,

इस रैली में जयपुरिया स्कूल के बच्चे, टीचर्स, व बच्चों के अभिभावकों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। साइकिल रैली जयपुरिया स्कूल से होते हुए कांशीराम कालोनी, पंडित खेड़ा से सौभाग्य लॉन होते हुए वापस जयपुरिया स्कूल में इस आयोजन की समाप्ति हुई। रैली के उपरांत आयें अतिथियों को स्कूल की तरफ से सम्मानित किया गया। इस रैली में शामिल बच्चों को कैप, जूस, बिस्किट आदि खाने की चीजें वितरित की गई। रैली में 500 से अधिक लोगों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

## गांवों में होरियारी गीतों से सजने लगी शाम

शैलेन्द्र सिंह (vol)



गोसाईंगंज। 'खेलत फाग चली ब्रज विनिता निकरी व निकरी लालन की ओर, है कोई झूमर ख्यालै बहुरिया है कोई झूमर ख्यालै होरि'।

'आये बसंत सबै दिन बौरें चातक बोलत मधुर रागनी, उमकि अवधि शोभा अधिकाई बर बर बरमति मन होन लाग दोऊ खेलन आये फूल फाग।' क्षेत्र के अहिमामऊ व सरसवां गांव में इन दिनों उपरोक्त होरियारी गीतों यानी फाग से शाम होते ही शुरू हो जाते है। पहले लोग बसंत पंचमी से ही एक स्थान पर एकत्र होकर होरियारी गीतों का रिहल्सल करते थे। लेकिन अब लोग शिवरात्रि पर्व से करने लगे है। फागुआ गीतों को गाने के लिए लोग शाम को दो टोली में बट कर गाते है। जो होलिका दहन कर दिन तक चलता है। रंगोत्सव के दिन यह टोली घर घर जाकर फाग गाती है। अहिमामऊ गांव में फाग के संयोजक गिरजा शरण सिंह, सुभांष द्विवेदी, अभिषेक सिंह सोनू, रुद्र शरण सिंह, गोपाल शरण सिंह, शुभम सिंह, समर सिंह, शिव शरण सिंह, उमाशरण सिंह, राजजन द्विवेदी बताते है कि गांव की इस प्रथा पूर्वजो की देन है जो आज भी कायम है। वही सरसवां गांव में फाग गाने वाले मुन्ना द्विवेदी, राममूर्ति सिंह बताते है कि गांव की युवा पीढी भी इस प्रथा को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। वो भी बुजुर्गों के साथ टोली में शामिल होकर होरियारी गीतों को गाने के लिए शामिल होते है। सरसवां गांव में रहने व फगुआ गीतों के रिहर्सल में अहम भूमिका निभाने वाले दिनेश कुमार शर्मा बताते है कि सभी फगुआ गीत राम व कृष्ण के भजनों पर आधारित है। इन गीतों को गाने में अवधी व भोजपुरी भाषा भी शामिल है।

## यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन में सीएमएस छात्रा चयनित



लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस की मेधावी छात्रा आरना चोपड़ा ने विश्व की अत्यन्त प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी कालेज लंदन (यू.सी.एल.) में मेडिकल साइंस की उच्चशिक्षा हेतु चयनित होकर लखनऊ का नाम अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित किया है। मेडिकल साइंस के क्षेत्र में यूनिवर्सिटी कालेज लंदन विश्व की छठी सर्वश्रेष्ठ यूनिवर्सिटी है, जिसमें उच्चशिक्षा हेतु चयनित होना गौरव की बात है। आरना ने यह अभूतपूर्व उपलब्धि अपने ज्ञान-विज्ञान, मेधात्व व शैक्षणिक उत्कृष्टता के दम पर अर्जित की है तथापि इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्रा की इस अभूतपूर्व सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। प्रो. किंगडन ने विद्यालय की प्रधानाचार्या व शिक्षकों का भी आभार व्यक्त किया। प्रो. किंगडन ने आगे कहा कि यूसीएल में एमेरिटस प्रोफेसर होने के नाते मैं जानती हूँ कि यूसीएल में एडमीशन हेतु दुनिया भर के छात्रों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि आरना ने अभी हाल ही में स्विटजरलैण्ड स्थित विश्व की सबसे बड़ी परमाणु प्रयोगशाला ह्यूरोपियन आर्गनाइजेशन फॉर न्यूक्लियर रिसर्च (सर्न)ह्न में इन्टर्नशिप पूरी करके विश्व पटल पर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। इस वैज्ञानिक अनुसंधान केन्द्र में इन्टर्नशिप हेतु पूरे विश्व से मात्र 30 उभरते हुए वैज्ञानिकों को चयनित किया गया, जिनमें भारत से एकमात्र सी.एम.एस. की आरना चोपड़ा भी शामिल थी। इस इन्टर्नशिप के दौरान आरना ने चिकित्सा अनुप्रयोगों में अमूल्य अनुभव प्राप्त किया।

# किसी को भायी 'किकी और पिकलू' की लुकाछिप्पी, किसी को 'लाल बस'

## लखनऊ पुस्तक मेला : दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों संग चला पुस्तक विमोचन का दौर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)






लखनऊ। रवीन्द्रालय चारबाग लान में कल से नौ मार्च तक चलने वाले लखनऊ पुस्तक मेले में पुस्तक प्रेमियों के संग ही अभिभावकों के संग आये बच्चों की खूब भीड़ ने मेले की बाल साहित्य की थीम को सार्थक कर दिया।

बाल साहित्य की थीम पर आधारित इस पुस्तक मेले के सबसे करीने से सजे चिल्ड्रन बुक ट्रस्ट के स्टॉल पर लखनऊ बुक फेयर में 10 पुस्तकें एकदम नयी हैं। इनमें किकी और पिकलू की लुकाछिप्पी, कितना लम्बा होता है एक मिनट, छोटू देखा नहीं देखा, तैनजिन के याक, दो का दम, यह खटोला किसका है, राजा की दावत, रोना बुरा नहीं और लाल बस जैसी किताबें शामिल हैं। अंग्रेजी में भी बहुत सी चित्रों वाली और कहानियों की किताबें हैं। ट्रस्ट की योजना देश के प्रमुख शहरों में बच्चों के लिए फन जोन्स के तौर पर खोलने जा रहा है। स्टाल पर बच्चों के लिए निःशुल्क पोस्टकार्ड रंग भरो प्रतियोगिता भी चल रही है। इस प्रतियोगिता में छह से 16 साल तक के बच्चे प्रतिभागिता कर सकते हैं। स्टाल संख्या 44 में गीता प्रेस गोरखपुर की बच्चों के लिये बहुत सी प्रेरक पुस्तकें हैं। मेले में शुभी पब्लिकेशंस, हिन्द युग्म, जैको पब्लिशिंग, निखिल पब्लिशर्स जैसे कई स्टालों पर बाल उपयोगी साहित्य उपलब्ध है। इसके अलावा रोचक पजल और खिलौनों के स्टाल भी मेले में हैं। निखिल प्रकाशन की ओर से मेले के साहित्यिक मंच पर आज डा.रुचि श्रीवास्तव के बाल कहानी संग्रह खुला पिटारा सुनो कहानी और हास्य व्यंग्य संग्रह मुट्ठी भर मुस्कान वरिष्ठ रंगकर्मी गोपाल सिन्हा की अध्यक्षता में हुए समारोह में किया गया। समारोह में अतिथियों के तौर पर उपस्थित विनय श्रीवास्तव, डा.मीरा दीक्षित के साथ ही मुख्य रूप से अलका प्रमोद और नीलम राकेश ने विचार व्यक्त किये। इससे पहले सुबह कार्यक्रमों की शुरूआत आभूषण काव्यात्मक अभिव्यक्ति पटल की काव्य गोष्ठी से हुई। शाम को काव्या एक सतत यात्रा के काव्य समारोह में विविधता भरी कविताओं की गूंज रही। आशा श्रीवास्तव की सरस्वती वंदना से प्रारम्भ कवि सम्मेलन में विद्वानों का स्वागत संयोजक निवेदिता श्री ने किया। पहली रचना स्मृतियों की छांव हिमांशु शुक्ल ने पढ़ी। इसके बाद रश्मि सिंह, सौरभ अवस्थी आदि 24 रचनाकारों ने अलग-अलग विषयों का काव्यरस श्रोताओं को प्रदान किया। विशाल की अगुवाई आई टीम के रुस्तम, शिवम, आकाश, दीपक, अखिल इत्यादि ने शिक्षा, पर्यावरण और लिंग भेद पर नाटक- ई फार एजूकेशन प्रस्तुत किया। इससे पहले आयो रे आयो रे...., पिया घर आयो.... जैसे गीतों पर संध्या, पूर्वी, नैना, प्रियांशी, यशी, निधि आदि ने समूह नृत्य किया। आर्गन पर ये देश मेरी जान है गीत बजाने वाले कृष्णा गुप्ता के साथ राज, अंश, किशन, अजय, विराट, अनिरुद्ध रिया ने इसे खूबसूरती से गाया। इसके साथ ही मेले में पृथ्वी इनोवेशन की ओर से पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं का दौर चला।

संक्षेप

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** कोतवाली इनायत नगर के पुलिस चैकी हैरिंग्टनगंज क्षेत्र के मां शारदा कॉलेज ऑफ फामेर्सी के निकट स्थित बाबा मैरिज लॉन में वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आए गोला बाजार मुजिददीनपुर खजुरहट निवासी अनुपम केसरवानी उर्फ ऋतिक केसरवानी (23) पुत्र राजेश केसरवानी की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताते चलें कि अनुपम बीती रात हैरिंग्टनगंज बाजार निवासी एक व्यवसायी के बेटी की शादी में दो पहिया वाहन से वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने जा रहे थे, तभी मैरिज लान के पहले चिखड़ी गांव के मोड़ पर तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दिया, जिससे वह गाड़ी सहित मौके पर लहूलुहान पड़े थे।

आसपास मौजूद लोगों ने आनन-फानन में गंभीर रूप से घायल अनुपम केसरवानी को अपने निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लोगों ने बताया कि मार्ग दुर्घटना में घायल युवक को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज दर्शननगर ले जाया जा रहा था, जिनकी रास्ते में ही मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि पुलिस पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना रात 11 बजे की बताई जा रही है। घटना से आहत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# अशोक विद्यापीठ इंटर कॉलेज में बोर्ड का रिजर्व पेपर हुआ लीक

## केंद्र व्यवस्थापक की बड़ी लापरवाही, हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा रिजर्व पेपर से कराया

जिला संवाददाता(vol)

**कुशीनगर।** जनपद के फाजिलनगर विकास खण्ड क्षेत्र के नकटहा मिश्र स्थित अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज में शनिवार को यूपी वोर्ड की परीक्षा में शुचिता को तार तार करते हुए वोर्ड के अतिरिक्त (रिजर्व) प्रश्नपत्रो से दोनों पालियों का परीक्षा कराये जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जबकि पेपर लीक होने की दशा में वोर्ड के सचिव से अनुमति लेने के बाद चौथी आलमारी में रखे गये रिजर्व पेपर से परीक्षा कराये



**●बोर्ड परीक्षा में हुआ बड़ा गड़बड़झाला**

जाने का प्राविधान है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब सामान्य प्रश्नपत्र लीक नहीं हुआ तो फिर किसके आदेश पर दोनों पालियों की परीक्षा रिजर्व में रखे गये पश्नपत्रों से करायी गयी है ? वोर्ड परीक्षा नियमावली के अनुसार यह कृत जघन्य अपराध के श्रेणी में आता है। इसके लिए केन्द व्यवस्थापक, परीक्षा इंचार्ज, विद्यालय के प्रबंधक व डीआईओएस को जिम्मेदार ठहराया जाता है। चर्चा है कि मामला उजागर होने के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर प्रबन्धक ने केन्द्र व्यवस्थापक को निलंबित कर दिया है।

काबिलेगौर है कि जिले में 24 फरवरी से माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा शुरू हुई है। निष्पक्ष व नकलविहीन परीक्षा कराने और परीक्षा की शुचिता को बरकरार रखने के लिए जनपद में कुल 152 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। शनिवार एक मार्च को प्रथम पाली में हाईस्कूल गणित वदूसरी पाली मे इण्टरमीडिएट की नागरिक शास्त्र विषय की थी। बताया जाता है कि जनपद के फाजिलनगर व्लाक के अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज नकटहा मिश्र केन्द्र पर प्रथम पाली मे हाईस्कूल व द्वितीय पाली इंटरमीडिएट की निर्धारित गणित व नागरिक शास्त्र विषय के प्रश्नपत्रों से परीक्षा कराने के बजाय चौथे आलमारी में रखे गये रिजर्व (अतिरिक्त) प्रश्नपत्र परीक्षार्थियों में वितरित कर परीक्षा कराया गया है जबकि परीक्षा केन्द्रों के चौथे आलमारी में रखे गये अतिरिक्त प्रश्नपत्रो का उपयोग उस दशा में की जाती है जब निर्धारित सामान्य पेपर लीक हो जाती है। जानकार बताते है कि सामान निर्धारित पेपर किसी कारणवश आउट होने पर बोर्ड परीक्षा के सचिव से अनुमति लेने के बाद चौथी आलमारी में सुरक्षित रखे गये रिजर्व (अतिरिक्त) प्रश्नपत्रो से परीक्षा कराने का नियम है। किन्तु अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज में केन्द्राध्यक्ष व प्रधानाचार्य द्वारा निर्धारित प्रश्नपत्रो के लीक हुए बिना प्रथम पाली में हाईस्कूल गणित व दूसरी पाली मे इण्टरमीडिएट नागरिक शास्त्र की परीक्षा रिजर्व प्रश्नपत्रो से कराया गया है जो माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के नियमावली में जघन्य अपराध के श्रेणी आता है।

इसके लिए लिए केन्द्र व्यवस्थापक /प्रधानाचार्य, प्रबंधक व डीआईओएस को जिम्मेदार ठहराने का नियम है। यहां बताना जरूरी है कि प्रत्येक केंद्रों में चार-चार अलमारियां रखी गयी हैं। पहली अलमारी में पहली पाली हाईस्कूल का और दूसरी अलमारी में इंटरमीडिएट दूसरी पाली के प्रश्नपत्रों को रखा गया है जबकि तीसरी अलमारी खाली रहती, जिसमें परीक्षा के बाद बचे हुए प्रश्नपत्रों व बाइंडिंग स्लिप और चौथी अलमारी में अतिरिक्त प्रश्न पत्र रखने का गाइडलाइन बोर्ड की ओर से निर्धारित किया गया हैं। यह अलमारियां तीन लेयर की सुरक्षा घेरे में है पहले लेयर में अलमारी को दो तालों से लॉक किया जाएगा। दूसरे लेयर की निगरानी के लिए 24 घंटे तैनात पुलिसकर्मी करेगें व तीसरे लेयर में सीसीटीवी से अलमारियों की निगरानी की जानी है।

### डीआईओएस पहुंचे थे रात में केंद्र पर

सूत्र बताते है कि जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्ता जिलाधिकारी से अनुमति लेकर रात में इलाहाबाद जा रहे थे तभी अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज नकटहा मिश्र मे रिजर्व में रखे गये प्रश्नपत्रो से परीक्षा कराने का सनसनीखेज मामला उनके संज्ञान में आया। इसके बाद डीआईओएस आधे रास्ते से वापस कुशीनगर लौट आये और रात मे ही विभागीय कर्मचारियों के साथ सीधे अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज नकटहा मिश्र पहुचे। सूत्र बताते है कि जिला विद्यालय निरीक्षक ने रात मे ही स्ट्रांग रुम खुलवाकर सभी अलमारियो को चेक किया। जबकि जानकारों का कहना है कि रात में जिलाधिकारी के अनुमति के बगैरह

किसी भी सूरत में किसी भी व्यक्ति द्वारा स्ट्रांग रूम नहीं खोला जा सकता है। जिला विद्यालय निरीक्षक रात में पहुकर स्ट्रांग रूम खुलवाये थे या नहीं इसकी सत्यता वहां लगे सीसीटीवी कैमरा खंगालने के बाद स्पष्ट होगा।

### डीआईओएस बोले

जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्ता का कहना है कि मामले की जांज करायी जा रही है चौथी आलमारी खुली होगी और मामले सत्यता पायी जाती है तो दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। इधर विभागीय सूत्रो ने बताया कि डीआईओएस के निर्देश पर विद्यालय के प्रधानाचार्य / केन्दाध्यक्ष को प्रबंधक ने निलंबित कर दिया है और डीआईओएस ने वहां दूसरे केन्द्र व्यवस्थापक को तैनात कर दिया है।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वरोजगार सृजन को किया जागरूक

**भटनी (देवरिया)।** राजा देवी महिला पी जी कालेज सल्लहपुर भटनी मे चल रहे एन एस एस के विशेष शिविर के छठवे दिन शिविरार्थियों ने प्रभातफेरी व जागरूकता रैली निकाल कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व स्वयंसमूह बनाकर स्वरोजगार परक बनाने कर आर्थिक स्थिति मतबूत करने के लिए किया जागरूक ।इस अवसर पर लोगो को स्वस्थ रहने के लिए योगाभ्यास भी कराया ।स्वास्थ्य ठीक रखने के लिए नियमित योगाभ्यास करने पर बल दिया ।शिविर स्थल प्रा स्कूल सल्लहपुर के प्रांगण मे सामोहिक भोज कराया और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया ।इस अवसर पर प्राचार्य डॉं अमित कुमार राय रितेश श्रीवास्तव राजेश राव नन्दकिशोर तिवारी कार्यालय अधीक्षक सत्यप्रकाश उपाध्याय सहित कालेज के शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे ।विशेष शिविर का समापन सोमवार को होगा ।

## आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध मारने- पीटने और खौलता तेल फेंकने की तहरीर

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम भरौली मे तिलक समारोह के दौरान हुई मारपीट के मामले मे एक व्यक्ति ने आधा दर्जन लोगो पर मारने पीटने के बाद कढाई के खौलते तेल फेंकर कमर जलाने का आरोप लगाते देते हुए थाने मे तहरीर दिया है ।इस सम्बन्ध सलेमपुर कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम भागर्व कोडरा निवासी सुवेनू गोड पुत्र मोतीलाल गोड ने थाने मे दिये गये तहरीर मे लिखा है कि रविवार को मेरे गाँव से ग्राम भरौली थाना भटनी मे तिलक गया था ।जिसमे रात को मेरे गाँव के चार लोग व भरौली गाँव के दो लोग गाली देते हुए मारने पीटने लगे ।साथ ही कढाई मे खौलते तेल को मेरे कमर पर फेंक दिये ।जिससे कमर जल गया है ।इस सम्बंध मे पुलिस का कहना है कि तहरीर मिल गयी है ।जाँचोपरान्त मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी ।

## युवकों को बाइक ने मारी टक्कर , घायल

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम मिर्चवारा में रहने वाले सुजान सिंह पुत्र मज्जूलाल कुर्मी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र अनिल अपने दोस्त ग्राम अनौरा निवासी अमित सिंह पुत्र रामस्वरूप ठाकुर के साथ 15 फरवरी की रात करीब 10 बजे अपने दोस्त की शादी में शामिल होने के लिए बुढ़वार रोड स्थित वृन्दावन मैरिज गार्डन पैदल जा रहे थे। बताया कि नहर की पुलिया के पास विपरीत दिशा से आ रही मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 के. 7706 जिसे बड़ापुरा निवासी हबीब खान पुत्र रसीद खान चला रहा था ने उसके पुत्र अनिल व अमित सिंह को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह दोनों घायल हो गये। बताया कि शादी में शामिल होने जा रहे गांव मिर्चवारा के ही हरीओम पुत्र भगवानदास प्रजापति व अनौरा निवासी भानुप्रताप सिंह पुत्र प्रहलाद सिंह ने दोनों को घायलावस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां दोनों की हालत गंभीर होने पर उन्हें झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां दोनों का उपचार चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने बाइक चालक हबीब खान के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए) व 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

## कर्नाटका व मंगला एक्सप्रेस से मोबाइल फोन्स हुए चोरी

**ललितपुर।** नई दिल्ली के 6/131 रामलीला पार्क सुभाष नगर ब्लाक-6 में रहने वाली आर्या नम्बूदिरी पुत्री के.एस. सुब्रामणियम ने थाना जीआरपी ग्वालियर में तैनात प्रभारी आरक्षी श्याम सिंह को अवगत कराया कि वह अपने परिवार के साथ ट्रेन संख्या 12617 मंगला एक्सप्रेस में त्रिसूर से हजरत निजामुद्दीन की यात्रा कोच संख्या एस-2 के सीट संख्या 66 पर थी। बताया कि रेलवे स्टेशन झांसी पर उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि उसका रियलमी कम्पनी का 10 हजार रुपये कीमत का मोबाइल सी-3, जिसमें एयरटेल की सिम पड़ी हुयी थी को अज्ञात व्यक्ति ने उसकी सीट से उठाकर चोरी कर लिया है। ललितपुर जीआरपी पुलिस ने युवती की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। इधर ट्रेन संख्या 12628 में नई दिल्ली से गुलबर्गा तक के लिए यात्रा कर रहे नई दिल्ली के बी/922, डी.डी.प्लेट लोनी रोड, सहदश निवासी ओमप्रकाश शर्मा पुत्र बी.आर. शर्मा ने जीआरपी पुलिस को बताया कि वह ट्रेन के कोच संख्या बी-1 की सीट संख्या 66 पर सफर कर रहा था। यात्रा के दौरान वह अपना फोन सीट पर तकिये के पास रखे हुये था। सुबह 7 बजे जब उसकी नींद खुली तो उसका मोटोरोला कम्पनी का 10 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन मौके से गायब था। मोबाइल चोरी की शिकायत पीड़ित ने रेलवे हेल्पलाइन नम्बर 139 पर भी दर्ज करायी है। जीआरपी पुलिस ने ओमप्रकाश शर्मा की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

## दो दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन

जिला संवाददाता(vol)

**भटनी(देवरिया)।** विकासखंड भटनी के जिगिना मिश्र, तेंदुआ कुटी में दो दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम केशुभारंभ के दौरान

भारत सरकार कृषि एवम किसान कल्याण मंत्रालय के अधीन बनस्पति संरक्षण ,संगरोध एवम संग्रह निदेशालय के तत्वावधान में जैविक भवन गोरखपुर द्वारा आई पी एम पर दो दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण के उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में शरद कुमार मिश्र प्रोफेसर दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय एवम केन्द्र प्रभारी अधिकारी राजेन्द्र कुमार कुमार व जिला कृषि रक्षा अधिकारी कुमारी इरा मिर्जा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व केन्द्र प्रभारी राजेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि मित्र कीट व शत्रु कीट की पहचान एवम उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के संबोधन में कृषि रक्षा अधिकारी ने आई पी एम की मौजूदा समय मे उपयोगिता व कीटनाशको के हानिकारक प्रभाव व रसायन के सुरक्षित व विवेकपूर्ण उपयोग करने हेतु ज्ञान वर्धक बाते बताई।

इस सन्दर्भ में केंद्र की वैज्ञानिक कुमारी जयंती ने आई पी एम के इतिहास को लेकर व्यवहारिक बिधि पर विस्तृत जानकारी दी। ततपश्चात केन्द्र की अधिकारी श्वेता श्री द्वारा किसानों को समूहों में बाट कर कृषि पारस्थिकी तन्त्र का विश्लेषण करवाया गया साथ ही कीटनाशकों के विवेकपूर्ण उपयोग के बारे में बताया गया।

इसके उपरांत केन्द्र के वैज्ञानिक जटाशंकर पाण्डेय द्वारा ट्राईकोडर्मा से बीज व भूमि शोधन के विषय मे विस्तृत जानकारी दी साथ ही उकठा जड़ सड़न आदि रोगों एवम उसके प्रबन्धन पर विशेष बल दिया। केंद्र वैज्ञानिक मनोज कुमार सिंह ने भी एन पी एस एस ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

कायर्क्रम के दौरान भाजपा नेता व जिला पंचायत अजीत कुमार सिंह जिगिना मिश्र ग्राम प्रधान पति दीपू मिश्र ग्राम प्रधान अमीन अंसारी शिशिर मिश्रा सतेंद्र मिश्रा शरद कुमार मिश्रा बलिस्टर कुशवाहा हीरालाल कुशवाहा मोतीलाल कुशवाहा वेदनारायण मिश्र शिव बक्श मिश्र अदालत यादव एवम केंद्र के कर्मचारी जयप्रकाश सिंह ओमप्रकाश रमेश आदि लोग उपस्थित रहें।

## कब बुलबुल द्वितीय चरण प्रशिक्षण के लिए 373 बच्चे चयनित



**अयोध्या।** बेसिक शिक्षा विभाग में स्काउटिंग अंतर्गत कब बुलबुल के द्वितीय चरण प्रशिक्षण के लिए जनपद से 373 बच्चों को चयनित किया गया हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने जनपद के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए प्रशिक्षण प्रभारी जिला स्काउट

**●जिले की स्काउटिंग में बच्चों को पहली बार अवसर**

मास्टर अनूप मल्होत्रा ने बताया कि जनपदीय स्काउटिंग के इतिहास में प्रथम बार कक्षा तीन और चार के बच्चों को प्रथम चरण योग्यताधारी इन बच्चों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है , जो कि सर्वोच्च स्तर के गोल्डन एरो अवार्ड अर्जित करने की ओर सशक्त कदम है। जिला गाइड कैप्टन निधि महिंद्रा के साथ पूरे जनपद से विषय विशेषज्ञ अध्यापक अध्यापिकाओं के द्वारा योजनाबद्ध ढंग से इन बच्चों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान शिविर में बच्चों को कब ग्रीटिंग, राष्ट्रीय ध्वज के महत्व ,सामान्य ड्रिल, फूलों और पत्तियों की स्क्रैपबुक का निर्माण, मिट्टी के विभिन्न खिलौने बनाना,संरक्षण के उपाय आदि पर विधिवत जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण टीम में सुप्रिया चैरसिया, रेनू सिंह, गीता गुप्ता,अमित लली,पंकज कुमार कनौजिया, ललित कुमार,हरकेश सिंह,भावना गुप्ता,रवि कुमार कनौजिया,सुमित सिंह,गिरीश चंद्र, वन्दना यादव,दीपा चैधरी आदि प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। जनपद में विकासखंड अमानीगंज के प्राथमिक विद्यालय हर्षपुर,प्राथमिक विद्यालय इब्राहिमपुर, प्राथमिक विद्यालय चैधरीपुर , बीकापुर के प्राथमिक विद्यालय कोदैला, मवई में प्राथमिक विद्यालय रजनपुर ,मया में प्राथमिक विद्यालय काजीपुर प्राथमिक विद्यालय गंगापुर ,सोहावल में प्राथमिक विद्यालय सनाहा , प्राथमिक विद्यालय इब्राहिमपुर, प्राथमिक विद्यालय अमानीगंज , बीकापुर के प्राथमिक विद्यालय परोमा, हैरिंगटनगंज के कंपोजिट विद्यालय पाराताजपुर, मसौधा के प्राथमिक विद्यालय कोट सराय,मया की प्राथमिक विद्यालय बेनिया ,मवई में प्राथमिक विद्यालय पूरे गडरिया,पूरा में कंपोजिट विद्यालय दर्शन नगरविद्यालय कटरौली तथा तारुन के प्राथमिक विद्यालय उचगांव एवं नेतवारी में बुलबुल रजत पंख का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

## भाजपा महानगर अध्यक्ष पद के लिए 57 लोगों ने किया आवेदन

अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष के लिए रविवार को आवेदन पत्र लिए गए। सहादतगंज पार्टी कार्यालय में महानगर अध्यक्ष पद के लिए सांगठनिक चुनाव अधिकारी नीलिमा कटियार ने सभी से आवेदन पत्र लिए। सायं चार बजे से 6 बजे तक आवेदन पत्र जमा करने की प्रक्रिया चली। इस दौरान महानगर अध्यक्ष पद के लिए 57 लोगों ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है। महानगर अध्यक्ष पद के प्रमुख दावेदारों में पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र, शैलेन्द्र कोरी, परमानंद मिश्र, राकेश मणि त्रिपाठी,सिंह, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, संजय शुक्ला, कमलाकांत सुन्दरम्, मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह, विशाल मिश्र, डा. अवधेश वर्मा, अभय सिंह, रणधीर सिंह डब्लू, प्रतीक श्रीवास्तव, हरीश कुमार श्रीवास्तव, आकाश मणि त्रिपाठी, सुशील मिश्र बब्लू, आलोक द्विवेदी, रामप्रीत वर्मा, हरभजन गौड़, सूरज सोनकर, आलोक द्विवेदी, ने अपने आवेदन पत्र दिए। महिलाओं में महानगर अध्यक्ष महिला मोर्चा आशा गौड़, प्रतिमा शुक्ला, रीना द्विवेदी ने भी महानगर अध्यक्ष के लिए आवेदन किया। चुनाव अधिकारी नीलिमा कटियार ने बताया कि महानगर अध्यक्ष के लिए आवेदन पत्रों को लिया गया है। जिसे प्रदेश कार्यालय में जमा करवाया जाएगा। जिसके उपरांत प्रदेश स्तर पर विचार विर्मश के उपरान्त प्रदेश चुनाव अधिकारी डा महेन्द्र नाथ पाण्डेय की संस्तुति पर महानगर अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी।

## ब्राह्मण बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार कराने का निर्णय

जिला संवाददाता(vol)



**अयोध्या।** अखिल भारतीय चाणक्य परिषद एवं श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कृपा निधान तिवारी के नेतृत्व में संपन्न दर्शन नगर सूर्यकुंड पर सम्पन्न बैठक में आगामी 23 एवं 24 मार्च को ब्राह्मण बैठकों का निशुल्क यज्ञोपवीत संस्कार कराने और अधिक से अधिक समाज के नवयुवकों एवं ब्राह्मण बटुको को संस्कारवान बनाने का निर्णय परिषद द्वारा लिया गया। यह कार्यक्रम परिषद द्वारा लगातार 3 दशकों से चलाया जा रहा है।

अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष लषणधर त्रिपाठी व संचालन जिला प्रवक्ता दुर्गा प्रसाद मिश्र एडवोकेट ने किया ।बैठक के मुख्य अतिथि परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित कृपा निधान तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कृत डॉक्टर शिवकुमार मिश्र चाणक्य धारा के संपादक डॉ राम तेज पांडे रहे। परिषद के स्थापना दिवस 14 जनवरी 2025 की उपस्थित सभी ने परिषद के कार्यों की प्रशंसा की।

जिला कोषाध्यक्ष उमाशंकर तिवारी ने विस्तार से लेखा-जोखा प्रस्तुत किया ।सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार 23 व 24 मार्च को धूमधाम से संपन्न करने का संकल्प लिया। बैठक मे प्रयाग दत्त तिवारी रामचरित्र पांडे देवेंद्र पांडे ज्वाला प्रसाद दुबे अशोक कुमार तिवारी देवेंद्र कुमार मिश्र देवी प्रसाद दुबे रामजन्म पांडे श्रीकांत द्विवेदी जगदीश चंद्र मिश्र राम तिलक पांडे डॉ रामकृष्ण तिवारी उमाशंकर तिवारी विनोद तिवारी करुणा निधान तिवारी चंद्रशेखर पांडे परमानंद पाठक पंडित राम सुरेंद्र मिश्र दिनेश कुमार मिश्र प्रभाशंकर पांडे दीपांशु दुबे वृषकेतु पांडे राजेंद्र प्रसाद तिवारी दुख हरण शुक्ल गोकुल शुक्ल कंचन तिवारी कृष्ण प्रसाद तिवारी अजीत कुमार तिवारी अजय तिवारी विक्रमजीत तिवारी सूरज तिवारी सत्यम तिवारी द्वारिका प्रसाद पांडे राम भरत पांडे अंबिका तिवारी जयशंकर तिवारी डॉक्टर ऋषि कुमार पांडे अमित कुमार पांडे आदि ने उपस्थित रहकर अपने विचार रखें।

## रॉयल किंग ने हरीबाबू वॉरियर्स को 31 रनों से दी मात



जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित ललितपुर सीनियर क्रिकेट खिलाड़ियों के मध्य महामुकाबला स्पोर्ट्स स्टेडियम में दूसरी बार शानदार आयोजन किया गया, जिसमें प्रमोद चैबे रायल किंग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हरीबाबू शर्मा वॉरियर्स को 31 रनों से हराकर ट्राफी पर कब्जा किया।

टॉस प्रमोद चैबे रायल किंग ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और शानदार प्रदर्शन करते हुए 137 रन बनाए, जिसमें कप्तान प्रमोद चैबे ने 7 चैंके की मदद से 34 रनों का योगदान दिया एवं विजय निरंजन 31 रन, संजय बादल ने 30 रन, पुष्पेंद्र राजा ने 19 रन, अमित लिंकन 18 रन बनाए। लक्ष्य का फैसला पीछा करने उतरी हरीबाबू शर्मा वॉरियर्स के खिलाड़ी एक के बाद एक बल्लेबाज आउट होते गए हैं और सभी विकेट खोकर 106 बना सकी, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए जितेन्द्र विक्रम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 45 रन सिद्धेश सोनी ने 26 रनों का योगदान दिया।

प्रमोद चैबे रायल किंग की ओर से बॉल करते हुए धर्मेंद्र गोस्वामी ने पांच विकेट लिए, संजय बादल ने 2 विकेट एवं प्रमोद चैबे ने 2 विकेट झटके। मैच के मुख्य अतिथि जिला क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजकुमार कौशिक मनगुवां एवं प्रदीप खटीक रहे। मैच के दौरान अध्यक्ष शत्रुघन यादव, सचिव बृजबिहारी मिश्रा, कोषाध्यक्ष कृष्णकांत साहू, हरीबाबू शर्मा, प्रमोद चैबे, शिवकुमार तिवारी, पवन परमार, धर्मेंद्र गोस्वामी, अमित लिंकन, सुनील पुरोहित, नरेंद्र राजा, पुष्पेंद्र राजपूत, पुष्पेंद्र राजा, अशोक श्रीवास्तव, टोनी, बृजेश पांडिया, मिर्जा फहीम बेग, इशराक खान नीटू, विभांशु तिवारी, सोनूराजा परमार, अनिल सिंघानिया, संजय राठौर, विनोद साहू, संजय बादल, अजहरुद्दीन अंसारी, पत्रकार आशीष तिवारी, दिव्यांश शर्मा, कृष्णकांत सोनी, देवेंद्र पाठक, धर्मेंद्र कुमार, सफीक खान आदि मौजूद रहे। अंपायर की भूमिका विभांशु तिवारी सोनू, राजा परमार, कॉमेंटेटर मिर्जा फहीम बेग, स्कोर की भूमिका इशराक खान ने निभाई। सचिव बृज बिहारी मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## हेडफोन की लत ने ली चार बच्चों के पिता की जान

बरेली। आधुनिक तकनीक और डिजिटल गैजेट्स की दुनिया ने इंसान की जिंदगी को जितना आसान बनाया है। उतना ही यह कई बार उसकी मौत का कारण भी बन जाता है। ऐसा ही एक दर्दनाक हादसा के स्वालेनगर रेलवे क्रासिंग पर हुआ। जहां हेडफोन लगाए ट्रैक पार कर रहे संजय उर्फ तन्ने को ट्रेन ने कुचल दिया। इस लापरवाही ने न सिर्फ उनकी जिंदगी छीन ली। बल्कि उनके परिवार को भी गहरे सदमे में डाल दिया। दो दिन पहले स्वालेनगर रेलवे क्रासिंग पर एक अज्ञात शव मिला था। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया था। मृतक के पास कोई पहचान पत्र नहीं मिला। जिससे उसकी पहचान नहीं हो पाई। इस दौरान कुंवरपुर के रहने वाले संजय उर्फ तन्ने के परिवार ने उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दो दिन तक परिवार उन्हें तलाशता रहा। लेकिन कोई खबर नहीं मिली। आखिरकार जब परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और शव देखा। तो उनकी दुनिया ही उजड़ गई। शव संजय का ही था।

## रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे का हुआ स्वागत

जिला संवाददाता(vol)



**सोहावल-अयोध्या।** राष्ट्रीय लोकदल फैजाबाद में भी एक विधानसभा और एक ब्लॉक प्रमुख का चुनाव एनडीए के साथ मिलकर लड़ेगा उक्त आशय की घोषणा आज मुबारकगंज चैराहे पर युवा नेता गंगाराम वर्मा की अगुवाई में हुए स्वागत समारोह में राष्ट्रीय लोकदल के नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने कही। प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वैष नाथ मिश्र सुडडू मिश्रा की अगुवाई में हुए हजारों कार्यकताओं के साथ स्वागत से अभिभूत श्री दुबे ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा की राष्ट्रीय लोकदल फैजाबाद और खास करके बीकापुर विधानसभा में हमेशा से ही मजबूत रहा है। आज की संख्या देखकर लग भी रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चैधरी का विचार है कि आने वाले दिनों में पश्चिम के अलावा बुंदेलखंड मध्य और पूर्वांचल में भी पार्टी पंचायत का चुनाव ब्लाक प्रमुख का चुनाव और विधानसभा के चुनाव पर लड़ने का भी विचार कर रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अवध जोन के महासचिव राजेश तिवारी बीकापुर विधानसभा के अध्यक्ष अनिल पाण्डेय बंशराज वर्मा और गंगाराम वर्मा ने भी अपने भाव से और शब्दों से राष्ट्रीय महासचिव का स्वागत किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय लोकदल अवध जोन के महासचिव भाई राजेश तिवारी जी जिला उपाध्यक्ष भाई वीरेंद्र कुमार मिश्रा महासचिव दीनानाथ तिवारी युवा महासचिव गौतम तिवारी रालोद नेता गंगाराम वर्मा हंसराज वर्मा डॉक्टर उत्तम वर्मा अर्जुन पाण्डेय घनश्याम तिवारी करुणाकर दुबे अतुल पाण्डेय महेंद्र पाण्डेय मन्नान बेग शादान खान रंजन मिश्रा संतोष मिश्रा गुड्डू अंकित मिश्रा दुर्गेश शर्मा शिव कुमार चैबे सुनील पाण्डेय थरेरू दीनानाथ तिवारी दिनेश पाण्डेय भगवान पाण्डेय मुबारकगंज जीवधारी पाण्डेय देवराकोट शिव कुमार वर्मा मालेन्द्र तिवारी पूर्व प्रधान राजेश तिवारी प्रधान कप्तान तिवारी प्रधान अनिल पाण्डेय फौजी गिरीश प्रताप सिंह राकेश मिश्रा सुल्तान खान बिपिन रावत अभिमन्यु पाण्डेय दिनेश वर्मा घनश्याम कनौजिया श्याम पाण्डेय अतुल पाण्डेय उमा शंकर पाण्डेय महेंद्र पाण्डेय कालिका पाण्डेय पवन पाण्डेय विनोद पाण्डेय मनोज वर्मा उमेश वर्मा राम प्रहलाद राम जीत वर्मा विक्रमजीत वर्मा समरजीत वर्मा दिनेश वर्मा मुकेश वर्मा शुभम वर्मा कमलेश वर्मा पिंटू वर्मा राहुल वर्मा राकेश रावत विनोद पाण्डेय प्रदीप वर्मा रमेश वर्मा लाल बहादुर आजा राम वर्मा शिव कुमार वर्मा शुभेंद्र वर्मा उर्फ गुड्डू आदि साथी पार्टी कार्यकर्ता शामिल रहे ।

# प्रसूता का शव जिला महिला अस्पताल परिसर में रखकर जताया आक्रोश

## दो दिनों पूर्व राज्य महिला आयोग की सदस्य के महिला अस्पताल दौरे में एक प्रसूता की सास ने लगाया था 6 हजार सुविधा शुल्क वसूलने का आरोप

देवेंद्र पाठक

**ललितपुर।** जनपद में स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह से चरमरा गई हैं, भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरा गईं हैं कि सरकारी डॉक्टर्स बिना घूस के काम नहीं कर रहे, मरते हुये मरीजों की चिकित्सा नहीं कर रहे। नगर सहित जनपद भर में बिना लाइसेंस के क्लीनिक एवं फर्जी अस्पताल चल रहे हैं, जहां सीजर हो रहे हैं, बाकायदा इसके लिए सरकारी अस्पतालों में दलाल भी खुलेआम घूम रहे हैं, जो गम्भीर हालात वाले मरीजों को भी बेहतर उपचार दिलाने का आश्वासन लेकर अपनी दलाली कर रहे हैं। अभी गत 27 फरवरी को मेडिकल कालेज स्थित जिला महिला अस्पताल में 6 हजार रुपए की रिश्वत अर्थात सुविधाशुल्क लेने का मामला ठंडा नहीं हो सका था कि 1 मार्च की रात्रि में एक प्रसूता को हालत गम्भीर होने के बावजूद भी सुविधा शुल्क के चक्कर में इलाज नहीं दिया गया, जिससे प्रसूता की मौत हो गई। अब इतना कुछ होने बावजूद भी जनपद का कोई भी प्रतिनिधि इस गम्भीर मामले में कार्यवाही के लिए आगे नहीं आया है। जिससे लग रहा है कि भ्रष्ट अफसरशाही एवं जनप्रतिनिधियों की खाऊ कमाऊ नीति के आगे जनपद का नागरिक अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है।

1 मार्च की रात्रि में एक प्रसूता को हालत गम्भीर होने के बावजूद भी इलाज नहीं दिया गया, जिससे प्रसूता की मौत हो गई। शनिवार रात दस बजे से शहर के दर्जनों युवाओं ने प्रसूता की मौत पर आक्रोशित होकर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडीकल कॉलेज) के महिला अस्पताल में संयमित रूप से अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रसव कराने आयी महिला के ऑपरेशन को लेकर पांच हजार रुपये की अवैध मांग करने और रुपये न देने पर इलाज को मना करने की बात सामने आयी है। प्रसूता की मौत होने के बाद मृतका के परिजनों के अलावा दर्जनों युवाओं ने शव लेकर अस्पताल परिसर पहुंच कर नारेबाजी शुरू कर दी। इसी बीच सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचे उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभूषण प्रताप व क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय ने युवाओं को समझाया, जिस पर युवाओं ने तत्काल कार्यवाही और एफआईआर दर्ज किये जाने की पुरजोर मांग उठायी।

- प्रसूता के पति ने सुविधा शुल्क न दिये जाने पर उसकी पत्नी का आपरेशन न करने का लगाया आरोप
- मृतका के परिजनों सहित अन्य लोगों ने अव्यवस्थाओं के प्रति जताया आक्रोश
- मेडिकल कालेज ललितपुर बना उगाही का अड्डा

शनिवार को अपराह्न महिला अस्पताल में प्रसव कराने पहुंची शहर की एक प्रसूता मालती सोनी को घण्टों तक देखा ही नहीं गया। यहां प्रसूता के पति का आरोप है कि उसकी पत्नी की दूसरे प्रसव को ऑपरेशन से किया जाना था, जिसके एवज में मेडीकल ऑफीसर समेत दो महिला चिकित्सकों ने रुपयों की मांग की। रुपये न देने पर महिला चिकित्सकों ने प्रसूता का उपचार करने से इंकार कर दिया। महिला ने दर्द सहते-सहते प्राण तज दिये।

महिला की मौत होने के बाद रात करीब 10 बजे मृतका के परिजन शव के साथ महिला अस्पताल पहुंचे, जहां दर्जनों युवाओं ने अस्पताल परिसर में बैठकर जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। देखते ही देखते यह भीड़ काफी बढ़ गयी और नारेबाजी ने जोर पकड़ लिया। प्रकरण की जानकारी



होते ही एसडीएम व सीओ अस्पताल जा पहुंचे, जहां करीब दो घण्टे से अधिक चले प्रदर्शन के दौरान अधिकारी प्रदर्शनकारियों को समझाते ही नजर आये। लेकिन प्रदर्शनकारी दोनों महिला चिकित्सकों पर तत्काल कार्यवाही कर एफआईआर दर्ज कराये जाने की मांग उठाते रहे। मीडिया कर्मियों की उपस्थिति में जमकर हुये प्रदर्शन के बीच मेडीकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डा.डी.नाथ भी अस्पताल जा पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदर्शनकारियों से वार्ता करते हुये महिला रोग विशेषज्ञ स्वाति खरे को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया और तीन सदस्यीय कमेटी का गठन कर 24 घण्टे में आख्या देने के निर्देश जारी किये।

### क्या था पूरा मामला

प्रकरण को लेकर बताया जा रहा है कि आजादपुरा निवासी नवीन सोनी अपनी पत्नी मालती सोनी के दूसरी बार प्रसव के लिए महिला अस्पताल पहुंचे थे। यहां नवीन का आरोप है कि प्रसव में ऑपरेशन के नाम पर उनसे मेडीकल ऑफीसर डा.स्वाति खरे व प्रियांशी असाटी ने ऑपरेशन करने के एवज में पैसों की मांग की। पैसे न होने का हवाला देने पर महिला चिकित्सकों ने प्रसूता का उपचार करने से इंकार कर दिया। इसी बीच दर्द से कराह रही उसकी पत्नी मालती सोनी की मौके पर मौत हो गयी।

डा. स्वाति को किया निलम्बित जबकि प्रियांषी असाटी पर मेहरबानी

प्रदर्शनकारियों की मांग पर मेडीकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डा.डी.नाथ ने स्त्री रोग विशेषज्ञ डा.स्वाति खरे को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया तो वहीं तीन सदस्यीय कमेटी बनाकर 24 घण्टे में आख्या मांगी है। जांच कमेटी में अध्यक्ष वरिष्ठ ऑर्थो सर्जन डा.के.के.मिश्रा व सदस्य वरिष्ठ सर्जन डा.डी.के.राज और सहायक आचार्य डा.रजनी रतमेले को शामिल किया गया है। जबकि मृतका के पति ने दोनों ही डॉक्टरों डा0 स्वाति एवं डा0 प्रियांशी असाटी पर आपरेशन के लिए रुपए मांगने का आरोप लगाया था।

### जिलाधिकारी आवास के पास किया प्रदर्शन

रात करीब डेढ़ बजे अस्पताल प्रशासन द्वारा कार्यवाही किये जाने के बाद कुछ युवा कलेक्ट्रेट चैराहा पहुंचे, जहां उन्होंने नारेबाजी शुरू कर दी। रात करीब ढ़ाई से तीन बजे के मध्य वीवीआईपी जोन में प्रदर्शन से पुलिस भी हरकत में आ गयी। सूत्र बताते हैं कि कुछ समय और प्रदर्शन किया जाता तो पुलिस लाठी-चार्ज करने से पीछे नहीं हटती। लेकिन समय रहते युवाओं को मौके से हटाया गया, तब कहीं जाकर मामला शान्त हो सका।

**एसडीएम व सीओ की मौजूदगी में संभाला मामला**

शनिवार की देर रात दर्जनों युवाओं के जोरदार प्रदर्शन के बीच पहुंचे एसडीएम सदर चन्द्रभूषण प्रताप व क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय ने मोर्चा संभाले रखा और प्रदर्शनकारियों की समस्या को सुनकर यथोचित कार्यवाही के लिए आश्वास्त किया। मौके पर किसी प्रकार की अनहोनी घटना न हो इसके लिए शहर कोतवाल रमेशचंद्र मिश्रा भी दलबल के साथ मौजूद रहे।

### प्राइवेट अस्पतालों के दलालों की सक्रियता पर सवाल

प्रदर्शन के दौरान एक बात यह भी प्रकाश में आयी कि सरकारी महिला अस्पताल में दलालों की सक्रियता काफी बढ़ गयी है, जिसके चलते ग्रामीण अंचलों से आने वाली प्रसूताओं व उनके तीमारदारों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं दिलाने का आश्वासन देकर दलाल प्रसूताओं को निजी अस्पतालों में भेज रहे हैं, जिससे प्रसूता के परिजन को भारी आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। दलालों की सक्रियता को लेकर पहले भी कई बार शिकायतें, सवाल उठाये गये हैं, लेकिन ठोस कार्यवाही न होने के कारण प्राईवेट अस्पतालों के दलालों की सक्रियता भी बढ़ गयी है।

**डीएम ने जांच कमेटी का किया गठन, शीघ्र मांगी रिपोर्ट**

मेडिकल कॉलेज के महिला अस्पताल में बिना उपचार महिला की मौत के मामले में डीएम अक्षय त्रिपाठी ने जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी का गठन कर शीघ्र आख्या देने के आदेश जारी किये हैं। चार सदस्यीय जांच कमेटी में अध्यक्ष सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, सदस्य एसडीएम सदर, क्षेत्राधिकारी सदर, प्रभारी अधीक्षक पीएचसी दैलवारा डा.सुनीता दिवाकर को शामिल किया गया है।

### मां गायत्री हॉस्पिटल पर पड़ा छापा, भागे डाक्टर

इलाइट चौराहे से झांसी रोड स्थित मां गायत्री हॉस्पिटल में जिला प्रशासन ने छापेमार कार्यवाही की। छापा पड़ते ही अस्पताल में मौजूद चिकित्सक भाग निकले। वहीं दूसरी ओर चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को जिला अस्पताल में शिफ्ट किया गया है।

कयास लगाये जा रहे हैं कि मां गायत्री हॉस्पिटल को सीज करने की कार्यवाही की जायेगी। इस कार्यवाही के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.इम्तियाज अहमद, उपजिलाधिकारी सदर चन्द्रभूषण प्रताप, सीओ सिटी अभय नारायण राय मौके पर मौजूद थे और जांच-पड़ताल जारी थी। बताया जा रहा है कि विगत 12 फरवरी को जांच के दौरान मां गायत्री हॉस्पिटल को नोटिस दिया गया था, जिसके बाद यह कार्यवाही अमल में लायी गयी। बताया जा रहा कि जिला महिला अस्पताल परिसर में मौजूद एक दलाल ने इस अस्पताल में भेजा था मृतका एवं उसके परिजनों को।

### आखिर सीसीटी कैमरे कैसे हुए खराब

मेडिकल कालेज में खुलेआम मनमानी का खेल चल रहा है, पूर्व में डॉक्टरों के वाद-विवाद हुये, एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप के दौर चले। रिश्वत मामले में अब जांच कमेटी बनी तो पाया गया कि वहां पर लगे कैमरे ही खराब हैं या कर दिये गये हैं।

**डीएम ने बनाई जांच कमेटी**

जिलाधिकारी ने मृतक महिला के पति की शिकायत पर चार सदस्यीय जांच समिति भी गठित कर दी है। जिसमें सीएमओ को अध्यक्ष एवं एसडीएम सदर, क्षेत्राधिकारी पुलिस सदर, डा0 सुनीता दिवाकर को सदस्य बनाया है।

### खेत से लौट रही महिला को बाइक ने मारी टक्कर

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम मड़वारी निवासी माया पत्नी स्व.भगवानदास ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि विगत 2 जनवरी 2025 की शाम करीब 5 बजे वह अपने बच्चों के साथ खेत से घर अपनी साइड से आ रही थी। आरोप है कि तभी ग्राम भरतपुरा में रहने वाले अवधेश पुत्र हन्नू यादव ने पीछे से तेज गति से मोटर साइकिल चलाते हुये आया और उसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह दूर जा गिरी। तभी खेत से साथ में आ रही राजा पत्नी रामपाल, हरकुंवर पत्नी देवीलाल व कल्यान पुत्र भूरे ने उक्त घटना को देखा और एम्ब्युलेंस को बुलाया, जिससे वह उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंची। बताया कि इस घटना से उसका बांया हाथ व बांया पैर टूट गया, जिसमें रॉड डाली गयी है। वहीं बांया कूल्हा भी टूट गया है। पीड़िता ने बताया कि मामले की सूचना चैकी राजघाट पुलिस को दी गयी थी, लेकिन कार्यवाही नहीं की गयी। अब एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 व 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

### सीईओ/नोडल अधिकारी की समीक्षा बैठक आज

**ललितपुर।** मुख्य विकास अधिकारी कमलाकान्त पाण्डेय ने अवगत कराया है कि बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण/नोडल अधिकारी अमृत त्रिपाठी का ललितपुर भ्रमण कार्यक्रम तय किया गया है। तय कार्यक्रम के अनुसार 2 मार्च को अपराह्न 5 बजे स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का निरीक्षण, 3 मार्च को सुबह 9.30 से 10.30 बजे तक प्रभारी मंत्री के भ्रमण के दौरान बीती 10 दिसम्बर से 24 जनवरी तक के स्थलीय निरीक्षण व विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के कार्यवृत्त की परिपालन आख्या के अनुपालन में किये जाने की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में किया जायेगा। 11 से 12 बजे तक किसी एक गांव का निरीक्षण किया जायेगा।

### दो तस्कर गिरफ्तार

**बरेली।** पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान दो स्मैक तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपियों के पास से 515 ग्राम स्मैक और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। थाना अध्यक्ष अमित कुमार बालियान के अनुसार शनिवार रात करीब 11:30 बजे पुलिस टीम गश्त पर थी। तभी सूचना मिली कि रामपुरा चौराहा-अमौर मार्ग पर मुन्ना डॉन के बाग के पास दो संदिग्ध व्यक्ति एक मोटरसाइकिल के साथ खड़े हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो दोनों भागने लगे। लेकिन उन्हें घेराबंदी कर दबोच लिया गया।

# नकली मेहमान, असली चोर शादी में आये, दुल्हन के गहने ले गये

**बहेड़ी, बरेली।** शादी का माहौल, धमाकेदार डांस, चमचमाते कपड़े और ढेर सारी मस्तीङ्कलेकिन इस बार मेहमानों के बीच छिपे थे स्पेशल गेस्ट झ यानी वीआईपी चोर। ये लोग सिर्फ खाने-पीने या डांस के लिए नहीं आए थे। बल्कि इनका असली निशाना था दुल्हन के गहनों से भरा बैग।बीती 12 फरवरी को किंग रिसोर्ट, मंडनपुर में मोहम्मद जोरेज की बहन की शादी थी। धूमधाम से चल रहा समारोह अचानक तनाव में बदल गया। जब दुल्हन के गहनों से भरा गुलाबी बैग गायब हो गया। इस बैग में थे सोने का हार, चूड़ियां, ब्रेसलेट, अंगूठियां, नथ और कुल मिलाकर 19 लाख के गहने। तत्काल पुलिस हरकत में आई और शादी की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी खंगालनी शुरू की। एक संदिग्ध चेहरे पर नजर गई तो पुलिस ने अपनी जासूसी स्किल्स ऑन कर दीं। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से तीन संदिग्धों को ट्रैक किया और मेगा फूड पार्क के पास धर दबोचा। पूछताछ में उनका मास्टर

- शादियों में नए कपड़े पहनकर आते थे वीआईपी चोर, पुलिस ने खोली पोल
- दुल्हन के 19 लाख के गहनों पर किया हाथ साफ
- देशभर में शादी-बारातों में मचाई थी हलचल, तीन गिरफ्तार



प्लान सामने आया ये - गैंग शादी-बारातों में बिलकुल नए कपड़े पहनकर जाता ताकि शक न हो। फिर मौका मिलते ही गहनों और पैसे पर हाथ साफ कर देता। आरोपियों के कब्जे से दुल्हन का गहनों से भरा गुलाबी बैग, 18 हजार रुपये नगद, एक तमंचा और जिंदा कारतूस और मध्य प्रदेश नंबर की बाइक को बरामद किया है। पकड़े गए आरोपी प्रदीप कुमार निवासी ग्राम कढिया बोंडा जिला राजगढ़, अमित निवासी ग्राम लक्ष्मीपुरा, राजस्थान, कुशांत निवासी बरसात, मध्य प्रदेश हैं। तीनों पर पहले से बहेड़ी, बारादरी और बिजनौर में कई मुकदमे दर्ज हैं।

**अब होंगे बाराती नहीं, हवालाती**

सीओ बहेड़ी अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शानदार काम करते हुए इस गैंग को पकड़ लिया। बहेड़ी पुलिस ने चोरों की बारात को सीधा जेल पहुंचा दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में इंस्पेक्टर संजय तोमर, दरोगा अमित कुमार, प्रदीप कुमार, सनी चौधरी, रजनीश कुमार, राहुल कुमार, अंकित सिंह बघेल, सिपाही शिवांशु राठी, श्याम सुंदर, सर्विलांस टीम के दरोगा सत्येंद्र कुमार शामिल रहे।

# नगीना सांसद चंद्रशेखर के काफिले पर हमले से कार्यकर्ताओं में उबाल, सौंपा ज्ञापन

**बिजनौर।** नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के काफिले पर मथुरा में हुए हमले के विरोध में आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगीना एसडीएम अशुतोष प्यारेलाल जैसवाल को ज्ञापन सौंपकर हमलावरों को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग की है। आजाद समाज पार्टी के मुस्लिम भाईचारा कमेटी के जिला संयोजक परवेज पाशी के नेतृत्व में बीते दिन भारी संख्या में पहंचे कार्यकर्ताओं ने आक्रोश जताते हुए नगीना एसडीएम आशुतोष प्यारेलाल जैसवाल को एक ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से हमलावरों की तत्काल गिरफ्तारी व सांसद चंद्रशेखर की सुरक्षा बढ़ाई जाने



की मांग की गई। इस मौके पर सय्यद आदिल, धर्म सिंह, जिला सचिव आसपा, सुमित बौद्ध, धर्मवीर सिंह देव, एडवोकेट सुनील कुमार, नदीम अहमद, शहजाद एडवोकेट, आशीष रवि, मोहम्मद राशिद, काजी अनस, मोहम्मद खालिद, मोहम्मद जाकिर, गुड्डू अंसारी, शानू मंसूरी, इकरार अहमद, हसीब अंसारी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मजदूरों ने मांगा अपना अधिकार

**ललितपुर।** रेडीमेड, साड़ियों जूता-चप्पल के अलावा शॉपिंग मॉल्स पर काम करने वाले मजदूरों ने लामबंद होकर सहायक श्रमायुक्त और श्रम प्रवर्तन अधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में बताया कि दुकानों पर शासन से निर्धारित समय और मानदेय के अनुरूप अधिक समय तक कम मानदेय में काम कराया जा रहा है, तो वहीं साप्ताहिक बंदी के आदेश के बावजूद भी दुकान, मॉल संचालकों द्वारा काम कराया जा रहा है। मजदूरों ने बताया कि सप्ताह में एक दिन अवकाश के लिए मिलता है, जिससे वह परिवार के साथ खुश रहते हैं। लेकिन विगत दो सप्ताहों से आलाधिकारियों के मौखिक आदेश पर साप्ताहिक बंदी को समाप्त कर व्यापारियों को दुकान खोलने की अनुमति दी गयी है और पिछले दो सप्ताह से दुकानें व मॉल खुल रहे हैं, जिससे मजदूरों के अधिकारों का हनन हो रहा है। मजदूरों ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी से शासनादेश के अनुसार निर्धारित समय और निर्धारित मानदेय देकर ही काम लिये जाने की दिशा में समुचित कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। इसके अलावा मजदूरों ने सम्बन्धित व्यापारियों से रजिस्टर्ड कराकर नियुक्ति पत्र दिलाये जाने और खातों में मानदेय भेजे जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय सनत कुमार, दीपक यादव, साहिल पटेल, अयान, राजेश, रानू नामदेव, मोनू, रितिक, दीपक, अरविन्द, वीरू, दशरथ, राज सोनी, निखिल, कैलाश, मोहित, रोहित, प्रिंस के अलावा अनेकों मजदूर मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

जिला संवाददाता(vol)

**बिजनौर।** राष्ट्रीय एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर जनपद बिजनौर में 08 मार्च 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसके भव्य प्रचार-प्रसार के लिए बीते दिन बिजनौर जजी परिसर से जनपद के विभिन्न स्थानों पर प्रचार-प्रसार वाहनों को अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम राम अवतार यादव, नोडल ऑफिसर लोक अदालत अवधेश कुमार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर श्रेय शुक्ला व अन्य न्यायिक अधिकारीगण व लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम बिजनौर द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। अपर जनपद न्यायाधीश राम अवतार यादव ने इस मौके पर जानकारी दी गई कि 08 मार्च



2025 को जजी परिसर, बिजनौर व बाह्य न्यायालय क्रमशः नगीना, नजीबाबाद, चान्दपुर व धामपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

जिसमें पक्षकार अपने वाद को आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करा सकते है। लोक अदालत की प्रक्रिया अत्यन्त सरल व सुगम है जिसमें आप समस्त प्रकार के शमनीय आपराधिक मामले, चैक बाउन्स से सम्बन्धित धारा 138 एन0आई0एक्ट, बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, बिजली-जल के बिल से सम्बन्धित शमनीय दण्ड वाद, राजस्व वाद, सिविल वाद, आरबिट्रेशन से सम्बन्धित वाद, प्री-लिटिगेशन वैवाहिक वादों को कानूनी जटिलता से परे सरलता के साथ निपटा सकते है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रेय शुक्ला द्वारा जानकारी दी गई कि यदि किसी भी पक्षकार को लोक अदालत वाले दिन अपने वाद के निस्तारण के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की असुविधा होती है तो वह सीधे जजी परिसर स्थित कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर से सम्पर्क कर सकता है। साथ ही सचिव महोदय द्वारा लघु प्रकृति के आपराधिक वादों के निस्तारण हेतु 05, 06 एवं 07 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के बारे में भी जानकारी देते हुये बताया गया कि उक्त विशेष लोक अदालतों में पक्षकार आपराधिक प्रकृति के लघु वादों का निस्तारण सरल एवं सुगम तरीके से करा सकते है। अतैव वादकारीगण उपरोक्त दिनांक, समय व स्थान पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर, उपरोक्त रिति से अपने-अपने वाद का निस्तारण करा, उक्त वर्णित लोक अदालतों का लाभ उठायें। उक्त कार्यक्रम में अपर जनपद न्यायाधीश प्रशांत मित्तल, अपर जनपद न्यायाधीश राम लाल, अपर जनपद न्यायाधीश तालेवर सिंह, अपर जनपद न्यायाधीश अतिरिक्त पोक्सों प्रकाश चन्द्र शुक्ला, अपर जनपद न्यायाधीश निजेन्द्र कुमार, लघुवाद न्यायाधीश नितेश सिन्हा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नरेन्द्र कुमार, सिविल जज सी0डि0 अंशुमन धुन्ना, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय अजय कुमार, अपर सिविल जज जू0डि0 एकता सिंह, सिविल जज जू0डि0 साधना सिंह, लीड बैंक मैनेजर पंजाब नेशनल बैंक जितेन्द्र कुमार गुप्ता, चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल प्रवीण सिंह देशवाल, कर्मचारीगण एवं पराविधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

### पीताम्बरा मां की निकली भव्य शोभा यात्रा



**बांदा।** शहर में पीताम्बरा माई मंदिर का द्वितीय वार्षिक उत्सव, विशाल भंडारा एवं भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। घोड़ा, बग्घी में पीताम्बरा माई और खाटू श्यामजी की प्रतिमा को विराजमान कर नगर में भ्रमण कराया गया। भगवान की झांकियों के रूप में भक्तों ने पूजा-अर्चना की। जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। शोभा यात्रा रामलीला मैदान, महेश्वरी देवी, सराफां बाजार, गूलरनाका, अलीगंज चैकी, कालुकुआं चैराहा, गल्ला मंडी से सीधे तिंदवारी रोड स्थित पीताम्बरा मंदिर पहुंची। इस दौरान सुरक्षा को लेकर जगह-जगह सड़क किनारे पुलिस के इंतजाम रहे। खाने-पीने के स्टॉल लगाए गये। लोगों ने पूजा-अर्चना कर भंडारे का प्रसाद चखा। शोभा यात्रा में अनुराग, मालती बासू, रजत सेठ, अंकित बासू, राजकुमार राज, अमित सेठ भोलू, पप्पू शिवहरे, विनोद द्विवेदी, मोंटू गुप्ता, अम्बरीश त्रिपाठी, अमित गुप्ता, सुनील सक्सेना, राजू त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

### समस्याओं को लेकर बैंक संगठन पदाधिकारियों की बैठक

**बांदा।** बैंक अधिकारियों की महत्वपूर्ण मांगों के प्रति नकारात्मक तथा उदासीन रवैया अपनाने पर मजबूर होकर बैंक ऑफ बड़ौदा एसोसिएशन की बैठक हुई। बैठक में जिला मंत्री कुलदीप यादव ने कहा कि अधिकारियों के ढुलमुल रवैये से मजबूर होकर यूनाईटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन ने 24 व 25 मार्च को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की घोषणा की है। इस बात को लेकर बैंक कर्मचारियों में संघर्ष के अलावा कोई विकल्प नह बचा है। हमारी प्रमुख मांगों में बैंकिंग उद्योग में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह का कार्यान्वयन, सभी संवर्गों में पर्याप्त भर्तियां, सभी अस्थाई कर्मचारियों को नियमित करना, शाखाओं के अंदर कर्मचारियों और अधिकारियों पर हो रहे हमलों से सुरक्षा करना, रियायती दरों में मिलने वाले कर्मचारी कल्याण लाभों पर आयकर की वसूली को रोकना। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष सुरेश यादव, कुलदीप यादव, इंद्राज यादव, बीडी शुक्ला, दिनेश, सुधीर शुक्ला, मनीषा विश्वकर्मा, अजीत सोनकर आदि लोग मौजूद रहे।

### छापेमारी में तीन गाड़ी नकली सीमेंट बरामद, मुकदमा दर्ज

**बांदा।** बिसंडा में नामचीन ब्रांड की बोरियों में निर्माण कार्य के लिए नकली सीमेंट सप्लाई की सूचना पर कंपनी के अधिकारी ने पुलिस के साथ छापा मारा। जहां मध्य प्रदेश के सतना जिले की तीन पिकअप मिलीं जिन पर 153 बोरी नकली सीमेंट पाई गई। कंपनी के अधिकारी की तहरीर पर थाना बिसंडा में मामला दर्ज किया गया है। बताते चलें कि हरियाणा के गुड़गांव सदर निवासी अजय कुमार सिंह पुन्नीर को सूचना मिली कि गल्ला मंडी बिसंडा में तीन पिकअप खड़ी हैं जिनमें कंपनी के ब्रांड की बोरियों में नकली सीमेंट लोड है। अधिकारी ने पुलिस के साथ छापेमारी की। जिसमें गाड़ी नं एम पी 19 जी ए 6074 में 50 बोरी नकली सीमेंट, गाड़ी नंबर एम पी 19 जी ए 6081 में 48 बोरी तथा एम पी 19 जी ए 5774 में 55 बोरी नकली सीमेंट पकड़ी गयी। तीनों गाड़ियों के ड्राइवर और मालिक के बारे में पूंछताछ की पर कोई नही मिला। तीनों गाड़ियों से एक-एक बोरी बतौर सैंपल लिया गया। इस मामले में अज्ञात के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### लोक अदालत ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**बांदा।** किसानों के साथ बीज भंडार दुकानदार पर धोखाधड़ी करने के मामले को लेकर स्थाई लोक अदालत में दुकानदार व एजेंसी होल्डर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। बताते चलें कि तिंदवारी के 30 से अधिक किसानों ने 20 जून को मेसर्स किसान बीज भंडार बिसंदरपुर तेरहीमाफी तिंदवारी से बास्मती धान की 1718 प्रजाति का बीज खरीदा था। किसानों ने तकरीबन 100 एकड़ भूमि पर धान की रोपाई की। फसल तैयार होने के बाद जब किसान बाजार में बेंचने गया तो पता चला कि यह बास्मती 1509 प्रजाति का है जिसकी बाजार में मांग नही है। इस पर किसानों को ठगी का ऐहसास हुआ। किसानों ने बताया कि जब इसकी शिकायत दुकानदार से की तो दुकानदार ने कहा कि यह बीज खान एग्रो एजेंसी कमासिन रोड बबेरू से लाए थे। जिसकी शिकायत किसानों ने डीएम से की। डीएम के आदेश पर संयुक्त कृषि निदेशक ने जिला कृषि अधिकारी को जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए। लेकिन उन्होने कोई कार्रवाई नही की थी।

### ईरान में होने वाले कबड्डी चैम्पियनशिप में नेहा दक्ष के चयन से खिलाड़ियों में हर्ष



**बिजनौर।** छठी सीनियर वूमेन एशिया कबड्डी चैम्पियनशिप का आयोजन 04 मार्च से 09 मार्च 2025 तक ईरान में किया जाएगा। चैम्पियनशिप में जनपद बिजनौर थाना मण्डावली के ग्राम करौली अनिल कुमार की होनहार पुत्री नेहा दक्ष का भी चयन हुआ है। नेहा दक्ष के चयन से नेहरु स्पोर्ट्स बिजनौर में खिलाड़ियों में खुशी का माहौल बना हुआ है। जिला क्रीड़ाधिकारी राजकुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह जनपद बिजनौर के लिए गौरव की बात है। सरकार द्वारा महिलाओं को खेलों में आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। नेहा दक्ष की कोच अंशु चैधरी ने कहा कि आप बिजनौर के लिए प्रेरणा का काम करोगे। मेरी शुभकामना है कि आप लगातार भारत की टीम के लिए खेलों और जनपद बिजनौर का नाम देश विदेश में रोशन करों। अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी राहुल चैधरी, हिमांशु सहायक जिला खेल कार्यालय, रोहित चैधरी, चित्रा चैहान, नदीम, फिरोज खान, जितेन्द्र कुमार, सादिक अनीस, शबाब आलम, आदित्य सिंह, विशाल चैधरी, चन्द्रशेखर, मोहित, सलीम आदि ने नेहा दक्ष को बधाई दी।

### उधार दिये रुपये वापस मांगने पर युवक से मारपीट

**ललितपुर।** उधार दिये रुपये वापस मांगना युवक को उस समय भारी पड़ गया, जब दबंगों ने उसके साथ लात-घूसों से मारपीट कर दी। मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुराना रोजगार कार्यालय के पास आजादपुरा निवासी मयंक यादव पुत्र महेन्द्र सिंह ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र में बताया कि 28 फरवरी की शाम करीब 4.45 बजे वह घर के पास ही था। तभी डेम रोड कालोनी निवासी सुमित पण्डित, तुवन मंदिर के पास रहने वाला रौनक यादव, आजादपुरा निवासी रोहित पटैरिया पुत्र भगवान स्वरूप पटैरिया व तालाबपुरा निवासी गुल्लू यादव एकराय होकर आये। उक्त लोगों को देखकर पीड़ित ने सुमित पण्डित से पूर्व में उधार दिये गये 10 हजार रुपये व रोहित पटैरिया से उधार दिये गये 20 हजार रुपये मांगे तो उक्त लोगों ने रुपये देने से इंकार करते हुये गालियां देना शुरू कर दिया। गालियां देने का विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ लात-घूसों से मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। शोरगुल सुनकर आजादपुरा निवासी उसका मित्र राहुल तिवारी उर्फ रिक्की पुत्र स्व. मनोज तिवारी ने बीच-बचाव किया तो उसके साथ भी उक्त लोगों ने गाली-गलौज की। इस हमले में उसे सिर व शरीर के कई जगहों पर गम्भीर चोटें आयीं हैं। पीड़ित के अनुसार पूरा घटनाक्रम पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में देखी जा सकती है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2) व 351 (3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### कैबिनेट मंत्री ने गांव में घूम कर जाना लोगों का हाल-चाल

**सिरौली, बरेली।** पशुपालन एवं दुग्ध विकास कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह शिवपुरी गांव आए सबसे पहले वह भगवान सिंह चौहान के घर गए वहां उनकी बेटी को वैवाहिक शुभकामनाएं दी और मुख्य गलियों से घूमते हुए पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों का हाल-चाल पूछा वही गांव के बुद्धिजीवी वर्ग ने एक मंत्री जी को ज्ञापन दिया जिसमें गांव की शिक्षा का जिक्र किया गया है उसमें गांव के जूनियर हाई स्कूल को उच्चीकृत करके राजकीय इंटर कॉलेज या हायर सेकेंडरी स्कूल की मांग की गई है।

# शेयर बाजार में कोहराम

अमरीकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप के टैरिफ टेरर से पूरी दुनिया हलकान है। पूंजी बाजारों में कोहराम जैसी स्थिति है। शेयर बाजार धराशायी हो रहे हैं। वैश्विक स्तर पर ट्रंप की नीतियों से जो कारोबारी अस्थिरता पनप रही है उसमें विदेशी निवेशक अपनी पूंजी निकाल रहे हैं और इस कारण भारतीय शेयर बाजार में भी लगातार गिरावट आ रही है। अब बीएसई और एनएसई ऊपरी स्तरों से करीब-करीब 15 फीसद करेक्ट हो चुका है। लेकिन गिरावट का दौर थम नहीं रहा है। संभवतः यह आगे भी जारी रहे क्योंकि अभी ट्रंप सिर्फ घोषणाएं कर रहे हैं। जब उनकी नयी टैरिफ नीति लागू होगी तब माहौल और खराब होगा और जब निर्यात से लेकर जीडीपी तक के आंकड़ों तक अमरीका के इस घोर संरक्षणवाद का असर सामने आयेगा, तब भी बाजार सहम जायेंगे। हालांकि भारत की ग्रोथ स्टोरी बहुत दमदार है और डोनॉल्ड ट्रंप की टैरिफ पालिसी से हमारी अर्थव्यवस्था और मजबूत होकर निकलेगी। लेकिन वैश्विक स्तर पर कारोबार जगत में जो हाहाकारी माहौल है, फिलहाल उससे भारतीय बाजार भी दो-चार हैं। बीते शुक्रवार को एनएसई और बीएसई जैसे बेंचमार्क सूचकांक करीब दो फीसद टूट गये। जो चार महीने में एक



दिन की सबसे बड़ी गिरावट है। व्यापार शुल्क पर अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की ताजा घोषणा, कंपनियों की आय में नरमी और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की लगातार बिकवाली से सभी निवेशकों का हौसला कमजोर पड़ता जा रहा है। जिससे बाजार में गिरावट बढ़ी है। अमेरिकी व्यापार शुल्क का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर असर पड़ने की आशंका से एशिया और यूरोप के बाजारों में भी भारी गिरावट देखी जा रही है। शुक्रवार को सेंसेक्स 1,414 अंक या 1.9 फीसदी लुढ़क कर 73,198 पर बंद हुआ। निफ्टी 420 अंक या 1.9 फीसदी के नुकसान के साथ 22,125 पर बंद हुआ। दोनों सूचकांकों में 4 अक्टूबर के बाद एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गयी। फरवरी में निफ्टी लगातार पांचवें महीने में नुकसान में रहा, जो 1996 के बाद सबसे लंबी मासिक गिरावट है। ताजा गिरावट के बाद सेंसेक्स अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर से 14.7 फीसदी और निफ्टी 15.6 फीसदी टूट चुका है। छोटी और मझोली कंपनियों के स्टॉक में और हाहाकारी स्थिति देखने को मिल रही है। निफ्टी मिडकैप अपने उच्चतम स्तर से 21.3 फीसदी और स्मॉलकैप 25.2 फीसदी नीचे आ चुका है। बंबई स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 90 लाख करोड़ रुपये घटकर 384 लाख करोड़ रुपये अब रह गया। कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 11,639 करोड़ रुपये की बिकवाली की और घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 12,309 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। इस तरह देखें तो घरेलू निवेशकों ने बिकवाली का फायदा उठाने की कोशिश की लेकिन यह ज्यादा दिनों तक नहीं चल पायेगा। क्योंकि लगातार म्युचुअल फंड में एसआईपी बंद करने के बढ़ते आंकड़े सामने आ रहे हैं, जो इस बात का प्रतीक है कि निवेशक फिलहाल पूंजी लगाने को लेकर अत्यधिक सावधानी बरत रहे हैं। ट्रंप ने गुरुवार को घोषणा की थी कि कनाडा और मैक्सिको पर 25 फीसदी शुल्क 4 मार्च से प्रभावी हो जायेगा और चीन के आयात पर भी 10 फीसदी शुल्क लगाया जायेगा। इससे अमेरिका और उसके सबसे बड़े व्यापारिक भागीदारों के बीच कारोबारी तनाव बढ़ गया है। वहीं इसका अमेरिका की आर्थिक वृद्धि और मुद्रास्फीति पर भी असर पड़ सकता है। कनाडा और मैक्सिको में भी मंदी देखी जा सकती है। चीन भी अपने अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए जवाबी शुल्क लगा सकता है। कुल मिलाकर ट्रंप ने जो टैरिफ वार शुरू किया है, देर-सबेर पूरी दुनिया उसकी जद में आयेगी और इसका अंजाम एक नयी कारोबारी विश्व व्यवस्था के आकार लेने के रूप में भी हो सकता है। अगर ऐसा होता है तो इसका नुकसान अमरीका को भी होगा।

### विचार

मेरे शब्द ऊपर उड़ जाते हैं, किन्तु मेरे विचार पृथ्वी पर ही रह जाते हैं। शब्द बिना विचारों के कभी स्वर्ग नहीं जा सकते।
–शेक्सपियर.

यदि वृद्धावस्था की झुर्रियां पड़ती हैं तो उन्हें हृदय पर मत पड़ने दो। कभी भी आत्मा को वृद्ध मत होने दो।
–जेम्स गारफील्ड.

यदि कोई व्यक्ति या शिक्षा हमें यह सिखाने की कोशिश करे कि हम अकेले चलना सीखें तो यह ठीक है, किसी के सहारे चलना अपने व्यक्तित्व का नाश करना है।
–सुभाष चन्द्र बोस.

जो उपदेश पसंद नहीं करते हैं वे सहायता के हकदार भी नहीं हो सकते।
– फ्रेंकलिन.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, मद, अहंकार और लोभ की थोड़ी सी मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान ही होते हैं।
–संत कबीर.

# दिव्य-भव्य महाकुंभ संपन्न, सियासत जारी



मनोज बाजपेयी

> महाकुंभ के जरिए मुख्यमंत्री योगी सनातन धर्म और संस्कृति के परम वैभव को विश्वव्यापी बना रहे थे और हिंदुत्व के एजेंडे को भी धार दे रहे थे, तो ऐसे में विपक्ष कहां चूकने वाला था। उसने भी जमकर सियासत की। प्रयागराज महाकुंभ सम्पन्न हो गया है, लेकिन महाकुंभ को लेकर जो सियासत है, वह फिलहाल धीरे-धीरे परवान चढ़ रही है और संभवतः यह 2027 के विधानसभा चुनाव तक चलेगी।

गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम स्थल प्रयागराज में पूरे 45 दिनों तक आस्था का सैलाब उमड़ा। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 66.3 करोड़ लोगों ने 144 साल बाद पड़े महाकुंभ के दुर्लभ संयोग के मौके पर अमृत स्नान कर पुण्य के भागी बने। महाकुंभ के 45 दिनों की अवधि में प्रयागराज में त्रिवेणी के तट पर आस्था का जन ज्वार उमड़ रहा था, तो पूरे देश में सियासत भी जमकर हो रही थी। उत्तर प्रदेश में 2027 में विधान सभा का चुनाव प्रस्तावित है, उससे पहले 2026 में त्रि-स्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव होने हैं और इसमें जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायतों में करीब-करीब दस लाख प्रतिनिधियों का चुनाव होना है।

कुल मिलाकर उत्तर प्रदेश में अगले दो वर्षों में तीन चुनाव, पंचायत और नगर निकाय के साथ ही विधानसभा के चुनाव होगें और ये चुनाव प्रदेश की सियासत के साथ ही दिल्ली की राजनीति के लिहाज से भी अति महत्वपूर्ण हैं। ऐसे में अगर सरकार ने दिव्य-भव्य इंतजाम कर अद्भुत, अविश्वसनीय और अकल्पनीय महाकुंभ संपन्न कराया, तो उसका श्रेय भी उसे मिलेगा। अब बहुदलीय लोकतंत्र में अगर सत्तापक्ष को कोई श्रेय मिल रहा है, तो उसमें पलीता लगाना विपक्षी सियासत का भी धर्म बन जाता है, सो विपक्ष ने भी महाकुंभ के बहाने सरकार को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी। महाकुंभ के जरिए मुख्यमंत्री योगी सनातन धर्म और संस्कृति के परम वैभव को विश्व व्यापी बना रहे थे और भाजपा के हिंदुत्व के एजेंडे को भी धार दे रहे थे, तो ऐसे में विपक्ष कहां चूकने वाला था। उसने भी जमकर सियासत की। प्रयागराज महाकुंभ सम्पन्न हो गया है, लेकिन महाकुंभ को लेकर जो सियासत है, वह फिलहाल धीरे-धीरे परवान चढ़ रही है और संभवतः 2027 में प्रस्तावित विधान सभा चुनाव तक यह राजनीतिक ऐसे ही चलेगी।

सत्ता और विपक्ष के निहित स्वार्थ, हितों के टकराव और विरोधाभासी दावों-प्रतिदावों के बीच प्रयागराज महाकुंभ में आस्था का जो जनसैलाब उमड़ा और जिसने आंकड़ों में भारत और चीन को छोड़कर पूरी दुनिया में किसी भी




देश की जनसंख्या के आंकड़े को पार किया, उसकी चर्चा चहुं ओर हो रही है। पूरी दुनिया सनातन धर्म, संस्कृति और आध्यात्म की चर्चा कर रही है। दुनिया के इस सबसे बड़े आध्यात्मिक आयोजन, उसकी सफलता और भव्य प्रबंधों की चर्चा पूरी दुनिया के मीडिया में हो रही है।

**विमर्श**

की सफलता है। महाशिवरात्रि पर्व के साथ ही 45 दिनों तक चले महाकुंभ का पर्व संपन्न हो गया है। महाकुंभ आगे भी आते रहेंगे, लेकिन ग्रह नक्षत्रों का इस प्रकार का संयोग अब 144 साल बाद ही आयेगा। जितने श्रद्धालु इस महाकुंभ के महा आयोजन के साक्षी बने, उससे संख्या के हिसाब से विश्व के सारे नये-पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त हो गये।

आध्यात्म के इस अद्भुत महापर्व पर देशवासियों में जैसे-जैसे श्रद्धा और आस्था का उफान आया, वैसे-वैसे विपक्षी दलों में निराशा घर करती गयी। लेकिन गंभीरता से देखें तो यह निराशा महाकुंभ को लेकर नहीं थी। महाकुंभ में सबकी आस्था बराबर है और बिना राजनीतिक भेदभाव के सभी संगम पर जा रहे थे, लेकिन वे लखनऊ से लेकर दिल्ली तक, अपनी राजनीतिक निराशा को जरूर व्यक्त कर रहे थे। ममता बनर्जी तो इतना घबरा गईं कि कुंभ का नाम भूल कर उसे मृत्यु कुंभ ही कहने लगीं। लालू यादव भी महाकुंभ पर अशोभनीय टिप्पणी करने से नहीं चूके। दरअसल बिहार में इसी साल विधानसभा का चुनाव है और महाकुंभ के जरिए सनातन की एकता का जो संदेश गया, वह बिहार में लालू यादव की सियासत के कतई अनुकूल नहीं है। क्योंकि लालू की आरजेडी वोट बैंक की सियासत करती आयी है और सनातन की एकजुटता वोट बैंक की सियासत को ध्वस्त करने का 'राम बाण' उपाय है।

महाकुंभ को लेकर जो राजनीति हो रही है और जो आगे होगी वह अपनी जगह है। लेकिन सनातन की गौरवगाथा महाकुंभ के जरिए पूरी दुनिया में पहुंची और यह बहुत बड़ी उपलब्धि है।

महाकुंभ के दिव्य-भव्य आयोजन और इसमें उमड़े आस्था के जनसैलाब से फिर भारतीय संस्कृति की श्रेष्ठता साबित हुई। महाकुंभ 2025 में सनातन परंपरा को सिर्फ परंपरागत नहीं, बल्कि समकालीन समस्याओं का समाधान देने वाली जीवनशैली के रूप में प्रस्तुत किया गया। भारतीय ग्रंथों पर आधारित मैनेजमेंट, साइकोलॉजी और मेडिकल रिसर्च को भी मंच मिला। जिस वजह से भारत सांस्कृतिक रूप से एक महाशक्ति के रूप में उभरा जो कि केवल पहचान से जुड़ा मामला नहीं है बल्कि इसके वैश्विक प्रभाव कई स्तरों पर पड़ते हैं। यह वैसी सॉफ्ट पावर डिप्लोमेसी है जैसे अमेरिका हॉलीवुड और पॉप कल्चर के माध्यम से अपनी छवि बनाता है, ठीक वैसे ही आज भारत योग, आयुर्वेद, और आध्यात्मिकता से अपनी सॉफ्ट पावर बढ़ा रहा है। इसका महज सांस्कृतिक महत्व ही नहीं है बल्कि योग, ध्यान, आयुर्वेद और भारतीय शिल्प को विश्व स्तर पर आर्थिक पहचान और बाजार भी मिला है, इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को नया बल मिलेगा। साथ ही इससे विश्व स्तर पर भारतीय विचारधारा की स्वीकार्यता बढ़ी है, भारत अब एक ज्ञानपरक राष्ट्र के रूप में तेजी से अपनी पहचान बढ़ा रहा है, जहाँ विज्ञान और अध्यात्म का संतुलन है। अगर भारत इस सांस्कृतिक उभार को सही दिशा देता है–शिक्षा व्यवस्था में भारतीय ज्ञान परंपरा को मजबूत बनाता है, साथ ही सांस्कृतिक ब्रांडिंग को और प्रभावी बनाता है, जिससे डिजिटल माध्यमों को यह अधिकतम सुलभ रहे तो भारत का यह सांस्कृतिक बदलाव स्थायी हो सकता है। सिर्फ स्थायी ही नहीं यह एक बदलाव एक स्थायी सांस्कृतिक पुनर्जागरण का रूप भी ले सकता है। किसी देश के लिए सांस्कृतिक महाशक्ति होना केवल पहचान का प्रश्न नहीं है बल्कि यह एक वैश्विक प्रभाव और रणनीतिक शक्ति का संकेत होता है। क्योंकि सांस्कृतिक सुपर संरचना राजनीतिक और आर्थिक ताकत से अलग एक सॉफ्ट पावर होती है, जो दुनिया को आकर्षित करने, प्रभावित करने और एक गहरी छवि स्थापित करने में मदद करती है। क्योंकि सांस्कृतिक महाशक्ति वही देश होता है, जिसकी कला, आध्यात्मिकता, साहित्य, परंपराएं, संगीत, सिनेमा और खानपान दुनिया में लोकप्रिय हों। उनके प्रति लोगों में सम्मान हो। भारत के लिए यह एक आधिकारिक पहचान बन सकती है, जैसे अमेरिका की हॉलीवुड, जापान का एनीमे, फ्रांस की फैशन इंडस्ट्री या कोरिया का के-पॉप है। कल्चरल सुपर पॉवर होना युद्ध या सैन्य शक्ति से अधिक प्रभावशाली होना होता है। संस्कृति के माध्यम से एक देश दुनिया में बिना बल प्रयोग किए अपनी विचारधारा फैलाता है। भारत पहले से ही योग, आयुर्वेद, कुंभ मेले, भारतीय संगीत, बॉलीवुड फिल्मों और साहित्य के जरिए कई देशों में अपनी सकारात्मक छवि बनाई है। महाकुंभ के दौरान देश के ऐतिहासिक स्थलों, सांस्कृतिक कर्मकांडों, योग रिट्रीट्स आदि से अर्थव्यवस्था को भी बड़ा लाभ हुआ है। दुनिया भर के लोग भारतीय दर्शन, साहित्य, वेद, योग और आयुर्वेद सीखने यूं भी भारत आते हैं लेकिन महाकुंभ ने इसे और आकर्षक बना दिया है।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

### सोशल मीडिया

अब क्या सोनभद्र जिले के पानी में फ्लोराइड की खतरनाक मात्रा और उसके जनलेवा असर के बारे में दिल्ली वाले 'एनजीटी' की रिपोर्ट को यूपी सरकार झूठा साबित करेगी? अखिलेश यादव.



उत्तर प्रदेश की प्रथम महिला राज्यपाल तथा 'भारत कोकिला' के नाम से प्रसिद्ध श्रीमती सरोजनी नायडू की पुण्यतिथि पर उन्हें उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। केशव प्रसाद मौर्य.



नीचे से ऊपर और ऊपर से नीचे की रणनीति के साथ एक फुलप्रूफ जांच के परिणाम स्वरूप देश भर में 12 अलग-अलग मामलों में अदालत द्वारा 29 ड्रग की दोषी ठहराया गया। अमित शाह.



# मानव सेवा का भाव

हमारी कई आदतें एवं स्वभाव ऐसे होते हैं जो हमारे व्यक्तित्व को गहरे से प्रभावित करते हैं। अगर हम इन आदतों से बचकर रहें तो निश्चय ही हमारा जीवन अधिक सरल एवं सुगम होगा। इस संदर्भ में धम्मपद में गौतम बुद्ध कहते हैं, पांच चीजों को दरवाजे से ही भगा दो, और इनके साथ पांच और हैं, और फिर पांच वह हैं जिनका स्वागत करना है और जब पांच को किनारे पर ही छोड़ दिया जाता है, तो तलाश करने वाले को ओघतिन्नोती कहा जाता है यानी 'जिसने (समुद्र) पार कर लिया है। स्वार्थ, शक, छद्म आध्यात्मिकता, जोश व नफरत वह पांच चीजें हैं जो हमेशा आपके दरवाजे पर खड़ी रहती हैं। तनिक सी लापरवाही और वह अंदर प्रवेश कर जाती हैं। इसलिए अधिक सतर्कता की आवश्यकता है कि उन्हें दरवाजे से ही लौटा दिया जाये। दरअसल, जो लोग यह सोचते हैं कि वह निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं, वह भी निस्वार्थ सेवा नहीं कर रहे होते हैं। उनकी सेवा स्वार्थ भरी होती है। वह स्वार्थी होते हैं। उन्हें किसी महान पुरस्कार की तलाश होती है- स्वर्ग और स्वर्ग के आनंद की। स्वार्थीपन से सतर्क रहें। जो लोग आस्था रखते हैं, वह भी शक से भरे होते हैं, तथ्य यह है कि जो लोग शक से भरे नहीं होते, उन्हें आस्था की आवश्यकता ही नहीं है। आस्था का सीधा सा अर्थ है कि आपने शक को ढक लिया है। जब लोग आध्यात्मिक होना चाहते हैं तो छद्म आध्यात्मिक होना आसान हो जाता है। आप मंदिर में जाकर कुछ रीति रिवाजों का पालन करते हैं या पूजा पाठ करते हैं तो आप हिंदू हो जाते हैं, यही काम रविवार को गिरजाघर में जाकर करते हैं तो ईसाई हो जाते हैं और मस्जिद में जाकर नमाज पढ़ते तो मुस्लिम हो जाते हैं। असल आध्यात्म हर सड़ी गली चीज, हर गुजरी हुई चीज, हर वह चीज जो दूसरों के द्वारा आप पर थोपी जा रही है, हर प्रकार की कंडीशनिंग के विरुद्ध विद्रोह है। ...और जोश... गौतम बुद्ध ने कहा, सावधान! आप इसे यहां दबा लेंगे, लेकिन कहीं और इसकी इच्छा करने लगेंगे। जोश आपको इतनी आसानी से नहीं छोड़ता है। अंतिम चीज है नफरत। आपके सारे अंग नफरत से भरे हैं- पापियों के लिए नफरत से। इसलिए उन्होंने नरक की रचना की है। अपने लिए स्वर्ग और पापियों के लिए नरक। अपने लिए स्वर्ग और नरक उन लोगों के लिए जो उनके धर्म का पालन नहीं करते। यह नफरत है। यह वही मानसिकता है, वही बदसूरत मन जो नए खेल, खेल रहा है, लेकिन बदला कुछ नहीं है। पांच और चीजें हैं... जो दिखाई नहीं देतीं, लेकिन वह भी हैं, जो इन पांच के पीछे छुपे हुए हैं। यह हैं- जीने की हवस, महिला के लिए हवस या पुरुष के लिए हवस को छोड़ा जा सकता है। लेकिन स्वयं जीवन के लिए हवस को छोड़ना बहुत कठिन है। हर कोई जीना चाहता है और जब तक संभव हो जीना चाहता है।

**अंतर्दृष्टि**

# विकास का उजाला फैल रहा...

**व्यंग्यलोक**

गरीब को थाली में भोजन परोस कर लाने वाले गिरोह सक्रिय हो गये हैं। अब झुण्ड के झुण्ड नेताओं के गरीबों के घरों पर वोटों के लिए दस्तक दे रहे हैं। विकास की बातें फिर वे ही लोग कर रहे हैं, जिन्होंने गरीब को और अधिक गरीब बनाया था। अपना-अपना वोट बैंक सुनिश्चित करने की चालें और जनता की आंखों में धूल झोंकने का तमाशा शुरू हो गया है। चुनावी आगाज हो गया है। उन्हें केवल दिल्ली चाहिए ताकि वे मुखिया बनकर देश की बागडोर संभालें तथा देश को अपने ढंग से हांक सकें। दिल्ली की गद्दी के लिए घमासान फिर शुरू हुआ है। अगला साल जैसे कल ही आने वाला हो। इतनी जल्दबाजी और ताबड़तोड़ भागा-दौड़ी। पहले नहीं देखा था ऐसा नजारा। अब तो सबको दरकिनार करके वे आह्वान करने की मुद्रा में आ गये हैं। उनके आह्वान पर वोट न्यौछावर होंगे या नहीं यह तो वक्त बतायेगा, लेकिन वे देश पर इस समय पूरी तरह फना है। वे जनता से कहलवा रहे हैं 'यस वी कैन, यस वी विल डू'। देशभक्ति उनकी रग-रग में समा गई है। कुछ भी कहो अंदाज उनका अपना मौलिक है।



पूरन सरमा

दुश्मनों को ललकारा तो केन्द्र की सत्तारूढ़ सरकार को डूब मरने के लिए कहा। उनकी नीतियां विकास की हैं। बिना-विकास के समस्याओं का समाधान संभव नहीं। मैं खुशी से पगला रहा हूँ कि रामराज की तस्वीर दिखाने वाले इस बार कहीं इसे साकार ही न कर दें। यह घड़ी बड़ी अद्भुत है।

वोटर की परेशानी यह है कि वह किस ओर जायें। लुभावनी बातें दोनों ओर हैं। मुझे लगता है एक बार फिर निर्दलियों की पौ बारह होगी। क्योंकि इनके नारों में केवल छलावा है और धोखा है। एक पार्टी का राज मिल जायेगा, कहना कठिन है। वैसे वे एक पार्टी से मुक्त भारत का सपना देख रहे हैं। उनका सपना यही तो है कि केवल उनकी पार्टी सत्ता में हो। सुराज भी तभी आता बताया। वे तालियां बजा रहे हैं, हाथ उठवा रहे हैं और सामने बैठे हजारों-लाखों को बेवकूफ समझने की भूल भी कर रहे हैं। मन करता है ऐसी कायापलट करने वाली सरकार तो अगले वर्ष की एवज में इसी वर्ष बन जाये तो मजा आ जाये। उन्हें वोट के अलावा कुछ नहीं चाहिए। बाकी चीजें तो इसी भरोसे पर वे सब बटोर लेंगे। आंखें चुंधिया रही हैं। विकास का उजाला फैला हुआ दिखाई दे रहा है। दिक्कत एक ही दिखाई दे रही है कि उनकी टांग खींचने वालों को रोक लीजिये, वरना वे लड़खड़ा कर गिर जायेंगे और सरकार नहीं बना पायेंगे रामराज वाली। अलादीन का चिराग लेकर आये हैं ये लोग।

# तनाव को नियंत्रित करने के तीन रामबाण उपाय!



स्वास्थ्य

**डॉ.माजिद अलीम**

दुनिया में कोई ऐसा इंसान नहीं है, जिसे कभी न कभी तनाव का सामना न करना पड़ा हो। तनाव से हर किसी को एक न एक दिन दोचार होना ही पड़ता है, इसलिए जरूरी है कि हम सबको तनाव नियंत्रण करने के गुर आने चाहिए। यहां हम तनाव नियंत्रण के तीन ऐसे उपायों की चर्चा करेंगे, जिन्हें इस मामले में रामबाण माना जाता है।

**एक ब्रेक ले लो**

तनाव के समय ब्रेक लेना और ब्रेक के समय अपने श्वांस पर ध्यान देना जरूरी है। दरअसल ब्रेक लेना इसलिए जरूरी है, क्योंकि ब्रेक लेकर ही हम अपने दिमाग को एक त्वरित हड़बड़ी से छुटकारा दिला पाएंगे और ऐसा करने से हमें तुरंत फायदा होता है। इससे हम तनाव की एक गहरी गिरफ्त से तुरंत मुक्त हो जाएंगे। क्योंकि ब्रेक लेने से दिमाग को आटोमेटिक संदेश जाता है कि हमारे पास रिलैक्स करने का समय है। हम रिलैक्स कर सकते हैं। मस्तिष्क को यह संकेत मिलते ही रक्त में तनाव हार्मोन के स्तर में कमी आ जाती है। इस कारण जो हार्मोन बड़ी तेज रफ्तार से शारीरिक लक्षणों को ट्रिगर कर रहे होते हैं जैसे दिल की धड़कनों का तेज तेज धड़कना, वो स्थिर हो जाती हैं या उनकी तेजी मंद पड़ जाती है। इससे हमारी सांस लेने की क्षमता सहज होने लगती है और तनाव कम हो जाता है। ऐसे समय अगर हम गहरी सांस लेने का अभ्यास करें तो और ज्यादा राहत मिलती है।

**शारीरिक कसरत करें**

अगर बेचैनी महसूस हो रही हो, किसी चीज पर मन नहीं लग रहा और कहीं ध्यान न लग रहा हो तो साफ मतलब है कि हम बेहद तनाव में हैं। इससे त्वरित छुटकारा पाने के लिए अगर कमरे में बैठे हों तो निकलकर बाहर आएं, ताजी हवा में एक दो लंबी लंबी सासें लें और शारीरिक कसरत करने का प्रयास करें। अगर दफ्तर में हैं या बाजार में हैं और वहां कसरत करना संभव नहीं है, तो तेज तेज टहलने की कोशिश करें। आसपास कोई पार्क हो और वहां जाने की सुविधा हो तो पार्क में घूमें। मौसम सही हो तो नंगे पैर घास में चलें। इससे तनाव के नकारात्मक प्रभावों को कम करने में बड़ी राहत मिलती है। वास्तव में जब हम व्यायाम करते हैं, चाहे वह तेज तेज चलने का ही क्यों न हो, हमारे शरीर में एड्रेनालाइन और कोर्टिसोल हार्मोन का स्तर कम हो जाता है। साथ ही इस स्थिति में मस्तिष्क में एंड्रोफिन का उत्पाद बढ़ता है।

एंड्रोफिन वास्तव में मन को अच्छा महसूस कराने वाला न्यूरोट्रांसमीटर है। इस समय किए

> **तनाव ऐसी समस्या है जिससे हरेक व्यक्ति को कभी न कभी दो-चार होना पड़ता है। इसलिए यह जरूरी है कि तनाव पर काबू पाने का उपाय सबको आना चाहिए।**

गए व्यायाम से मस्तिष्क में सेरोटोनिन हार्मोन और एंड्रोफिन जैसे रसायनों का स्तर बदल जाता है। इन दोनो बदलावों का सीधा असर हमारे शरीर पर पड़ता है और हम तनाव से मुक्त हो जाते हैं या उसे हम नियंत्रण में कर लेते हैं।

**गहरी सांसें लें**

त्वरित रूप से तनाव को मैनेज करने के लिए या उससे छुटकारा पाने के लिए यह भी बहुत अच्छा और जरूरी उपाय है। जब हम गहरी सांसें लेते हैं तो रक्तचाप और हृदय गति को कम करने में हमें मदद मिलती है, साथ ही इससे तनाव से छुटकारा पाने में मदद होती है। क्योंकि ऐसा करने से फोकस बेहतर होता है। चिंताजनक विचारों और घबराहट से मुक्ति मिलती है। गहरी और आरामदेह नींद आती है। गहरी सांस लेने से शरीर में अच्छी खासी मात्रा में एंड्रोफिन बनता है, जो एक प्राकृतिक दर्दनिवारक होता है। हममें से हर किसी को सांस लेने की जरूरी तकनीक आनी चाहिए। गहरी सांस लेने से अनिंद्रा की समस्या खत्म होती है। बस रात में बिस्तर में सोने से पहले गहरी गहरी सांसें लें। आठ या दस सांस के होते ही नींद आ जाती है और फिर यही नींद हमें गहरी नींद के साथ सोने में मदद करती है। गहरी सांस लेने से कल्पना या फोकस जैसे शब्दों, वाक्याशों का इस्तेमाल किया जाता है। गहरी सांस लेने के व्यायाम हम दिन में कभी भी कर सकते हैं।

## आपकी बात

### पर्यावरण संरक्षणा

मानवता के हित में पर्यावरण का संरक्षण बहुत जरूरी हो गया है। पर्यावरण एक ऐसा मुद्दा है जिस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है जबकि इस दिशा में काम करने की जरूरत है। प्रदूषण शहरों के लिए कितना खतरनाक बन गया है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अत्यधिक प्रदूषण वाले शहरों के नागरिकों की औसत आयु चार से छह वर्ष तक प्रदूषण जनित बीमारियों के कारण कम हो गयी है। वायु प्रदूषण हर साल बड़ा संकट बनकर वर्षात के बाद आता है। यह सिलसिला हर साल बरसात के बाद शुरू होते हैं और फरवरी के आखिर तक बना रहता है। सर्दियों के दौरान हर साल उत्तर भारत के शहरों की आबोहवा विषैली हो जाती है, लोग बीमार पड़ने लगते हैं, बुजुर्गों व दमा रोगियों के लिए तो किसी आपदा जैसी होती है, लेकिन जो लोग स्वस्थ हैं वे भी धीरे-धीरे जहरीली हवा की चपेट में आकर बीमार होने को मजबूर हैं। सरकारों की नीति भी ऐसी है कि निकट भविष्य में कोई बड़ा बदलाव आयेगा ऐसी उम्मीद करना बेमानी है। इसलिए पर्यावरण के मुद्दे पर ठोस पहल की जरूरत है ताकि जलवायु परिवर्तन के संकट से निबटा जा सके।

**देवेश कुमार सिंह, लखनऊ.**

### श्रमिकों का कल्याण

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी। इसलिए सरकार को इसमे डायनॉमिक सिस्टम लागू करना चाहिए जिसमें हर साल श्रमिक का कंट्रीब्यूशन उसकी कमाई के अनुसार बढ़ता जाये। सरकार भी अपना कुछ कंट्रीब्यूशन एक सीमा तक बढ़ाये और जब साठ साल पर पेंशन की पात्रता मिले तो पेंशन की राशि इतनी हो जो तीन हजार रुपये की वर्तमान वैल्यू के बराबर हो जाये। उसके साथ हर साल इन्फ्लेशन के हिसाब से पेंशन राशि बढ़ती जाये। इससे जहां एक तरफ पेंशन राशि से मिलने वाली सेवाओं एवं वस्तुओं की मात्रा एवं वैल्यू पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा वहीं दूसरी तरफ श्रमिक धीरे-धीरे आराम से अपना कंट्रीब्यूशन बढ़ाकर बचत भी बढ़ा सकेंगे। कोई भी योजना जब शुरू होती है तो उसमें अनेक खामियां होती हैं और उसमें सुधार के प्रयास होते रहने चाहिए। फिलहाल इस योजना का सबसे सकारात्मक पहलू यह है कि सरकार ने ऐसे श्रमिकों के बारे में सोचा जिनको अभी किसी भी तरह की पेंशन या सामाजिक सुरक्षा का सहारा नहीं मिलता है। किसी भी समाज में सामाजिक सुरक्षा के लिहाज से यह जरूरी है कि सरकार एक व्यापक पेंशन आधारित समाज का निर्माण करना चाहती। श्रम योगी मानधन, किसान मानधन, कर्मयोगी मानधन जैसी योजनाओं के जरिए सरकार उन लोगों को सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने का प्रयास कर रही है जो किसी संगठित योजना के दायरे में नहीं हैं। यह अच्छी पहल है लेकिन इससे सबको जोड़ना चाहिए ताकि एक व्यापक पेंशन भोगी समाज विकसित हो।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

## संक्षेप

### भारत का खुदरा क्षेत्र 2034 तक 190 लाख करोड़ का होगा

नयी दिल्ली। भारत के खुदरा क्षेत्र के 2034 तक बढ़कर 190 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचने का अनुमान है। एक रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसका सबसे अधिक लाभ उन खुदरा विक्रेताओं को होगा जिनके पास देश की विविध जनसांख्यिकी और विपरीत उपभोक्ता व्यवहारों को अपनाने की क्षमता है। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) और रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आरएआई) द्वारा संयुक्त रूप से तैयार रिपोर्ट में कहा गया है कि अलग-अलग उपभोक्ता समूहों के साथ (जिनमें से प्रत्येक की अपनी अनूठी जरूरतें हैं) खुदरा विक्रेताओं को विभिन्न अवसरों को पहचानने और भारत और इंडिया में सफल होने के लिए वे कहां खेलना चाहते हैं, इसका तेजी से चयन करने की जरूरत होगी। भारत में खुदरा बाजार 2024 में 82 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह 2014 में 35 लाख करोड़ रुपये का था। पिछले दशक के दौरान देश का खुदरा क्षेत्र सालाना 8.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश की आर्थिक वृद्धि तथा विविधता वाले उपभोक्ता आधार की वजह से खुदरा क्षेत्र तेजी से बढ़ा है। रिपोर्ट कहती है कि कोविड-19 महामारी के समय को छोड़कर भारत की उपभोग वृद्धि का रुख अच्छा रहा है।

### भारत के शुल्क डब्ल्यूटीओ नियमों के अनुरूप

नयी दिल्ली। आर्थिक शोध संस्थान ग्लेबलट्रेडरिसर्चइनिशिएटिव ने कहा है कि भारत के आयात शुल्क वैश्विक व्यापार नियमों के अनुरूप हैं और सरकार को अमेरिकी प्रशासन को इसकी जानकारी देनी चाहिए। जीटीआरआई ने यह भी कहा कि अमेरिका के साथ एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत काफी चुनौतीपूर्ण है। अमेरिका, भारत पर अमेरिकी कंपनियों के लिए सरकारी खरीद खोलने, कृषि सब्सिडी कम करने, पेटेंट सुरक्षा को कमजोर करने और डेटा प्रवाह से अंकुश हटाने का दबाव डाल सकता है। शोध संस्थान ने कहा कि भारत ने दशकों से इन मांगों का विरोध किया है और अब भी इसे स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई मौकों पर आरोप लगाया है कि भारत में शुल्क काफी ऊंचा है।

### कर्व.ईवी ने रचा इतिहास

नई दिल्ली। टाटा.ईवी ने आज कश्मीर से कन्याकुमारी तक की सबसे तेज ईवी ड्राइव का कीर्तिमान बनाया है। यह दूरी केवल 76 घंटे और 35 मिनट में तय की गई। इसका नेतृत्व भारत की अपनी एसयूवी कूप, कर्व.ईवी ने किया। इससे पहले लंबी दूरी की सबसे तेज ड्राइव का कीर्तिमान टाटा की ही नेक्सन ईवी मैक्स के नाम था और यह नया कीर्तिमान पुराने रिकॉर्ड से करीब 19 घंटे कम है। भारत की लंबाई में सबसे तेज 3,800 किलोमीटर की दूरी तय करने के अलावा कर्व.ईवी ने सफलतापूर्वक 20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए हैं।

### समर कैंपेन 'लिनन बाई अरविंद फॉर आल काइंड ऑफ कूल' लॉन्च

नई दिल्ली। अरविंद लिमिटेड ने अपने नए समर कैंपेन 'लिनन बाई अरविंद, फॉर आल काइंड ऑफ कूल' की घोषणा की है। यह केंपेन गर्मियों के मौसम में लिनेन फैब्रिक की स्टाइल और कमफर्टेबल विशेषताओं को दोबारा परिभाषित करने के लिए पेश किया गया है। खासकर उन कस्टमर्स के लिए जो गर्मी के मौसम में लिनन को प्राथमिकता देते हैं। इस केंपेन के साथ ही अरविंद लिमिटेड ने 300 से अधिक नए स्टाइल्स के साथ अपनी लिनन रेंज का विस्तार किया है। इस नए कलेक्शन में रिंगकल-रजिसटेंट लिनन, ब्रिदेबल ब्लेंड्स और ऊन लिनन जैसे अद्वितीय फीचर्स शामिल हैं, जो आधुनिक जीवनशैली के साथ तालमेल बनाए रखते हैं।

### हिंदुजा कॉलेज को डीम्ड यूनिवर्सिटी बनाने की योजना की घोषणा

अयोध्या। हिंदुजा समूह ने अपने प्रमुख संस्थान, हिंदुजा कॉलेज ऑफ कॉमर्स के जरिए भारत के भविष्य को आकार देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। हिंदुजा कॉलेज ऑफ कॉमर्स की शुरूआत शरणार्थियों के बच्चों के लिए बनाए गए एक साधारण प्राथमिक विद्यालय के रूप में हुई थी। संस्थान एक कौशल विकास केंद्र स्थापित करने के लिए तैयार है, जो उद्योग और शिक्षा के बीच की दूरी को पाटने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करेगा, साथ ही डीम्ड विश्वविद्यालय में बदलने और छात्र क्षमता को कई गुना बढ़ाने की दीर्घकालिक योजनाएं भी हैं कॉलेज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और वेल्थ मैनेजमेंट में नए कार्यक्रम शुरू करने की योजना बना रहा है।

# कंपनियों की पूंजी 3.09 लाख करोड़ घटी



नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 3,09,244.57 करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच सबसे अधिक नुकसान में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रही।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,112.96 अंक या 2.80 प्रतिशत टूटा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 671.2 अंक या 2.94 प्रतिशत के नुकसान में रहा। सिर्फ फरवरी महीने में निफ्टी l,383.7 अंक या 5.88 प्रतिशत गिरा है। वहीं इस दौरान सेंसेक्स 4,302.47 अंक या 5.55 प्रतिशत टूटा है। समीक्षाधीन सप्ताह में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का बाजार मूल्यांकन 109,211.97 करोड़ रुपये घटकर 12,60,505.51 करोड़ रुपये रह गया। इससे शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में टीसीएस दूसरे से खिसक कर तीसरे स्थान पर आ गई है। एचडीएफसी बैंक सूची में दूसरे स्थान पर है। सप्ताह के दौरान इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 52,697.93 करोड़ रुपये घटकर 7,01,002.22 करोड़ रुपये रह गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 39,230.1 करोड़ रुपये घटकर 8,94,993.67 करोड़ रुपये पर आ गई, जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 38,025.97 करोड़ रुपये घटकर 16,23,343.45 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन 29,718.99 करोड़ रुपये घटकर 6,14,236.97 करोड़ रुपये पर आ गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 20,775.78 करोड़ रुपये घटकर 8,49,803.90 करोड़ रुपये रहा। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 11,700.97 करोड़ रुपये घटकर 5,14,983.41 करोड़ रुपये रह गई। आईटीसी का मूल्यांकन 7,882.86 करोड़ रुपये घटकर 4,93,867.57 करोड़ रुपये पर आ गया। इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 30,258.49 करोड़ रुपये बढ़कर 13,24,411.31 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 9,050.24 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 5,29,516.99 करोड़ रुपये रहा। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

# एफपीआई ने फरवरी में भारतीय शेयर बाजार से 34574 करोड़ निकाले



नयी दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी में भारतीय शेयर बाजारों से 34,574 करोड़ रुपये निकाले हैं। इस तरह 2025 के पहले दो माह में एफपीआई की कुल निकासी 1.12 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है। वैश्विक व्यापार तथा कंपनियों की आय को लेकर चिंता के बीच एफपीआई लगातार बिकवाल बने हुए हैं। भारतीय शेयरों के ऊंचे मूल्यांकन और कॉरपोरेट आय में वृद्धि को लेकर चिंताओं के कारण एफपीआई लगातार निकासी कर रहे हैं।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने फरवरी में भारतीय शेयरों से 34,574 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे पहले जनवरी में एफपीआई ने 78,027 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। इस तरह 2025 के पहले दो माह में एफपीआई l,12,601 करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं। भोवार ने कहा कि बाजार की हालिया बिकवाली की मुख्य वजह अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी, अमेरिकी डॉलर में मजबूती और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताएं हैं। इससे निवेशकों का ध्यान अमेरिकी परिसंपत्तियों की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनियों के नतीजे कमजोर रहे हैं जो अनिश्चितता के माहौल को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जिंस कीमतों में गिरावट और उपभोक्ता खर्च में कमी से यह समस्या और बढ़ गई है। भारत में ऊंचे मूल्यांकन की वजह से एफपीआई बिकवाली कर रहे हैं। वे अपना पैसा चीन के शेयरों में लगा रहे हैं, जहां मूल्यांकन कम है। लेकिन इस प्रक्रिया में, वे आकर्षक मूल्यांकन वाले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रों में बिक्री कर रहे हैं। एफपीआई की बिकवाली में एक महत्वपूर्ण विरोधाभास यह है कि वे वित्तीय सेवाओं में भारी मात्रा में बिकवाली कर रहे हैं, जबकि यह क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और इसका मूल्यांकन आकर्षक है। इसके अलावा वे ऋण या बॉन्ड बाजार से भी पैसा निकाल रहे हैं। समीक्षाधीन अवधि में उन्होंने बॉन्ड बाजार से सामान्य सीमा के तहत 8,932 करोड़ रुपये और स्वैच्छिक प्रतिधारण मार्ग से 2,666 करोड़ रुपये निकाले हैं।

# भारतीयों को 30 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिये

नयी दिल्ली। नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने कहा कि भारतीयों को 2047 तक 30,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

काम के घंटों पर चल रही बहस में शामिल होते हुए भारत के जी-20 शेरपा ने कहा कि जापान, दक्षिण कोरिया और चीन ने मजबूत कार्य नीति के जरिए आर्थिक सफलता हासिल की है। उन्होंने सुझाव दिया कि भारत को विश्व स्तरीय अर्थव्यवस्था बनाने के लिए इसी तरह की मानसिकता विकसित करनी चाहिए। कांत ने बिजनेस स्टैंडर्ड के मंथन शिखर सम्मेलन में कहा कि मैं कड़ी मेहनत में दृढ़ता से विश्वास करता हूं। भारतीयों को कड़ी मेहनत करनी चाहिए, चाहे वह सप्ताह में 80 घंटे हों या 90 घंटे। अगर आपकी महत्वाकांक्षा 4,000 अरब डॉलर से 30,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की है, तो आप इसे मनोरंजन या कुछ फिल्मी सितारों के विचारों का अनुसरण करके नहीं हासिल कर सकते। इस समय भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार लगभग 4,000 अरब डॉलर का है। कड़ी मेहनत न करने की बात करना फैशन बन गया है। भारत को समय से पहले, विश्व स्तरीय उत्कृष्टता के साथ परियोजनाओं को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

# रोजगार बढ़ रहा है, पर महंगाई के हिसाब से नियमित कर्मचारियों का वेतन नहीं




नयी दिल्ली। नीति आयोग के सदस्य डॉ. अरविंद विरमानी ने कहा है कि देश में रोजगार तो बढ़ रहा है, लेकिन नियमित नौकरियों के मामले में सात साल में वास्तविक पारिश्रमिक महंगाई के हिसाब से नहीं बढ़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि नौकरी और कौशल एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। आप में हुनर है तो उससे नौकरी मिलना आसान हो जाता है। विरमानी के अनुसार, वैश्विक जनसंख्या के मामले में हमारे पास अवसर है, उसका लाभ उठाने की जरूरत है और इसके लिए शिक्षण और प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पीएलएफएस (आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण) आंकड़ों के अनुसार, पिछले सात साल में कामगार-जनसंख्या अनुपात साफ तौर पर बढ़ रहा है। इसका मतलब है कि नौकरियों की संख्या जनसंख्या वृद्धि के मुकाबले अधिक बढ़ रही हैं। इसमें उतार-चढ़ाव भी है लेकिन जो रुख है, वह बताता है कि नौकरियां बढ़ रही है। अतः यह कहना गलत है कि नौकरियां नहीं बढ़ रही हैं। उल्लेखनीय है कि पीएलएफएस की सालाना रिपोर्ट 2023-24 (जुलाई-जून) के अनुसार, कामगार-जनसंख्या अनुपात सभी उम्र के व्यक्तियों के मामले में 2023-24 में बढ़कर 43.7 प्रतिशत हो गया, जो 2017-18 में 34.7 प्रतिशत था। उन्होंने कहा कि अगर पीएलएफएस में पारिश्रमिक के आंकड़ों को देखें, जो कैजुअल वर्कर (ठेके पर काम करने वाले) हैं, उनका वास्तविक वेतन सात साल के दौरान बढ़ा है और इस दौरान उनकी स्थिति सुधरी है। आंकड़े इसकी पुष्टि करते हैं। जाने-माने अर्थशास्त्री विरमानी ने कहा कि लेकिन एक बड़ा मुद्दा नियमित वेतन वाली नौकरियां के मामले में है। इस श्रेणी में सात साल में वास्तविक पारिश्रमिक मुद्रास्फीति के हिसाब से

# राज्य निवेश अनुकूलता सूचकांक दो महीने में आने की उम्मीदः विरमानी

नयी दिल्ली। नीति आयोग के सदस्य डॉ. अरविंद विरमानी ने कहा है कि राज्यों के निवेश अनुकूलता सूचकांक के दूसरे चरण पर काम जारी है और इसके एक-दो महीने में जारी होने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में प्रतिस्पर्धी सहकारी संघवाद की भावना को आगे बढ़ाने के लिए 2025 में राज्यों का निवेश अनुकूलता सूचकांक (इन्वेस्टमेंट फ्रेंडलिनेस इंडेक्स ऑफ स्टेट्स) लाने की घोषणा की गई है। यह सूचकांक राज्यों को नियमों की समीक्षा के लिए प्रेरित करेगा, ताकि यह पता लगाया जा सके कि निवेश को क्या बाधित कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य निजी निवेश को आकर्षित करने के लिए राज्यों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है। वित्त मंत्रालय, नीति आयोग और उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के परामर्श से राज्यों के निवेश अनुकूलता सूचकांक से संबंधित मानदंडों पर काम कर रहा है। सूचकांक तैयार करने का पहला चरण पूरा हो गया है। दूसरे चरण पर काम जारी है। इसमें उद्योग से सुझाव लिये जा रहे हैं। सूचकांक में उद्योग की राय महत्वपूर्ण है।

# वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा



नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह अमेरिका में शुल्क से संबंधित घटनाक्रमों, वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों ने कहा कि आने वाले दिनों में व्यापार शुल्क की चिंताओं तथा विदेशी कोषों की निकासी से निवेशकों की धारणा कमजोर रह सकती है। अकेले फरवरी में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी l,383.7 अंक या 5.88 प्रतिशत टूटा है। वहीं इस दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 4,302.47 अंक या 5.55 प्रतिशत नीचे आया है। पिछले साल 27 सितंबर को सेंसेक्स 85,978.25 के अपने शीर्ष स्तर पर पहुंचा था। तब से अबतक सेंसेक्स 12,780.15 अंक या 14.86 प्रतिशत नीचे आ चुका है। इसी तरह निफ्टी 27 सितंबर, 2024 के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर 26,277.35 अंक से 4,152.65 अंक या 15.80 प्रतिशत टूट चुका है। निवेशकों की निगाह शुल्क नीति और बेरोजगारी दावों सहित महत्वपूर्ण घटनाक्रमों पर रहेगी। निकट भविष्य में बाजार की स्थिति कमजोर रहने की उम्मीद है। हालांकि, अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनियों के नतीजों में सुधार तथा वैश्विक व्यापार मोर्चे पर अनिश्चितता कम होने के बाद स्थिति में धीरे-धीरे सुधार की उम्मीद है। वृहद आर्थिक मोर्चे पर सप्ताह के दौरान एचएसबीसी विनिर्माता और सेवा पीएमआई आंकड़े आएंगे, जिनपर निवेशकों की निगाह रहेगी। हमारा मानना है कि कमजोर वैश्विक रुख और घरेलू मोर्चे पर संकेतकों की कमी की वजह से बाजार कमजोरी के रुख के साथ कारोबार करेगा। दिसंबर तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। यह क्रमिक आधार पर सात तिमाहियों के निचले स्तर से उबर रही है। हालांकि, दिसंबर तिमाही की वृद्धि दर इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही की तुलना में कम रही है। आर्थिक वृद्धि दर का यह आंकड़ा ऐसे समय आया है जबकि अमेरिका का शुल्क युद्ध चुनौती बना हुआ है। सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत रही है। यह जुलाई-सितंबर तिमाही के 5.6 प्रतिशत के संशोधित आंकड़े से अधिक है। हालांकि, यह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 6.8 प्रतिशत के अनुमान से कम है। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,112.96 अंक या 2.80 प्रतिशत नीचे आया है। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 671.2 अंक या 2.94 प्रतिशत टूटा है। अनिश्चितता अक्सर वास्तविक घटनाक्रम से अधिक महत्वपूर्ण होती है, और बाजार वर्तमान में संभावित व्यापार युद्ध की चिंता से जूझ रहा है।

# अधिकांश तेल-तिलहन के दाम टूटे



नयी दिल्ली। सरकार के द्वारा बीते सप्ताह आयातित खाद्य तेलों के आयात शुल्क मूल्य में वृद्धि किये जाने के बावजूद गत सप्ताहांत में शिकॉगो एक्सचेंज में भारी गिरावट रहने के कारण करोबारी दवाब बढ़ने से अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम गिरावट दर्शाते बंद हुए।

उपलब्धता घटने और सस्ता होने की वजह से मांग बढ़ने के कारण अकेला बिनौला तेल सुधार के साथ बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह विदेशों में पाम, सूरजमुखी और सोयाबीन तेल के दाम टूटे हैं और हमारे देश में इस गिरावट का असर व्यापक तेल-तिलहनों पर भी देखा गया जिससे उनके दाम में गिरावट आई। चूंकि देश में फरवरी महीने में आयात कम हुआ है, इसलिए स्टॉक की कमी है, इस वजह से सोयाबीन तेल पर विदेशी बाजार में आई गिरावट का उतना असर नहीं आया। सूत्रों ने कहा कि सरकार को तेल-तिलहन बाजार की समग्र स्थिति पर निरंतर ध्यान कायम रखना होगा। किसी भी नीति, फैसले की वजह से अगर बाजार धारणा खराब होती है तो उसका असर लंबे समय तक रहता है। इस लिए हर कदम को पूरी समग्रता को देखकर उठाना होगा क्योंकि देश तेल-तिलहन मामले में आत्मनिर्भरता हासिल करने की ओर बढ़ना चाह रहा है। सरकार की ओर से तिलहनों की थोड़ी बहुत खरीद कर लेने या न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) घोषित कर देने भर से काम नहीं पूरा होगा बल्कि बाजार पर गहरी नजर रखनी होगी। तमाम खाद्य तेल संगठनों को भी इस बात के लिए जवाबदेही स्वीकार करनी होगी कि उन्होंने जो भी सुझाव दिये हैं, उससे क्या देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ पाया है? या निरंतर आयात पर ही निर्भर होता चला गया है? इस जिम्मेदारी को आखिर कौन स्वीकार करेगा? सूत्रों ने कहा कि तमाम खाद्य तेल विशेषज्ञों, समीक्षकों को भी विचार करना चाहिये कि दक्षिण भारत में एक समय पर्याप्त मात्रा में मूंगफली उत्पादन होता था आज आंध्र प्रदेश से मूंगफली लगभग लुप्त क्यों हो चली है? आखिर यहीं किसान धान खेती की ओर क्यों रुख कर बैठे जिसका स्टॉक सिर्फ गोदामों की शोभा बढ़ा रहा है।

## पेज एक का शेष

### इजराइल ने

की शर्त पर बताया कि सहायता निलंबित करने का निर्णय ट्रंप प्रशासन के समन्वय से लिया गया है। इजराइल सरकार ने रविवार को कहा कि वह गाजा में संघर्ष विराम के प्रथम चरण को रमजान और यहूदी पर्व पासओवर तक बढ़ाने के प्रस्ताव का समर्थन करती है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का कार्यालय ने रविवार सुबह कहा कि इजराइल पासओवर या 20 अप्रैल तक संघर्ष विराम को आगे बढ़ाने के पक्ष में है। इसने कहा कि यह प्रस्ताव अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के पश्चिम एशिया के दूत स्टीव विटकॉफ की ओर से आया है। नेतन्याहू के कार्यालय के मुताबिक, प्रस्ताव के तहत आधे बंधकों को, चाहे वे जीवित हों या मृत, पहले दिन छोड़ा जाएगा और अगर स्थायी युद्ध विराम पर सहमति बन जाती है तो बाकी को रिहा कर दिया जाएगा। इजराइल द्वारा घोषित प्रस्ताव या सहायता बंद करने के उसके निर्णय पर अमेरिका की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। हमास ने कहा कि इजराइल द्वारा सहायता पर रोक लगाना समझौते का एक और उल्लंघन है, क्योंकि दोनों पक्षों के बीच समझौते के दूसरे चरण पर बातचीत जारी है तथा राहत सामग्री की आपूर्ति और सहायता जारी रहनी चाहिए। इस बीच विदेश मंत्री गिदोन सार ने कहा कि इजराइल संघर्ष विराम के अगले चरण पर बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन वह वार्ता के दौरान अधिक बंधकों को रिहा करने पर जोर दे रहा है। उन्होंने एक प्रेस वार्ता में कहा कि हमने (चरण एक के तहत) अपनी सभी प्रतिबद्धताओं को अंतिम दिन तक पूरा किया, जो कल तक थी। हमारा रुख यह है कि बातचीत के दौरान बंधकों को रिहा किया जाना चाहिए। हमास ने चेतावनी दी कि संघर्ष विराम समझौते में देरी या उसे रद्द करने के किसी भी प्रयास से बंधकों के लिए मानवीय परिणाम होंगे। उसने दोहराया कि उन्हें रिहा कराने का एकमात्र तरीका मौजूदा समझौते को लागू करना है, जिसमें शेष बंधकों को मुक्त करने के लिए समयसीमा निर्दिष्ट नहीं की गई है। हमास ने कहा है कि वह दूसरे चरण में शेष सभी बंधकों को एक साथ रिहा करने को तैयार है, लेकिन इसके बदले में वह अधिक फलस्तीनी कैदियों की रिहाई, स्थायी संघर्षविराम तथा इजराइली सेना की वापसी चाहता है।

### मौलवी पर

अधिकारी की अनुमति के बिना लाउडस्पीकर या पब्लिक एड्रेस सिस्टम का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। मिश्रा ने बताया कि अशफाक 28 फरवरी की शाम को भी नमाज एवं अजान के दौरान लाउडस्पीकर का इस्तेमाल कर रहे थे और मांगने पर वह कोई अनुमति पत्र नहीं दिखा सके थे। उन्होंने कहा कि नियम के उल्लंघन के आरोप में मौलवी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223 (सरकारी आदेशों की अवहेलना), 270 (सार्वजनिक उपद्रव) और 293 (किसी वैध प्राधिकरण की ओर से जारी निषेधाज्ञा के बावजूद सार्वजनिक उपद्रव जारी रखना) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मिश्रा के अनुसार, मौजूदा समय में माध्यमिक शिक्षा परिषद और अन्य बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि लाउडस्पीकर की तेज आवाज से परीक्षार्थियों और गंभीर रूप से बीमार लोगों को परेशानी होती है।

### पूर्व सेबी प्रमुख बुच

विनियामक उल्लंघन और भ्रष्टाचार शामिल है। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि सेबी के अधिकारी अपने वैधानिक कर्तव्य में विफल रहे, बाजार में हेरफेर को बढ़ावा दिया, तथा निर्धारित मानदंडों को पूरा नहीं करने वाली कंपनी को सूचीबद्ध करने की अनुमति देकर कॉरपोरेट धोखाधड़ी के लिए रास्ता खोला। शिकायतकर्ता ने कहा कि कई बार पुलिस स्टेशन और संबंधित नियामक निकायों से संपर्क करने के बावजूद कोई कार्वाई नहीं की गई। भारत की पहली महिला सेबी प्रमुख बुच पर अमेरिका स्थित शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने हितों के टकराव के आरोप लगाए थे। उसके बाद राजनीतिक तनाव के बीच बुच ने शुक्रवार को अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा किया। सेबी ने कहा कि वह इस आदेश को चुनौती देने के लिए उचित कानूनी कदम उठाएगा और सभी मामलों में उचित विनियामक अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। अदालत के आदेश पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सेबी ने एक बयान में कहा, सेबी की पूर्व चेयरपर्सन, तीन वर्तमान पूर्णकालिक सदस्यों और बीएसई के दो अधिकारियों के खिलाफ एसीबी अदालत, मुंबई के समक्ष एक विविध आवेदन दायर किया गया था। सेबी ने कहा कि हालांकि, ये अधिकारी प्रासंगिक समय पर अपने संबंधित पदों पर नहीं थे, फिर भी अदालत ने बिना कोई नोटिस जारी किए या सेबी को तथ्यों को रिकॉर्ड पर रखने का कोई अवसर दिए बिना आवेदन को अनुमति दे दी। सेबी के बयान के अनुसार, आवेदक को एक तुच्छ और आदतन मुकदमाकर्ता के रूप में जाना जाता है, जिसके पिछले आवेदनों को अदालत द्वारा खारिज कर दिया गया था, और कुछ मामलों में जुर्माना भी लगाया गया था।

### करंट लगने

इस दौरान कुछ मजदूर सिर पर सजावटी लाइट वाला गमला लेकर चल रहे थे लेकिन गमला 11,000 वोल्ट के तार से छू गया और गमले सहित बग्घी करंट की चपेट में आ गई। पुलिस ने बताया कि करंट लगने से मेहनगर के जवाहर नगर वार्ड निवासियों गोलू (17) और मंगरु (25) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और दूल्हा बेहोश हो गया। इस घटना से बारात में भगदड़ की स्थिति पैदा हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### रेस्क्यु अभियान

ने दोबारा मौसम के खराब होने का एलर्ट जारी किया है, इसलिए आज ही रविवार को लापता श्रमिकों की तलाश के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिलाधिकारी चमोली को निर्देश दिए कि मृतक श्रमिकों का पोस्टमार्टम कर उनके शवों को शीघ्रताशीघ्र उनके घर पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। साथ ही उन्होंने घायल श्रमिकों तथा मृतक श्रमिकों को आपदा प्रबन्धन विभाग के प्रावधानों के अनुसार समुचित मुआवजा राशि मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राहत और बचाव दलों द्वारा सराहनीय कार्य किया गया, जिसके फलस्वरूप 46 श्रमिकों को सुरक्षित बचाया जा सका। उन्होंने बताया कि लापता श्रमिकों की खोजबीन के लिए लगभग 200 लोग कार्य कर रहे हैं। आपदा प्रबंधन सेना, आईटीबीपी, बीआरओ, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, जिला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, वायु सेना, यूकाडा, अग्निशमन विभाग, खाद्य विभाग द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फरवरी और मार्च में हिमस्खलन की संभावना बढ़ जाती है, ऐसे में आपदा प्रबन्धन विभाग के माध्यम से एडवाइजरी जारी कर दी गई है। जो भी श्रमिक उच्च हिमालयी क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं, उन्हें सुरक्षित स्थानों पर भेजने के निर्देश दिए गए हैं। जिन क्षेत्रों में भारी बर्फबारी के कारण विद्युत व्यवस्था तथा संचार व्यवस्था बाधित है, उन्हें दुरुस्त करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। पांच ब्लाकों में विद्युत व्यवस्था बहाल कर दी गई है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राज्य सलाहकार समिति आपदा प्रबंधन विनय कुमार रुहेला, सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन, आईजी एसडीआरएफ, रिद्धिम अग्रवाल, अपर मुख्य कार्यकारी, अधिकारी क्रियान्वयन, डीआईजी राज कुमार नेगी आदि उपस्थित रहे।

46 सुरक्षित श्रमिक ज्योतिर्मठ लाए गएः बदरीनाथ, माणा से सभी 50 श्रमिकों (46 सुरक्षित तथा 04 मृतक) को ज्योतिर्मठ लाया जा चुका है। मृतक श्रमिकों का पोस्टमार्टम कराये जाने की कार्यवाही गतिमान है, जिसके बाद उनके शवों को उनके घर भेजा जाएगा। लगातार राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के माध्यम से नियमित तौर पर पूरे घटनाक्रम पर नजर रखी जा रही है तथा सभी विभागों के आपसी समन्वय से युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य किया जा रहा है। बता दें कि पूर्व में श्रमिकों की संख्या 55 बताई गई थी। एक श्रमिक के घर फोन कर संपर्क किया गया तो पता चला कि पहले ही एक श्रमिक बिना बताए अपने घर चला गया था। इस प्रकार प्रभावित/फंसे श्रमिकों की कुल वास्तवित संख्या 54 है।

आधुनिक उपकरणों से की जा रही खोजः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि लापता श्रमिकों की तलाश के लिए सर्च एवं रेस्क्यू के लिए आधुनिक उपकरणों की मदद ली जा रही है। रविवार को जीपीआर जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंची, जिसे एमआई-17 हैलीकाप्टर की ओर से घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। इसके अतिरिक्त एनडीआरएफ की तरफ से थर्मल-इमेजिंग कैमरा, विक्टिम लोकेटिंग कैमरा, एवलांच रॉड, डॉग स्क्वाड को घटना स्थल पर भेजा जा चुका है तथा इनके माध्यम से व्यापक स्तर पर रेस्क्यू अभियान संचालित किया जा रहा है।

### ब्रिटेन, फ्रांस

सुरक्षा की रक्षा करने तथा हमारे सामूहिक भविष्य को सुरक्षित करने के लिए एकजुट हों। इस शिखर सम्मेलन में फ्रांस, जर्मनी, डेनमार्क, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, पोलैंड, स्पेन, कनाडा, फिनलैंड, स्वीडन, चेक गणराज्य और रोमानिया के नेता भी शामिल होंगे। तुर्की के विदेश मंत्री, नाटो महासचिव तथा यूरोपीय आयोग और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष भी इसमें भाग लेंगे। इससे पहले, वोलोदिमीर जेलेंस्की और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच ओवल ऑफिस (अमेरिका के राष्ट्रपति का कार्यालय) में हुई तीखी बहस के एक दिन बाद ब्रिटेन आए यूक्रेन के राष्ट्रपति को ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने गले लगाया और कहा कि उन्हें देश का अटूट समर्थन प्राप्त है। जेलेंस्की शनिवार को जब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के कार्यालय 10 डाउनिंग स्ट्रीट पहुंचे तो वहां बाहर एकत्र लोग उनके समर्थन के नारे लगा रहे थे। स्टॉर्मर ने यूक्रेनी राष्ट्रपति को गले लगाया और वह उन्हें अंदर ले गए। दोनों नेताओं की मुलाकात लंदन में यूरोपीय नेताओं की बैठक की पूर्व संध्या पर हुई। इस बैठक में इस बात पर चर्चा की जाएगी कि अगर अमेरिका यूक्रेन से समर्थन वापस ले लेता है तो यूरोपीय देश यूक्रेन और खुद की रक्षा कैसे कर सकते हैं। स्टॉर्मर ने युद्धग्रस्त देश के नेता से कहा, और जैसा कि आपने बाहर सड़क पर नारो के जरिए सुना, आपको पूरे ब्रिटेन में समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा कि हम आपके साथ, यूक्रेन के साथ खड़े हैं, भले ही इसमें (युद्ध में) कितना भी समय लगे। जेलेंस्की ने उन्हें और ब्रिटेन के लोगों को उनके समर्थन और दोस्ती के लिए धन्यवाद दिया।

### सड़क हादसों

आठ लोग घायल हो गए। हादसे के बाद बाईपास पर वाहनों की कतारें लग गई। घटना में हताहत मजदूर गुड़गांव से मजदूरी कर लखीमपुर खीरी स्थित अपने घर लौट रहे थे। लखीमपुर खीरी जिले के मजदूरी करने वाले 20 पुरुष और महिलाएं गुड़गांव के सेक्टर 57 से शनिवार की रात घर जाने के लिए निकले थे। मजदूरों ने एक ट्रक पर सामान लादकर युवक संदीप कुमार को बैठा दिया। दूसरे ट्रक पर अन्य मजदूर सवार हो गए। सुबह चार बजे कटघर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर के नजदीक खराब ट्रक में धक्का मारने के लिए मजदूर उतर गए। इस बीच सब्जी से भरे दूसरे ट्रक ने टक्कर मारने के बाद पलट गया। इस दौरान तीन मजदूरों की कुचलने से मौत हो गई और आठ लोग बुरी तरह से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भाग निकले। कटघर पुलिस ने तत्काल घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया। अस्पताल में लखीमपुर खीरी जिले के ईसानगर चौरा गांव निवासी शंभू दयाल (45), गांव बेती सहदेव निवासी अशोक (30), मिथौली गांव निवासी लवकुश (29) को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।




# भारत ने न्यूजीलैंड को भी धोया

## चैंपियंस ट्रॉफी- न्यूजीलैंड को 44 रन से दी मात, सेमीफाइनल में होगा ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला

**एजेंसी**

दुबई। वरुण चक्रवर्ती प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 5 विकेट लिए। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी में अजेय अभियान जारी रखा है। टीम ने रविवार को न्यूजीलैंड को 44 रन से हराया। रविवार को 250 रन का टारगेट चेज कर रही न्यूजीलैंड 45.3 ओवर में 205 रन पर ऑलआउट हो गई। वरुण चक्रवर्ती ने 5 विकेट झटके। कुलदीप यादव को 2 विकेट मिले। केन विलियम्सन ने सबसे ज्यादा 81 रन बनाए। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी। भारतीय टीम 50 ओवर में 8 विकेट पर 249 रन ही बना सकी। श्रेयस अय्यर ने 79 रन बनाए।

न्यूजीलैंड से मैट हेनरी ने 5 विकेट लिए। इस जीत के साथ भारत ने ग्रुप-ए में टॉप पोजिशन के साथ फिनिश किया है यानी कि भारत का सेमीफाइनल मुकाबला 4 मार्च को इसी मैदान पर ऑस्ट्रेलिया से होगा। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड की टीमें खेलेंगी। श्रेयस अय्यर (79) की अर्धशतकीय पारी के बावजूद मैट हेनरी की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से न्यूजीलैंड ने भारत को चैंपियंस ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच रविवार को यहां भारत को नौ विकेट पर 249 रन पर रोक दिया। हेनरी ने आठ ओवर में 42 रन देकर पांच विकेट लिये। उन्हें टीम के दूसरे गेंदबाजों अच्छा साथ मिला। न्यूजीलैंड के लिए काइल जैमीसन विलियम ओ राउरकी, कप्तान मिचेल सेंटनर और रचिन रविंद्र ने एक-एक विकेट लिये। न्यूजीलैंड के क्षेत्ररक्षकों ने कुछ कमाल के कैच पकड़ने के साथ अहम रन बचाये। भारत ने शुरुआती सात ओवर में 30 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन अय्यर ने 98 गेंद की पारी में चार चौके और दो छक्के की मदद से 79 रन की संयमित पारी खेलने के



अलावा अक्षर पटेल (42) के साथ चौथे विकेट के लिए 136 गेंद में 98 रन की साझेदारी कर टीम को खराब शुरुआत से उबारा। उन्होंने लोकेश राहुल (23) के साथ भी 42 गेंद में 44 रन की साझेदारी की। अक्षर ने 61 गेंद की पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। आखिरी ओवरो में हार्दिक पंड्या ने 45 गेंद में चार चौके और दो छक्के की मदद से 45 रन बनाकर टीम को 250 रन के करीब पहुंचाया। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर रोहित शर्मा ने मैट हेनरी के खिलाफ आक्रामक अंदाज में चौका और छक्का लगाये लेकिन इस तेज गेंदबाज ने शुभमन गिल (दो) को चलता कर भारत का पहला झटका दिया। काइल जैमीसन के खिलाफ बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में रोहित (15) विल यंग को कैच देकर पवेलियन लौट गये। पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद शतक जड़ने वाले विराट कोहली भी बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। हेनरी की गेंद पर प्वाइंट की दिशा में ग्लेन फिलिप्स ने शानदार कैच लपककर 14 गेंद में उनकी 11 रन की पारी को खत्म किया। सातवें ओवर में 30 रन तक तीन विकेट गंवाने के बाद श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल ने सतर्कता से बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर तक टीम के स्कोर को 46 रन तक पहुंचाया।

अक्षर ने सेंटनर के खिलाफ चौका जड़कर बाउंड्री के 52 गेंद के सूखे को खत्म किया। अय्यर ने अगले ओवर में ओ राउरकी के खिलाफ तीन चौके लगाकर रनगति को पटरी पर लाने की कोशिश तेजी की। टीम ने 25वें ओवर में अपना शतक पूरा किया जिसका जश्न अय्यर ने ब्रेसवेल के खिलाफ शानदार चौके से मनाया।

अय्यर और अक्षर को अब न्यूजीलैंड के स्पिनरों के खिलाफ रन चुराने में कोई परेशानी नहीं हो रही थी। अय्यर ने रचिन रविंद्र के खिलाफ एक रन लेकर 75 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया जो उनके वनडे करियर का सबसे धीमा पचासा है। अक्षर ने ब्रेसवेल की गेंद पर शानदार छक्का जड़ा लेकिन रचिन की अधिक उछाल लेती गेंद से सामंजस्य बिठाने में नाकाम रहे और गेंद उनके बल्ले का ऊपरी किनारा लेकर विलियमसन के हाथों में चली गयी। राहुल ने अगले ओवर में इस गेंदबाज को खिलाफ चौके के साथ हाथ खोला तो वहीं अय्यर ने रविंद्र और ओ राउरकी के खिलाफ छक्के जड़े। ओ राउरकी ने हालांकि अय्यर को 37वें ओवर में आउट कर भारत को बड़ा झटका दिया। राहुल एक बार फिर अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। रविंद्र जडेजा ने 41वें ओवर में ब्रेसवेल के खिलाफ चौका तो वही हार्दिक पंड्या ने छक्का जड़ टीम को 200 रन के करीब पहुंचाया लेकिन हेनरी की गेंद पर विलियमसन ने डाइव लगाकर बायें हाथ से शानदार कैच पकड़ कर जडेजा की 20 गेंद में 16 रन की पारी पर विराम लगाया। पंड्या ने 49वें ओवर में जैमीसन के खिलाफ लगातार गेंदों पर दो चौके और छक्का लगाकर ओवर से 15 रन बटोरे लेकिन आखिरी ओवर में हेनरी की धीमी बाउंसर पर रविंद्र को कैच देकर पवेलियन लौटे। हेनरी ने पारी की आखिरी गेंद पर शमी (05) को आउट कर अपने पांच विकेट पूरे किये।

## केमेर को हराकर प्रज्ञानानंदा संयुक्त रूप से शीर्ष पर

प्राग। ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए जर्मनी के विंसेंट केमेर को हराया और अब प्राग मास्टर्स शतरंज के चौथे दौर के बाद वह तीन अंक लेकर अराविंद चिदंबरम के साथ शीर्ष पर है। अराविंद ने अमेरिका के सैम शांकलैंड के साथ ड्रॉ खेला जबकि शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के वेइ यि ने स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा को हराया। नीदरलैंड के अनीश गिरि ने लगातार चौथा ड्रॉ खेला। उनकी बाजी तुर्किये के गुरेल एडिज के साथ बराबरी पर रही। चेक गणराज्य के ग्रैंडमास्टर एंगुयेन थाइ देइ वान ने वियतनाम के कुआंग लेइम ली से ड्रॉ खेला। शांकलैंड, केमेर, गिरि और ली संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा का सामना अगले दौर में अराविंद से होगा जिसमें वह सफेद मोहरों से खेलेंगे। चैलेंजर वर्ग में दिव्या देशमुख ने चीन की मा कुन से ड्रॉ खेला और अब चार मुकाबलों के बाद उनके डेढ अंक हैं।

**कोचिन क्वींस ओवरआल चैम्पियन, हैदराबाद अंडर 17 में अव्वल**

हैदराबाद। कोचिन क्वींस ने पहली अस्मिता नौकायन लीग में ओवरआल चैम्पियन का खिताब जीत लिया है। केरल की टीम ने छह स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता। मेजबान हैदराबाद क्वींस चार स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीतकर दूसरे स्थान पर रही। अंडर 19 और अंडर 23 वर्ग में 20 स्पर्धाओं में आठ टीमें खिताब की दौड़ में थी। कोचिन क्वींस ने अंडर 23 वर्ग में पांच में से चार स्पर्धायें जीती।

## संक्षेप

### महिला हॉकी चैंपियनशिप तेलंगाना और दिल्ली जीते

पंचकुला। तेलंगाना और दिल्ली ने रविवार को हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दूसरे दिन डिवीजन बी में जीत दर्ज की जबकि दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव ने भी डिवीजन सी के अपने मैच जीते। डिवीजन बी के पूल ए में तेलंगाना ने असम पर 3-। से जीत दर्ज कर अपने अभियान की शुरुआत की। दिन के दूसरे डिवीजन बी मैच में दिल्ली ने हिमाचल को ।-0 से हराया। डिवीजन बी में दिन का आखिरी मैच छत्तीसगढ़ और चंडीगढ़ के बीच ।-। से बराबरी पर समाप्त हुआ।

### युकी ने दुबई में पहला एटीपी 500 युगल खिताब जीता

दुबई। भारत के युकी भांबरी ने पहला एटीपी 500 पुरूष युगल खिताब जीत लिया जब उन्होंने आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार एलेक्सेइ पोपिरिन के साथ दुनिया की 14वें नंबर की जोड़ी फिनलैंड के हारी हेलियोवारा और ब्रिटेन के हेनरी पाटेन को दुबई टेनिस चैम्पियनशिप में हराया। पहला सेट हारने के बाद दोनों ने शानदार वापसी करते हुए शनिवार को 51 मिनट तक चला मुकाबला 3 . 6, 7 . 6, 10 . 8 से जीता। इस जीत के साथ भांबरी सोमवार को एटीपी रैंकिंग में कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 40वीं रैंकिंग हासिल कर लेंगे। भांबरी और पोपिरिन ने खिताबी सफर में दुनिया की नंबर एक जोड़ी अल सल्वाडोर के मार्शेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मेट पेविच को 4 . 6, 7 . 6, 10 . 3 से मात दी। उन्होंने ब्रिटेन के जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल को 5 . 7, 7 . 6, 10 . 5 से मात दी। पुरूष एकल वर्ग में स्टेफानोस सिटसिपास ने कनाडा के फेलिक्स आगर एलियास्सिमे को हराकर खिताब जीता।

### दिल्ली एफसी ने 10 मैच के बाद चखा जीत का स्वाद

माहिलपुर (पंजाब)। दिल्ली एफसी ने रविवार को यहां आई-लीग में डेम्पो स्पोर्ट्स क्लब को 2-। से हराकर 10 मैचों में अपनी पहली जीत दर्ज की। मैच के सभी गोल पहले हाफ में हुए। दिल्ली की टीम के लिए समीर बिनॉन्ग (चौथे मिनट) और विक्टर कामहुका (20वें मिनट) ने गोल किये जबकि मार्कस जोसेफ (35वें मिनट) ने डेम्पो के लिए गोल किया। इस जीत के बावजूद दिल्ली तालिका में सबसे नीचे (17 मैचों में 13 अंक) है। आइजोल एफसी के भी इतने ही अंक है लेकिन उसने एक मैच कम खेला है। दिल्ली एफसी ने बीते साल 19 दिसंबर को शिलांग लाजोंग एफसी के खिलाफ अपना पिछला मैच जीता था। इसके बाद टीम ने 10 मैच खेले और सिर्फ दो ड्रॉ करने में सफल रहा।

## मेधांश सक्सेना ने सर्वाधिक अंक के साथ जीता 43वां शिवानी कप स्पेशल ओपन चेस टूर्नामेंट



लखनऊ। शीर्ष वरीय मेधांश सक्सेना ने 43वां शिवानी कप स्पेशल ओपन चेस टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक 6 अंक के साथ अविजित रहते हुए विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया।

वहीं आयु वर्ग में अनय अग्रवाल, जयेश किशोर आर्य व उज्जवल राज श्रीवास्तव चैंपियन बने। लखनऊ जिला चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में शिवानी पब्लिक स्कूल, शहीद पथ द्वारा आयोजित टूनार्मेंट में मेधांश सक्सेना ने छठें व अंतिम राउंड के बाद सर्वाधिक अंक हासिल किए। उनसे मात्र एक अंक से पिछड़े अंचल रस्तोगी 5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। हालांकि अंचल रस्तोगी, उमेश वर्मा, अजितेश रावत व सुनील कुमार ने समान 5-5 अंक हासिल किए लेकिन टाईब्रेक स्कोर के चलते क्रमशः दूसरे से पांचवें स्थान पर रहे। अंडर-16 आयु वर्ग में उज्जवल राज श्रीवास्तव व अणर्व बनर्जी ने समान 3-3 अंक जुटाए लेकिन टाईब्रेक स्कोर के चलते उज्जवल पहले स्थान पर रहे जबकि अणर्व बनर्जी को दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। अनंत चौरसिया ढाई अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-13 आयु वर्ग में जयेश किशोर आर्या व उत्सव राज श्रीवास्तव के 3-3 अंक रहे।

हालांकि टाईब्रेक स्कोर के चलते जयेश पहले व उत्सव दूसरे स्थान पर रहे। आरुष कबीर ढाई अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-9 आयु वर्ग में अनय अग्रवाल सर्वाधिक साढ़े तीन अंक के साथ पहले स्थान पर रहे। विवस्त विवेक सक्सेना व आर्यन दीपक के समान 2-2 अंक रहे लेकिन टाईब्रेक स्कोर के चलते क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। समापन समारोह में शिवानी ग्रुप ऑफ स्कूल व कॉलेजेस के सीईओ सुधीर दुबे ने पुरस्कार बांटे।

## यूपीएए की राशि सिंह ने झटके दोहरे स्वर्ण

**खेल संवाददाता**

लखनऊ। गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक पर आयोजित यूपी स्टेट यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2025 में युवा एथलीटों ने दमदार प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में हुई इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्पधाओं में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। चैंपियनशिप में वाराणसी की टीम 3 स्वर्ण, 4 रजत व 4 कांस्य पदक के साथ ओवर ऑल विजेता रही। वहीं सहारनपुर व सोनभद्र 2 स्वर्ण, 1 रजत व 1 कांस्य पदक के साथ संयुक्त उपविजेता रही। चैंपियनशिप में लखनऊ की अशिता ने बालिका लंबी कूद में और कोमल यादव ने बालिका 400 मी. में स्वर्णिम सफलता हासिल की। वहीं यूपीएए की राशि सिंह ने दोहरे स्वर्ण जीते। दूसरी ओर हेप्टाथलान में सभी सात स्पधाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए बालकों में इटावा के वरुण राजपूत और बालिकाओं में सीतापुर की प्रिया मिश्रा पहले स्थान पर रहे। दो दिवसीय इस चैंपियनशिप के समापन समारोह में यूपी एथलेटिक्स एसोसिएशन के कार्यकारी सचिव नरेंद्र कुमार, इंटरनेशनल एथलीट बाबादीन चौधरी, इंटरनेशनल रेफरी एसके खन्ना, साई की सेवानिवृत्त कार्यकारी निदेशक रचना गोविल सहिल लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव बीआर वरुण ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया। इससे पूर्व चैंपियनशिप का उद्घाटन यूपी एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आशुतोष भल्ला ने किया था।




बालक 200 मीटर दौड़ में वाराणसी के जमील अली ने 22.17 सेकंड में दौड़ पूरी कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया, जबकि उनके साथी शुभम यादव ने 22.41 सेकंड के साथ रजत पदक व सोनभद्र के अभिराज सिंह 22.87 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। वहीं, बालिका 200 मीटर दौड़ में यूपीएए की राशि सिंह ने 25.78 सेकंड में दौड़ पूरी कर पहले स्थान पर रही। लखनऊ की कोमल यादव 26.35 सेकंड के साथ दूसरे व अलीगढ़ की हनी यादव 26.70 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। बालिका 100 मी.दौड़ में यूपीएए की राशि सिंह ने 12.53 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। रायबरेली की सोनी कुमारी 12.87 सेकेंड के साथ दूसरे व अलीगढ़ की हनी यादव 13.11 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रही। बालक 1000 मीटर दौड़ में भदोही के विकास कुमार ने 2:30.18 मिनट के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। उनसे मात्र 0.20 सेकंड के अंतर के साथ प्रयागराज के शिव कुमार गुप्ता दूसरे स्थान पर रहे। फिरोजाबाद के शोएब इरशाद ने 2:32.20 मिनट के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका 1000 मीटर दौड़ में गाजीपुर की नंदनी राजभर ने 3:03.36 मिनट के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। वाराणसी की साक्षी सिंह 3:08.63 मिनट के साथ दूसरे व वाराणसी की ही गुड़िया यादव 3:12.39 मिनट के साथ तीसरे स्थान पर रही। बालक ऊंची कूद में सहारनपुर के हरदीप ने 1.85 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण पदक जीता। मुजफ्फरनगर के प्रियांशु 1.80 मीटर की कूद के साथ दूसरे व हाथरस के ऋतिक गौर ने 1.75 मीटर की कूद के साथ तीसरे स्थान पर रहे। बालक लंबी कूद में वाराणसी के शाहनवाज खान ने 7.43 मीटर की शानदार कूद के साथ पहला स्थान प्राप्त किया।

- वाराणसी ने जीती यूपी स्टेट यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2025
- लखनऊ की अशिता व कोमल ने हासिल की स्वर्णिम सफलता

## लखनऊ, मऊ, गोरखपुर और अमेठी हॉस्टल सेमीफाइनल में



लखनऊ। मेजबान लखनऊ और मऊ ने ओपन सीनियर प्रदेश स्तरीय आमंत्रण पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता में लीग मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए पूल में सर्वोच्च स्थान के साथ सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया।

उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय व क्षेत्रीय खेल कार्यालय लखनऊ के तत्वावधान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित इस प्रतियोगिता में लखनऊ चार जीत के साथ पूल बी में शीर्ष पर रहा जबकि अमेठी हास्टल की टीम तीन जीत के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में पहुंची। पूल ए में मऊ ने तीन जीत के साथ शीर्ष पर और गोरखपुर ने दो जीत के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए अंतिम चार में स्थान सुरक्षित किया। दूसरे दिन खेले गए लीग मुकाबलों में लखनऊ ने मुजफ्फरनर को 20-12 से हराया। वहीं गोरखपुर ने अयोध्या को 28-17 से, मऊ ने बुलंदशहर को 18-17 से और अमेठी हास्टल ने वाराणसी को 14-10 से शिकस्त दी। प्रतियोगिता में सोमवार को सुबह के सत्र में सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। पहला सेमीफाइनल लखनऊ व गोरखपुर के मध्य सुबह नौ बजे से और दूसरा सेमीफाइनल मऊ व अमेठी हास्टल के मध्य सुबह 10 बजे से खेला जाएगा। सेमीफाइनल की विजेता टीमों के बीच फाइनल मैच दोपहर 2:30 बजे से खेला जाएगा। प्रतियोगिता के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि खेल निदेशक डा.आरपी सिंह के करकमलों द्वारा विजेता व उपविजेता टीमों को सम्मानित किया जाएगा।

- ओपन सीनियर प्रदेश स्तरीय आमंत्रण पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता

## गुजरात जाइंट्स के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेंगे यूपी वारियर्स



**एजेंसी**

लखनऊ। यूपी वारियर्स महिला प्रीमियर लीग के अहम रिटर्न मुकाबले में सोमवार को गुजरात जाइंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य पिछली हार का बदला चुकता करके जीत की राह पर वापसी का होगा। दोनों के बीच पहला मैच वडोदरा में 16 फरवरी को हुआ था जिसमें गुजरात जाइंट्स ने छह विकेट से जीत दर्ज की थी। इसके बाद गुजरात को मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स ने लगातार दो मैचों में हराया। बेंगलुरू में गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को हराकर गुजरात ने प्लेआफ की उम्मीदें फिर जीवित की। अब यूपी वारियर्स, आरसीबी और गुजरात जाइंट्स के चार चार अंक हैं और वे तीसरे से पांचवें स्थान पर हैं। यूपी और गुजरात ने आरसीबी से एक मैच कम खेला है और यह मैच दोनों टीमों के लिये काफी महत्वपूर्ण है। गुजरात के बल्लेबाज लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। डायलान हेमलता और हरलीन देयोल खराब फॉर्म से जूझ रही हैं। कप्तान एशले गार्डनर ने आरसीबी के खिलाफ 31 गेंद में 58 रन बनाने के साथ एक विकेट भी लिया था। गार्डनर इस सत्र में तीन अर्धशतक लगा चुकी हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग की जरूरत है। आरसीबी के खिलाफ मैच के बाद गार्डनर ने कहा था, हमने अलग अलग हालात में खेला है और अब हम लखनऊ जा रहे हैं। उम्मीद है कि पावरप्ले में प्रदर्शन बेहतर होगा। हमारे पास विकेट सुरक्षित हों तो हम अच्छा स्कोर बना सकते हैं। यूपी वारियर्स की चिंता का सबब उसकी बल्लेबाजी है जिसके निचले क्रम के बल्लेबाजों ने आक्रामक प्रदर्शन करके अहम भूमिका निभाई है। पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ उनके गेंदबाज 142 रन का बचाव नहीं कर सके। दिल्ली कैपिटल्स पर मिली जीत में चिनेले हेनरी और क्रांति गौड ने अच्छा प्रदर्शन किया जबकि आरसीबी पर सुपर ओवर में मिली जीत में सोफी एक्सेलेटन ने कमाल किया।

**कोहली का जुझारू जज्बा, ऊर्जा और जुनून उन्हें महान बनाते हैं: विव रिचर्ड्स**

मुंबई। वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर सर विवियन रिचर्ड्स ने रविवार को कहा कि विराट कोहली का जुझारू जज्बा, ऊर्जा और जुनून उन्हें क्रिकेट के महानतम और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के वर्ग में रखता है। कोहली की लगन और खेल के प्रति जुनून के लंबे समय से प्रशंसक रहे रिचर्ड्स ने मैदान पर अपने प्रदर्शन के जरिए आलोचकों का मुंह बंद करने के लिए भारतीय बल्लेबाज की सराहना की।

इंटरनेशनल मास्टर लीग (आईएमएल) की संचालन परिषद के सदस्य रिचर्ड्स ने वर्चुअल बातचीत के दौरान कहा, मुझे लगता है कि वह वास्तव में हम सभी के सवालों का जवाब देता है। वनडे विश्व कप से पहले वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा था लेकिन फिर उन्होंने शानदार फॉर्म में वापसी की। इसलिए हम जिसके बारे में बात कर रहे थे, यह उस जज्बे का सच्चा प्रमाण है। उन्होंने कहा, इसलिए ही मैं उन्हें सर्वश्रेष्ठ और महानतम के वर्ग में रखता हूं। आपको हर दफा ऐसे खिलाड़ी नहीं मिलते जो फॉर्म में नहीं होने के बाद वापसी कर सकें। उनका जुझारू जज्बा, ऊर्जा और अच्छा प्रदर्शन करने का जुनून उन्हें सबसे अलग बनाता है। रिचर्ड्स ने कहा कि अगर वह अब भी खेल रहे होते तो वह मैदान पर कोहली की ऊर्जा से खेलना पसंद करते। रिचर्ड्स ने कहा, उनकी ऊर्जा उनके जुनून को दर्शाती है। वह हर समय खेल में अपनी भागीदारी से आपको दर्शाते रहते हैं। उनके अंदर इसके लिए जुनून है। वह हमेशा मैदान पर अपनी मौजूदगी दिखाते रहते हैं, वह इस तरह से शानदार खिलाड़ी हैं। जब उनसे उनकी पसंद के बल्लेबाजों के बारे में पूछा गया तो वेस्टइंडीज के इस पूर्व कप्तान ने कहा कि कोहली उन्हें खुद की याद दिलाते हैं। उन्होंने कहा, बहुत सारे बल्लेबाज हैं, पहले आपके पास सचिन तेंदुलकर जैसे क्रिकेटर थे जो अब संन्यास ले चुके हैं। लेकिन मौजूदा समय में विराट कोहली। वह मुझे खुद की याद दिलाते हैं।

## 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत का दावा मजबूत




**एजेंसी**

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष पद के दावेदार सेबेस्टियन को का मानना है कि 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत का दावा मजबूत है लेकिन कई अन्य देशों के इस दौड़ में शामिल होने से प्रतिस्पर्धा कठिन होगी। भारत ने आईओसी के भावी मेजबान आयोग को 2036 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पहले ही आशय पत्र सौंप दिया है जो वैश्विक खेल की शीर्ष संस्था के साथ महीनों की अनौपचारिक बातचीत के बाद एक महत्वाकांक्षी योजना में पहला ठोस कदम है।

मेरी पृष्ठभूमि को देखते हुए मेरे यह कहने से आपको हैरानी नहीं होगी कि मैं बहुत खुश हूं कि भारत वैश्विक खेल और विशेष रूप से ओलंपिक आंदोलन के लिए प्रतिबद्ध है। मुझे यह सुनकर बहुत खुशी हुई। उन्होंने कहा पर यह बहुत प्रतिस्पर्धी होगा। क्योंकि इसमें सिर्फ एक ही बोलीदाता नहीं होगा, लेकिन भारत इसे बहुत मजबूत दावा बना सकता है। पोलैंड, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, कतर, हंगरी, तुर्कीये, मैक्सिको और मिस्र उन अन्य देशों में शामिल हैं जिन्होंने 2036 ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा व्यक्त की है। 2036 खेलों के मेजबान देश का 2026 से पहले पता नहीं चलेगा। लेकिन यह निश्चित है कि नए आईओसी प्रमुख के 20 मार्च के चुनाव के विजेता की अध्यक्षता के दौरान मेजबान का चयन किया जाएगा। आईओसी अध्यक्ष के रूप में चुनाव लड़ने वाले सात उम्मीदवारों में उन्हें सबसे आगे माना जा रहा है। 68 वर्षीय को दो बार ओलंपिक 1500 मीटर के स्वर्ण पदक विजेता हैं।

